फाल्गुन कृष्ण पक्ष, पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 29 फरवरी 2024
वर्ष-2, अंक-189, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



बच्चों पर निर्भर विज्ञान का भविष्य, देखे सूर्य के धब्बे 16
यामी की 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार 15

## गुजरात समुद्र तट से 3,300 किग्रा मादक पदार्थ जब्त

पोरबंदर/दिल्ली, एजेंसी

- नौसेना और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पांच विदेशी गिरफ्तार

नौसेना, पुलिस और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक संयुक्त अभियान में गुजरात तट के पास अरब सागर में एक नौका से अब तक की नशीले पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती के तहत 3,300 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए। पांच विदेशियों को गिरफ्तार किया गया। यह नौका एक ईरानी बंदरगाह से आई थी। गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यवाई को ऐतिहासिक और देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया है। मछली पकड़ने वाली अपंजीकृत नौका को मंगलवार सुबह अरब सागर में भारतीय तट से लगभग 60 समुद्री मील दूर और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास रोका गया। जब्त किए गए लगभग 3,300 किग्रा प्रतिबंधित सामग्री में 3,110 किग्रा चरस या हशीश, 158.3 किग्रा क्रिस्टल मेथामेफटामाइन और 24.6 किग्रा संदिग्ध हेरोइन है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत 1,300 से 2,000 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है।

## पूरा साल बीता, आरटीई में चयनित 33 हजार बच्चे प्रवेश से वंचित

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ




- सत्र 2023-24 में चयन होने के बाद भी एडमिशन को तरस गए
- अभिभावकों की पसंद-नापसंद पर फोड़ा जा रहा ठीकरा

अमृत विचार : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) की सत्र 2023-24 में जमकर धज्जियां उड़ीं। लखनऊ सहित सभी जिलों में चयनित 33 हजार से अधिक बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश नहीं मिला। चयनितों को एडमिशन न मिल पाने पर बेसिक शिक्षा निदेशालय ने भी चिंता जाहिर की है। जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार औरैया व प्रतापगढ़ ही सिर्फ ऐसे जिले हैं जहां शत-प्रतिशत बच्चे ही एडमिशन करवा सके हैं। सबसे कम 46 प्रतिशत हमीरपुर का डाटा रहा है। सभी जिलों के आकड़ों से पता चलता है कि प्रदेश में 1,34,392 बच्चों का सत्र 2023-24 में चयन हुआ। इसमें 1,00,527 बच्चों को ही एडमिशन मिल सका। बाकी 33 हजार बच्चे वंचित रह गए। अब बेसिक शिक्षा निदेशालय ने अभिभावकों के लिए भी नया नियम लागू किया है।

**एडमिशन न होने के लिए विभाग ने बताए तीन कारण** : विभागीय अधिकारियों के मुताबिक एडमिशन न होने के तीन प्रमुख करण हैं। पहला आरटीई के तहत जब बच्चे का आवेदन किया जाता है तो अभिभावकों की ओर से नजदीक के पांच स्कूलों का विकल्प भी ऑनलाइन भरना होता है। कई बार पहला विकल्प नहीं मिलने पर अभिभावक, बच्चे को अन्य स्कूल में प्रवेश नहीं दिलाते हैं। दूसरा कारण ये है कि जिन हाई प्रोफाइल स्कूल में बच्चों का चयन होता है वह एडमिशन आसानी से नहीं लेते हैं। तीसरा कारण है कि विभाग के अधिकारी बड़े स्कूलों के लिए ज्यादा कार्रवाई में रुचि नहीं लेते हैं।

### राजधानी लखनऊ में हाई प्रोफाइल स्कूलों के आगे अधिकारी बेबस

शैक्षिक सत्र 2023-24 में लखनऊ में हाई प्रोफाइल निजी स्कूल प्रबंधकों के आगे आरटीई अधिनियम बौना साबित हुआ। मझोले और छोटे स्कूलों ने तो चयनित बच्चों को प्रवेश दिया लेकिन सीबीएसई और आईसीएसई से संचालित विद्यालयों ने प्रवेश नहीं दिया। अंत में चयनित 33 .34 प्रतिशत बच्चों को प्रवेश मिला सका। जबकि लखनऊ में 14,883 बच्चे चयनित हुए थे। लेकिन इसमें 9891 बच्चों को ही एडमिशन मिल सका।

### अभिभावकों के लिए बना नया नियम बताना होगा प्रवेश न लेने का कारण

आवेदन में पांच विद्यालयों का विकल्प होता है। यदि उसमें कोई भी विद्यालय मिलता है तो उसमें अभिभावक को अपने बच्चे को प्रवेश दिलाना होगा। यदि एडमिशन नहीं लिया जाता है तो सत्र 2024-25 में एडमिशन के लिए चयनित बच्चे के अभिभावक को एडमिशन न लेने का कारण लिखित रूप में बताना होगा। क्योंकि जिलों से निदेशालय को भेजी गई रिपोर्ट में बीएसए का कहना है पसंद का स्कूल न मिलने पर प्रवेश नहीं कराया गया है।

> आरटीई के तहत चयनित बच्चों का प्रवेश हर हाल में मिले ऐसा विभाग का प्रयास रहता है, लेकिन चयन होने के बाद भी बच्चों का एडमिशन न होना चिंताजनक है। इसकी समीक्षा करते हुए सत्र 2024-25 में तय किया गया है कि अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश दिलाया जा सके। अभी पहले चरण में प्रवेश प्रकिया चल रही है। आवेदन का दूसरा चरण 1 मार्च से शुरू हो जाएगा। – **गणेश कुमार**, संयुक्त शिक्षा निदेशक बेसिक




## अवैध खनन मामले में सीबीआई ने अखिलेश यादव को किया तलब

### मामले में बतौर गवाह सपा अध्यक्ष से केंद्रीय जांच एजेंसी करेगी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 2016 में दर्ज किए गए मामले में 29 फरवरी को पेश होने को कहा
- हमीरपुर जिले में 2012-2016 के बीच का है अवैध खनन मामला

अमृत विचार : सीबीआई ने अवैध खनन मामले में सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को समन भेजा है। अखिलेश यादव को गुरुवार 29 फरवरी को दिल्ली में सीबीआई के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है। बताया जाता है कि उन्हें बतौर गवाह पेश होने के लिए कहा गया है। इसकी जानकारी अखिलेश ने बुधवार को खुद ही लखनऊ में एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम दी। काफी समय से अखिलेश यादव सीबीआई और ईडी को लेकर भाजपा सरकार पर हमलावर रहे हैं। ऐसे में सीबीआई के समन पर उप्र की राजनीति गरमाने वाली है।

हमीरपुर में 2012 से 2016 के बीच हुए अवैध खनन का मामला सामने आया था। इस मामले में सीबीआई ने 2016 में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया था। उसमें हमीरपुर की तत्कालीन डीएम आईएएस बी चंद्रकला, सपा एमएलसी रहे रमेश मिश्र और उनके भाई दिनेश मिश्र तथा समेत 11 लोग नामजद थे। सीबीआई ने बी. चंद्रकला के घर भी छापा मारा था।

आरोप है कि 2012-16 के दौरान, जब यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तो लोकसेवकों ने अवैध खनन की अनुमति दी और खनन पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया। यह भी आरोप है कि अधिकारियों ने खनिजों की चोरी होने दी, पट्टाधारकों और चालकों से पैसे वसूले। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने 2016 में सात मामले दर्ज किए थे। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यालय ने एक ही दिन में 13 परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। उस वक्त उनके पास खनन विभाग भी था। आरोप लगाया था कि यादव ने ई-निविदा प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए 14 पट्टों को मंजूरी दी थी, जिनमें से 13 को 17 फरवरी 2013 को मंजूरी दी गई थी।

### सपा मुखिया को प्रताड़ित करने की कोशिश: अजय राय

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को सीबीआई नोटिस दिए जाने पर कहा कि यह उन्हें प्रताड़ित करने की कोशिश है, पर ऐसी कोशिशों से हम डरने वाले नहीं हैं। प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी यहां कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत होने पर भाजपा प्रहार करती है। यही वजह है सपा मुखिया को सीबीआई की तरफ से नोटिस भेजा गया है।

> अब जब चुनाव आ रहा है तो मुझे फिर से नोटिस मिल रहा है। मैं समझता हूं कि जब चुनाव आएगा तो नोटिस भी आएगा। यह घबराहट क्यों है? अगर पिछले 10 वर्षों में आपने (भाजपा ने) बहुत काम किया है तो फिर आप क्यों घबराए हुए हैं? –**अखिलेश यादव**

सपा प्रमुख का दिल्ली जाने का तो कोई कार्यक्रम नहीं है। वह गुरुवार को लखनऊ में ही पार्टी की कई बैठकों में भाग लेंगे। –**राजेन्द्र चौधरी**, राष्ट्रीय सचिव (सपा)

2310 करोड़ की 144 परियोजनाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण-शिलान्यास

## प्रदेश में जल्द गठित किया जाएगा स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 57 जिलों में साइबर क्राइम थाने और 18 मंडलों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन के थाने शुरू
- आठ जिलों में भ्रष्टाचार निवारण यूनिट, प्रयागराज-कुशीनगर में पर्यटन थानों की शुरूआत

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उप्र में जल्द ही 'स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स' का गठन किया जाएगा। प्रदेश में एसडीआरएफ, जोनल रेंज स्तर पर फॉरेंसिक लैब, फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट, और एसएसएफ का गठन किया गया है। अयोध्या में रामलला के मंदिर की सुरक्षा का दायित्व एसएसएफ ही उठा रही है।

मुख्यमंत्री बुधवार को लोकभवन में आयोजित उप्र पुलिस के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़ी 2310 करोड़ रुपये की 144 परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उप्र पुलिस के व्यवहार में आए बदलाव की भी सराहना की। कहा कि यूनिफॉर्म में अगर आप किसी से शिष्टाचार से बात करते हैं तो उसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जीरो टॉलरेंस की नीति समाज विरोधी, राष्ट्रविरोधी और पेशेवर माफिया के लिए होना चाहिए। कॉमन मैन के लिए संवेदनशीलता और त्वरित न्याय देने का प्रयास होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि उप्र, देश का पहला ऐसा राज्य हो गया है, जिसके पास सभी 75 जनपदों में साइबर थाने होंगे। 18 जनपदों में पहले बनाए गए थे, शेष 57 की बुधवार से शुरूआत की गई है। सभी 1523 थानों में साइबर सेल का गठन किया गया है। अब साइबर क्राइम से जुड़े मामले के लिए जोन और रेंज स्तर पर नहीं जाना होगा, बल्कि थानों पर ही साइबर सेल में शिकायत सुनी जाएगी। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग द्वारा प्रदेश की जनता और पुलिस कार्मिकों को जोड़ते हुए 2310 करोड़ की परियोजनाओं के लिए बधाई दी।

### इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास और लोकार्पण

मुख्यमंत्री द्वारा 21 पुलिस थानों, दो पुलिस लाइन, दो पीएसी वाहिनी, दो यूपी एसटीएफ वाहिनी तथा 35 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष, तीन थानों के प्रशासनिक भवन, 3 थानों के आवासीय भवन, 3 पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन, 34 पुलिस थानों पर हॉस्टल/बैरक/विवेचना कक्ष, 6 पुलिस लाइन में हॉस्टल, 5 एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय के साथ ही 7 अन्य विविध विषयक निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। 75 जनपदों के 1523 पुलिस थानों में साइबर सेल, 57 जनपदों में साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मंडल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाने, 8 जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन इकाई तथा प्रयागराज और कुशीनगर में पर्यटन थाने का लोकार्पण किया गया।

### एक नजर

#### राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों को दी जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों मीसा भारती एवं हेमा यादव को बुधवार को जमानत दे दी। मीसा भारती राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सबसे बड़ी बेटी हैं और राज्यसभा सदस्य हैं। विशेष न्यायधीश विशाल गोगने ने ईडी द्वारा जमानत अर्जी का विरोध नहीं किए जाने पर तीनों को यह राहत दी।

#### महादेव एप से जुड़े मामले में बंगाल में ईडी का छापा

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप से संबंधित धन शोधन मामले में बुधवार को पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की। इस मामले में कथित तौर पर कई उच्च पदस्थ राजनेता और छत्तीसगढ़ के नौकरशाह शामिल हैं। साल्ट लेक में एक व्यवसायी के आवास और कार्यालय सहित राज्य में छह स्थानों पर छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि उत्तर 24 परगना के इच्छापुर में व्यवसायी के एक कर्मचारी के घर और कोलकाता के हातिबागान में एक शेयर कारोबारी के आवास पर भी तलाशी ली गई। बताया कि जांच के तहत मुंबई, पश्चिम बंगाल और दिल्ली-एनसीआर में कुल 15 परिसरों पर छापेमारी की गई।

#### इनामी महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में एक इनामी महिला नक्सली ने बुधवार को सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि कटे कल्याण एरिया कमेटी की नक्सली गंगी मुचाकी ने आत्मसमर्पण कर दिया। मुचाकी के सिर पर एक लाख रुपये का इनाम था।

## सेना को आपूर्ति की दवाओं में सेंधमारी

संवाददाता, आगरा



- गैंग के सरगना सहित 7 गिरफ्तार 40 लाख की दवा बरामद
- दवा की चोरी कर नॉट फॉर सेल मिटाकर बाजार में बेच देते थे

अमृत विचार : दवा माफिया ने सेना में भी सेंधमारी कर डाली। जवानों के लिए उपलब्ध होने वाली दवाइयों को री-पैकेजिंग कर बाजार में बेचा जा रहा था। हरी पर्वत पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बुधवार को इस गैंग का खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 40 लाख रुपये की दवाएं बरामद कीं। गैंग से पैकिंग संबंधी वस्तुएं, नौ मोबाइल फोन, एक कार और 16,300 रुपये भी बरामद किए। इन सभी के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

डीसीपी सिटी सूरज राय ने मीडिया को बताया कि यह गैंग उप्र सहित कई प्रदेशों में सेना को जीवनरक्षक दवाओं की डिलीवरी करता था। पुलिस ने गैंग के मुख्य सरगना फरहान बेग को गिरफ़्तार किया, वह मीर जुम्मा गली, नई बस्ती, कोतवाली का रहने वाला है। उसके साथ महेंद्र कुमार उदवानी निवासी ग्वालियर-मध्यप्रदेश, नीरज राजौर निवासी नाला बूढ़ान सैय्यद-हरीपर्वत, अजय गोयल निवासी बल्केश्वर, संस्कार गुप्ता निवासी बारह भाई गली-छत्ता, प्रवेश राजपूत निवासी शेख बुलाकी-ताजगंज और राजेश भाटिया उर्फ राजा निवासी नार्थ ईदगाह कॉलोनी को गिरफ़्तार किया गया। फरहान बेग से पूछताछ से कई अहम जानकारियां मिली हैं। डीसीपी सिटी ने बताया कि फरहान बेग सेना में दवाइयों की सप्लाई के दौरान सेंधमारी को अंजाम देता था। धोखाधड़ी कर बड़ी मात्रा में दवाएं चोरी कर ली जाती थीं। उन दवाओं पर लिखे नॉट फ़ॉर सेल की चेतावनी को थिनर से मिटाकर डाई से मैन्युफैक्चरिंग की तारीख को हटा कर नई पैकेजिंग कर मन-माफ़िक दाम डाल देते थे।

## 92 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** संगीत नाटक अकादमी ने बुधवार को छह अकादमी फेलो और अभिनेता अशोक सर्राफ, राजीव वर्मा और गायिका बॉम्बे जयश्री सहित 92 कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने की घोषणा की। राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक अकादमी मंचीय कला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कलाकारों को अकादमी फेलो के रूप में चुनती है। अकादमी ने 21 और 22 फरवरी को नई दिल्ली में हुई बैठक में छह प्रतिष्ठित हस्तियों को अकादमी फेलो के रूप में चुना। कला के विभिन्न क्षेत्रा में योगदान के कारण 92 कलाकारों को भी चुना है।

## सड़क हादसे में मां, दो बेटे और बेटी की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराई बाइक शादी से लौट रहे थे गांव

अमृत विचार : बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे बाइक पर सवार मां, दो बेटे और बेटी की मौत हो गई। एएसपी, सीओ नरैनी व कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे।

बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी लाला भइया पत्नी सीमा (38) दो पुत्र रवि (18) व बाबू (6) तथा पुत्री आरती (8) के साथ साले अमित की ससुराल लामा गांव विवाह समारोह में गए थे। बुधवार दोपहर लाला भइया बस से गांव के लिए चले। बेटा रवि अपनी मां सीमा, भाई बाबू और बहन आरती को बाइक से लेकर बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे से गांव लौट रहा था। बेलगांव पुलिस चौकी के पास तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। रवि और बाबू की मौके पर ही मौत हो गई। घायल सीमा व आरती को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा। जहां सीमा और आरती ने भी दम तोड़ दिया। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा, सीओ नरैनी अम्बुजा त्रिवेदी और शहर कोतवाल एके दुबे अस्पताल पहुंचे।

## उत्तराखंड सरकार ने यूसीसी बिल राष्ट्रपति को भेजा

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल को राष्ट्रपति को भेजा है। राष्ट्रपति से स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा चुनाव-2022 में समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा की थी। सरकार बनने के बाद सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। कमेटी ने बीती 2 फरवरी को यूसीसी का ड्राफ्ट सरकार को सौंप दिया था। 7 फरवरी को विधानसभा में यह बिल पास हो गया था। फिर बिल राजभवन को भेजा गया था।

## छह करोड़ की फिरौती न मिलने पर व्यापारी के बेटे की हत्याकर शव को जंगल में फेंका

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

- नोएडा पुलिस ने गजरौला के जंगल में गड्ढे से बरामद किया शव

अमृत विचार : फिरौती नहीं मिलने पर प्रतिष्ठित व्यापारी के पुत्र का अपहरण कर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने व्यापारी के पुत्र के मोबाइल से उसके पिता को मैसेज भेजकर छह करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। नोएडा पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर व्यापारी के बेटे का शव गजरौला में जंगल में गड्ढे से बरामद किया है।

नगर के फ्लाईओवर के पास टीचर्स कॉलोनी में सूर्या इलेक्ट्रॉनिक्स के स्वामी प्रदीप कुमार मित्तल का परिवार रहता है। उनका बेटा यश मित्तल (20 वर्ष) जिला नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के अजायबपुर में बैनेट यूनिवर्सिटी में बीबीए प्रथम वर्ष का छात्र था और वहीं कॉलेज के हॉस्टल में कमरा संख्या 116 में रहता था। उसकी बहन इशिका मित्तल भी इसी कॉलेज में पढ़ती है, लेकिन वह दूसरे हॉस्टल में रहती है।

बताते हैं कि 26 फरवरी की शाम साढे.छह बजे यश हॉस्टल से बाहर गया और उसके बाद वापस नहीं लौटा। वार्डन से जानकारी मिलने के बाद प्रदीप मित्तल मंगलवार को हॉस्टल पहुंचे और इसके बाद थाना दादरी में बेटे के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के मुताबिक यश मित्तल के फोन नंबर से ही प्रदीप मित्तल से छह करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी और कहा गया था कि यदि अपना लड़का चाहिए तो रकम तैयार रखो। फिरौती के लिए फोन भी आए। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद नोएडा पुलिस यश की तलाश में जुटी थी और उसके नंबर को सर्विलांस पर लगाया था। जिसके आधार पर कुछ अहम सुराग मिले। पुलिस व एसओजी ने नगर के तिगरिया भूड़ स्थित एक युवक को उठाया था, उसकी निशानदेही पर फैक्ट्री तेवा एपीआई लिमिटेड के सामने जंगल में एक गड्ढे से यश मित्तल का शव बरामद किया गया।

गड़बड़झाला

नवंबर व दिसंबर में 50 प्रतिशत से भी कम बच्चों ने खाया हॉटकुक्ड मील

## बिना भोजन और राशन के ही सुधर गई बच्चों की सेहत

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की सेहत बिना भोजन और राशन के ही सुधर रही है। जिलों पर नवंबर व दिसंबर में उपलब्ध कराए गए हॉटकुक्ड मील यानी गर्म पका-पकाया भोजन की बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय ने समीक्षा की तो अधिकांश जिलों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों का पोषण ट्रैकर पर पंजीयन अधिक मिला, जबकि भोजन 50 प्रतिशत से भी कम बच्चों ने खाना खाया। पोषण ट्रैकर पर प्रदर्शित बच्चे और आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थिति में बड़ा अंतर है।

### पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों की स्थिति

| लाभार्थी | कुल संख्या | आधार सत्यापित |
|---|---|---|
| छह माह से तीन वर्ष के बच्चे | 95,64,960 | 94,03,642 |
| तीन से छह वर्ष के बच्चे | 87,46,648 | 85,01,542 |
| गर्भवती व धात्री महिलाएं | 28,27,486 | 27,10,595 |
| गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चे | 2,24,828 | 1,90,060 |
| 14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाएं | 2,40,972 | 2,24,328 |

इससे बच्चों का पंजीयन, भोजन और सूखा राशन वितरण में गड़बड़ी की आशंका है। क्योंकि बच्चों का चयन अधिक दर्शाया गया लेकिन, लाभ के समय उपस्थित कम हुए। शेष बच्चे हैं या नहीं या किन कारणों से केंद्रों पर उपस्थित नहीं हुए इसका भौतिक सत्यापन कर पता लगाया जाएगा। निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने सभी जिलाधिकारियों को समिति गठित कर भौतिक सत्यापन के लिए लिखा है।

### महिला, धात्री व बच्चों के आधार सत्यापन भी पंजीयन से कम

लाभार्थी यानी बच्चे, महिलाएं, किशोरी आदि के पंजीयन और सत्यापन में भी झोल है। अधिकांश जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर जनवरी में छह माह से तीन वर्ष के बच्चे, तीन से छह वर्ष के बच्चे, गर्भवती व धात्री महिलाएं, गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चे व 14 से 18 वर्ष की बालिकाएं व किशोरियों का चयन कर पोषण ट्रैकर पर पंजीयन किया गया, लेकिन दर्शाई गई संख्या के सापेक्ष लाभार्थियों का आधार सत्यापन कम है। जबकि आधार सत्यापित लाभार्थियों को ही भोजन, राशन, टीकाकरण, पोषाहार आदि लाभ मिलता है।

- आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थिति कम, पोषण ट्रैकर पर ज्यादा



> पोषण ट्रैकर और बच्चों की उपस्थिति में अंतर है। इसका भौतिक सत्यापन कराने के लिए निदेशक स्तर से पत्र लिखा गया है। जिलों पर सत्यापन होने पर ही कमी पता चलेगी। उसी अनुसार सुधार किया जाएगा। – **ज्योति गौतम**, उप निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय

## एक नजर

### दहेज प्रताड़ना से त्रस्त महिला ने की आत्महत्या

**कानपुर।** जूही थानाक्षेत्र के रत्तूपुर बीबी का हाता निवासी 30 वर्षीय लक्ष्मी ने मंगलवार रात कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। हमीरपुर निवासी भाई सुनील ने बताया कि उसका विवाह सात वर्ष पहले जूही निवासी युवक से हुआ था। शादी के बाद से ही ससुरालीजन उसे पांच लाख रुपये दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करते थे। जिसके चलते वह करीब एक वर्ष पहले मायके आ गई थी। बीती 10 फरवरी को वह ससुराल वापस गई थी। उसके एक बेटी छह वर्षीय आयशा है। थाना प्रभारी ने बताया परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### दोस्त को सॉरी का मैसेज भेजकर दी जान

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में कर्ज से परेशान होकर युवक ने दोस्त को सॉरी का मैसेज करने के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। जिला बांदा चिल्ला अतरहट गांव निवासी 22 वर्षीय अखिलेश कुमार सब्जी विक्रेता था। वह रामादेवी में किराए की दुकान में रहता था। परिवार गांव में रहता है। पुलिस के अनुसार जांच में सामने आया है कि अखिलेश सट्टा खेलता था। जिस कारण से उस पर कर्जा था। मंगलवार रात को वह दुकान में सोने गया था। वहां उसने रस्सी से पंखे के कुंडे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी।

# बर्रा में 4 कंकाल, नरमुंड हड्डियां मिलने से सनसनी

## खाली प्लॉट में मिले, तंत्र-मंत्र होने की जताई जा रही आशंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा थानाक्षेत्र में बुधवार दोपहर एक खाली प्लॉट में 4 नरकंकाल, मानव नरमुंड और हड्डियां मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद नरकंकालों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। नरकंकाल 10-15 साल पुराने बताए जा रहे हैं। नरमुंडों में सिंदूर के निशान मिले हैं। पुलिस की टीमें आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही हैं।

दामोदर नगर स्थित वैष्णो माता मंदिर के पास काफी समय से खाली पड़े एक प्लॉट में दोपहर करीब दो बजे के आसपास नरकंकाल और नरमुंड मिलने से सनसनी फैल गई। भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। एडीसीपी अंकिता शर्मा, एसीपी मंजय कुमार समेत बर्रा थाने का फोर्स मौके पर पहुंच गया। आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ शुरू की गई। स्थानीय लोगों ने अफसरों को बताया कि मंगलवार को प्लॉट में नरकंकाल नहीं थे।


खाली प्लाट में पड़े नरकंकाल, नरमुंड। अमृत विचार

- **नरमुंडों में मिले सिंदूर के निशान, रात में फेंके जाने की आशंका**

बुधवार को अचानक यहां आ गए। लोगों ने तंत्रमंत्र का मामला बताया। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने रात के अंधेरे में इन्हें यहां फेंका। एडीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया यह अवशेष काफी पुराने लग रहे हैं। इनकी वैज्ञानिक तरीके से भी जांच कराई जाएगी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोगों ने बच्चों को घरों के बाहर खेलने से मना कर दिया।

## भतीजों पर मकान कब्जाने की रिपोर्ट

**कानपुर।** नवाबगंज के प्रदीप कुमार झंवर ने कोर्ट के आदेश पर दो भतीजों के खिलाफ नवाबगंज थाने में धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार वह लखनऊ में रहता है। उनके पिता का एक मकान नवाबगंज में है। आरोप है कि उनकी गैर मौजूदगी में भतीजे आलोक और आनंद ने उनके पिता व मां की फर्जी वसीयत बनवाकर उनकी गृहस्थी का सामान निकाल लिया।

जानकारी हुई तो वह मकान पर पहुंचे। आरोप है कि भतीजों ने गालियां दीं। पीड़ित के अनुसार नवाबगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिसपर उन्होंने कोर्ट की शरण में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## ई-रिक्शा मुक्त चौराहा योजना का निरीक्षण

**कानपुर।** डीसीपी यातायात आरती सिंह के आदेश के अनुपालन में जरीब चौकी चौराहा पर ई-रिक्शा मुक्त चौराहा बनाने के लिए ई-रिक्शा एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ टीआई मध्य जोन मनोज कुमार सिंह ने चौराहा का निरीक्षण किया।

# शहर में 10 ईवी चार्जिंग स्टेशन बनेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड और कानपुर नगर निगम ने ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए आपस में हाथ मिलाया है। कंपनी शहर में 5 स्थानों पर 10 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेगी। इसको लेकर बुधवार को कंपनी ने नगर निगम के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि मोतीझील, जापानी पार्क, नगर निगम पार्किंग स्थल जोन-2, म्यूजिकल फाउन्टेन पार्क किदवई नगर और फूलबाग स्थित नानाराव पार्क पार्किंग एवं साकेत नगर के महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि ईवी उपयोगकर्ता आरबीएमएल के ईजी चार्ज मोबाइल ऐप का उपयोग करके इन बिंदुओं का पता लगा सकेंगे। कंपनी के प्रमुख-नार्थ व ईस्ट भारत सौरभ बाटला ने कहा कि कानपुर का विशेष महत्व है क्योंकि कानपुर में इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ रहा है। कानपुर के निवासियों के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को आसानी से सुलभ बनाकर, हमारा लक्ष्य राज्य के टिकाऊ और इलेक्ट्रिक भविष्य के दृष्टिकोण में योगदान करना है, स्वच्छ और हरित वातावरण को बढ़ावा देना है। अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव, मनीष अवस्थी मुख्य अभियंता मौजूद रहे।


नगर निगम में कंपनी के साथ एमओयू के समय नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन व रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड के सौरभ बाटला व अन्य। अमृत विचार

- **रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड और नगर निगम के बीच हुआ एमओयू**
- **5 स्थानों पर बनाया जायेगा ई-चार्जिंग स्टेशन, नगर निगम पहुंचे अधिकारी**

### हर तीन किमी पर स्टेशन की योजना

नगर आयुक्त ने बताया कि शहर भर में कुल पांच स्थानों पर 10 चार्जिंग पॉइंट होंगे। राज्य सरकार का लक्ष्य आगरा, लखनऊ, कानपुर और प्रयागराज सहित नगर निगम शहरों में अतिरिक्त 100 विरासत स्थलों व मथुरा-वृंदावन और वाराणसी-अयोध्या जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर लगभग 200 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना है। शहरों में हर तीन किलोमीटर, राजमार्गों पर हर 25 किलोमीटर और भारी वाहनों द्वारा उपयोग की जाने वाली सड़कों पर हर 100 किलोमीटर पर सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के यूपी सरकार के लक्ष्य के साथ कंपनी काम कर रही है।

## नगर निगम में चिराग तले अंधेरा...


नगर निगम विभाग का परिसर जहां रिकॉर्ड रूम की आवश्यक फाइलें रद्दी बनी वेंडर ट्रॉली पर पड़ी हैं और वहीं पर देश का राष्ट्रीय ध्वज भी पड़ा है। जो विभाग के लापरवाह कर्मचारियों और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्य शैली का प्रमाण दे रहा है। यहीं से गुजरते हैं नगर आयुक्त और महापौर और अपनी गाड़ी से उतर कर अपने अपने कक्ष में जाकर बैठते हैं। जब नगर निगम विभाग के परिसर में ऐसी लापरवाही से कार्य किया जा रहा है, तो क्या नगर आयुक्त और महापौर इसके जिम्मेदार व दोषी नही हैं क्या। अभी तक इन फाइलों पर नगर आयुक्त और महापौर की नजर क्यों नही पड़ी। – मनोज तिवारी

# 13 आवेदकों को दिये नामांतरण पत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए में बुधवार को एक बार फिर नामान्तरण समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 29 आवेदन मिले। जिसमें 13 को नामांतरण पत्र जारी कर दिये गये। इसके साथ ही अन्य आवेदनों में नियमानुसार कार्यवाही करते हुये नामांतरण पत्र जारी करने के अधिकारियों ने निर्देश दिये।

डीएम राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर बुधवार को सुबह 11 बजे से दो बजे तक नामान्तरण समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इसमें विक्रय अनुभाग जोन-1 के 10, विक्रय अनुभाग जोन-2 के 04, विक्रय अनुभाग जोन-3 के 05, विक्रय अनुभाग जोन-4 के 07, विश्व बैंक के 02 एवं किराया सम्पत्ति अनुभाग कर एक प्रार्थना पत्र मिला। प्राप्त आवेदन पत्रों में से विश्व बैंक अनुभाग के एक प्रार्थना पत्र नियमानुसार नामान्तरण स्वीकृत करते हुये नामान्तरण पत्र जारी कर दिया गया। इसके अतिरिक्त पूर्व से प्राप्त नामान्तरण सम्बन्धी प्रार्थना पत्रों में औचारिकतायें पूरी कराते हुये प्राधिकरण अभिलेखों में आवेदकों का नाम दर्ज करते हुये कुल 12 नामान्तरण प्रार्थना पत्र निर्गत किये गये। शेष प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण के लिये सचिव शत्रोहन वैश्य ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया। परीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिये। एसबी राय ने बताया कि नामान्तरण समाधान शिविर में प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों को कम्प्यूटर में दर्ज कराकर आवेदक को रिसीविंग भी दी गई। आगे भी बुधवार को कैंप लगेगा। इस दौरान अतिरिक्त विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला, विधि अधिकारी एसबी राय समेत सभी विक्रय अनुभाग के सह-प्रभारी, लेखाकार एवं योजना लिपिक उपस्थित रहे।


केडीए में नामांतरण शिविर में नामांतरण पत्र दिए गए। अमृत विचार

- **केडीए में बुधवार को फिर लगा नामांतरण शिविर**

# घपलेबाजी में एक और कोटेदार पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में पूर्ति निरीक्षक और उनकी टीम ने सरकारी खाद्य वितरण केन्द्र के कोटेदार के खिलाफ अनाज बांटने में घपलेबाजी करने की एफआईआर दर्ज कराई है। एक दिन पहले भी एक कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

नवाबगंज क्षेत्र खाद्य पूर्ति निरीक्षक रिचा मिश्रा के अनुसार एमआईएस देखने पर पता चला कि नवाबगंज क्षेत्र के बेनाझाबर खाद्य क्षेत्र में कांति देवी की दुकान से अनाज वितरण किया जाता है। जानकारी हुई कि कोटेदार आवश्यक वस्तुओं का वितरण लाभार्थियों के मध्य नहीं कर रहा है। जिस पर वह टीम के साथ 24 फरवरी को दुकान पर पहुंची तो दुकान को बंद पाया। जिस पर उन्होंने कोटेदार कांति देवी को फोन किया। इस दौरान कोटेदार ने बाहर होने की बात कहकर आने से मना कर दिया और साथ ही किसी को भी मौके पर नहीं भेजा। जिस पर टीम क्षेत्र के लोगों को एकत्र कर वीडियोग्राफी करवाते हुए दुकान का ताला तोड़कर अंदर गई। दुकान में सामान के अलावा और कुछ भी नहीं मिला। जबकि स्टॉक के हिसाब से दुकान में 36.08 कुंतल गेंहू, 114.51 कुंतल चावल, 27.87 कुंतल वाजरा, 0.42 कुंतल चीनी अवशेष होना चाहिए था। इससे सिद्ध होता है कि कोटेदार कालाबाजारी करता है। उन्होंने जिलाधिकारी के आदेश पर स्वरूप नगर थाने में कांति देवी खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# टाटा ट्रेनिंग सेंटर में मशीनें नहीं आईं अब 15 मार्च से होगा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** टाटा ट्रेनिंग सेंटर में शॉर्ट टर्म कोर्स का प्रशिक्षण फरवरी से शुरू होना था, लेकिन पूरी मशीनें न आने से इसे आगे बढ़ा दिया गया है। पहले शुरू होने वाले दो शॉर्ट टर्म कोर्स की 54 सीटों के लिए आवेदन पूरे हो गए हैं। युवाओं का प्रशिक्षण 15 मार्च से शुरू होगा। ट्रेनिंग सेंटर में युवाओं को इलेक्ट्रॉनिक वाहन और रोबोटिक्स जैसे कोर्स पर भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पांडु नगर स्थित आईटीआई में टाटा की ओर से ट्रेनिंग सेंटर खोला जा रहा है। इस ट्रेनिंग सेंटर में युवाओं को स्किल संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य रूप से पांच कोर्स के प्रशिक्षण में इलेक्ट्रॉनिक वाहन और रोबोटिक्स भी इन कोर्स में शामिल किया गया है। इसके अलावा कई शॉर्ट टर्म कोर्स को भी यहां कराया जाएगा। इसमें दो शॉर्ट टर्म कोर्स के लिए लगभग 300 आवेदन अब तक आ चुके हैं। इन्हें शॉर्ट लिस्ट कर मार्च से प्रशिक्षण देने की तैयारी संस्थान में शुरू हो गई है। आईटीआई के प्रधानाचार्य डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि ट्रेनिंग सेंटर के शुरू होने की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। 15 से यहां पर प्रशिक्षण शुरू कर दिया जाएगा। यह अपनी तरह का पहला सेंटर है जहां पर युवा भविष्य के वाहन और रोबोटिक्स का प्रशिक्षण हासिल कर सकेंगे।

- **युवाओं को इलेक्ट्रॉनिक वाहन और रोबोटिक्स का मिलेगा प्रशिक्षण**

### 50 कंप्यूटर की होगी लैब

केंद्र में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए 50 कंप्यूटर की लैब बनाई गई है। इस कंप्यूटर लैब में भी रोबोटिक का इस्तेमाल किया जाएगा। रोबोट को बनाना सिखाया जाएगा। इसके अलावा इंडस्ट्रियल एरिया में रोबोट के कार्य करने के नए क्षेत्र भी यहां पर विकसित किए जाने का प्रयास किया जाएगा। ट्रेनिंग सेंटर में युवा रोबोटिक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ट्रेनिंग के अलावा फ्यूचर व्हीकल भी बनाना सीखेंगे। इसके लिए विशेषज्ञों की भी सहायता ली जाएगी। फ्यूचर व्हीकल के अलावा इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल बनाना भी सीखेंगे।

# तेज रफ्तार बाइक सवारों ने ले ली वृद्ध की जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सड़क हादसे में इंजीनियर के पिता की मौत हो गई। उनकी स्कूटी में बाइक सवार तीन छात्रों ने टक्कर मार दी। वे बुजुर्ग को रिक्शे से हैलट अस्पताल ले जाने के लिए चले लेकिन रास्ते में उन्हें छोड़कर फरार हो गए। रिक्शे वाले ने उन्हें हैलट में भर्ती कराया जहा दम तोड़ दिया। आरोपी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र बताए गए हैं।

कल्याणपुर पुरवा नानकारी निवासी 60 वर्षीय रूपचंद खेती किसानी करते थे। उनके एक बेटे सचिन नाइजीरिया में इंजीनियर हैं, वहीं दूसरा बेटा शुभम दक्षिण कोरिया में जॉब करता है। घर में पत्नी पुष्पा हैं। दामाद श्रवण ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे वह घर से किसी काम से रावतपुर जाने के लिए स्कूटी से निकले थे।

आईआईटी के गेट नंबर दो के पास एक बाइक पर सवार तीन इंजीनियरिंग छात्रों ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे वे घायल हो गए। तीनों छात्र भी घायल हो गए। भीड़ ने छात्रों को पकड़ लिया। छात्र उन्हें रिक्शे पर बैठाकर अस्पताल ले जाने की बात कहकर वहां से निकले और रास्ते से फरार हो गए।

- **अस्पताल ले जाने की बात कहकर रास्ते में छोड़कर भाग गए तीन छात्र**

# चार करोड़ के प्लाट खाली कराये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अवैध निर्माण पर बुधवार को केडीए का बुलडोजर गरजा। केडीए वीसी की जनसुनवाई के दौरान मूल आवंटी की शिकायत पर केडीए अधिकारियों ने चैतन्य विहार मैनावती मार्ग बिठूर में प्लॉट संख्या-116 से 120 तक अवैध कब्जा कर बनाई बाउंड्रीवॉल को गिरा दिया।

मूल आवंटी किशोरी लाल ने प्लॉट पर कब्जे होने की शिकायत वीसी से की थी। जिसके बाद केडीए वीसी व डीएम राकेश कुमार सिंह ने जांच के आदेश दिए। शिकायत सही पाई गई, जांच में सामने आया कि चैतन्य विहार में प्लॉट संख्या-116 से 120 तक अवैध कब्जा कर बाउंड्रीवॉल खड़ी कर दी गई थी। प्लाटों की कीमत चार करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। विकास प्राधिकरण जोन-1 प्रभारी डॉ. रवि व अधिशासी अभियंता अजय पवार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। मामले में केडीए अधिकारियों की लापरवाही सामने आई। जनवरी में ही इस मामले में अवैध अतिक्रमण गिराने के आदेश जारी कर दिए गए थे। इसके बाद डीएम राकेश कुमार ने तत्काल ही अधिकारियों को अवैध निर्माण कर मूल आवंटी को प्लॉट पर कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। दल-बल के साथ अधिकारियों ने अवैध कब्जे को ढहाना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता किशोरी लाल को केडीए से प्लॉट नंबर-107 अलॉट था, मौके पर ही उसे कब्जा दिया गया।


चैतन्य विहार में अवैध निर्माण पर कार्रवाई करता केडीए का बुलडोजर। अमृत विचार

- **जोन-1 के तहत मैनावती मार्ग बिठूर में केडीए का बुलडोजर चला, बाउंड्रीवाल गिराई**

चुनाव की तैयारी

कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र अनुसूचित जनजाति की क्षेत्रीय बैठक, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय गोंड आए

# जनजाति वर्ग की बस्तियों में होगा भाजपा का सघन संपर्क संवाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने जनजाति मंत्रालय बना कर दिशा और दशा दोनों को बदलने का ऐतिहासिक कार्य करके मान सम्मान व स्वाभिमान दिलाने का कार्य किया। यह बात बुधवार को भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की अनुसूचित जनजाति की क्षेत्रीय बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी सहित सभी अनुसूचित जनजाति वर्ग को देश की मुख्य धारा से जोड़ा।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय गोंड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए 400 कार्यात्मक और 700 स्वीकृत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की। वहीं, पीएम मुद्रा योजना के तहत 40 करोड़ का ऋण प्राप्तकर्ताओं में से 50 फीसदी से अधिक का ऋण एससी-एसटी, ओबीसी उद्यमियों को दे कर देश के विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। सरकारी संस्थानों में जनजाति वर्ग के लिए अनेक योजनाएं तो चलाईं साथ ही साथ हमारे वर्ग के लोगों को शासन सत्ता व संगठन में भी उचित प्रतिनिधित्व देने का काम किया। वहीं, अपराध एवं अत्याचार से पीड़ित अनुसूचित जनजाति वर्ग के परिवारों को सम्मान दिलाया। इसके साथ ही 85 हजार से से लेकर 8.30 लाख तक की आर्थिक सहायता एवं अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को निशुल्क आवास प्रदान करने के लिए 261 छात्रावास संचालित किए गए। इस दौरान बैठक में तय किया गया कि भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अंतर्गत सभी 10 लोकसभा सीटों पर कार्यकर्ता जनजाति वर्ग की बस्तियों में सघन संपर्क संवाद करेगी। जिसके माध्यम से वर्ग के नागरिकों को पीएम की एक-एक योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताएंगे। बैठक की अध्यक्षता जनजाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष रजनीश कंजर व संचालन प्रदेश महामंत्री विद्याभूषण गिहार ने किया।

बैठक में जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष घासीराम सहरिया, महावीर गोंड, प्रदेश मंत्री आशीष कोल, क्षेत्रीय महामंत्री अजय गिहार, गोपाल सहरीया, राम बाबू गिहार, राजेश गिहार, सुनील गिहार, धर्मेंद्र गिहार, अर्जुन गिहार, जिला अध्यक्ष अनूप चौधरी आदि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार

## युवा तीसरी बार मोदी को बनाना चाहता है पीएम

**कानपुर।** भाजपा युवा मोर्चा कौशलपुरी मंडल की ओर से वार्ड पांच जवाहर नगर में मंडल अध्यक्ष अंकित मिश्रा की अध्यक्षता में युवा चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिवांग मिश्रा और क्षेत्रीय भाजपा पार्षद आलोक पांडे ने युवा चौपाल कार्यक्रम में मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। इसके साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूरा देश चाहता है कि पीएम मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें। विपक्षी दलों का गठबंधन पूरी तरह से फेल होना तय है। मंडल अध्यक्ष अंकित मिश्रा ने कहा कि देश की युवा शक्ति पीएम मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएगी। इस दौरान निशाल वर्मा, भास्कर दीक्षित, सर्वज्ञ पंडित, स्पर्श, गौरव तिवारी, संदीप शर्मा, हर्ष, आकाश, अंकित दीक्षित, विकास, वंश, कृष्ण सोनकर आदि रहे।


मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिवांग मिश्रा।

# एक लाख का इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अपराध करके 32 दिनों से फरार चल रहे एक लाख के इनामिया हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। टीम उसे कानपुर ला रही है। अजय ठाकुर बर्रा थाने से हत्या के प्रयास के मामले में वांछित है।

जरौली निवासी हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर ने जनवरी माह में अभय भदौरिया, अर्पित ठाकुर, शिवांग, अभय, टोबो समेत आठ लोगों ने मिलकर अपना दल एस के तीसरी बार के जिलाध्यक्ष बने नवीन श्रीवास्तव के स्वागत जुलूस में पथराव कर दिया था। दूसरा मामला एक किशोरी का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल कर रहा था। तबसे आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर पहले 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके बाद राशि बढ़ाकर 50 हजार कर दी गई थी। तब भी सुराग न मिलने पर इनाम की राशि को बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया था। इसी हिस्ट्रीशीटर ने जरौली में रहने वाली नाबालिग से तीन मार्च 2023 को उसके इंस्टाग्राम के दोस्त विनय ठाकुर के साथ मिलकर एक हुक्काबार में बुलाकर गैंगरेप किया था। पुलिस के अनुसार अजय ठाकुर की उम्र 32 वर्ष बताई जाती है। उसके खिलाफ 22 से ज्यादा गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। वह नेताओं के साथ तस्वीरें वायरल करता है।


अजय ठाकुर।

**आज का मौसम**
तेज धूप खिली रहेगी। तेज हवा भी चलेगी

26.4⁰ अधिकतम तापमान | 12.6⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 33 | सूर्यास्त 06 : 09

## शहर में आज

- **यात्रा :** करौली शंकर महादेव धाम करौली की ओर से निकाली गई दंडवत यात्रा यशोदा नगर से सुबह नौ बजे से
- **वर्कशॉप :** भाषा, कला और कल्चर पर एकदिवसीय वर्कशॉप डीएवी कॉलेज में 9 :30 बजे।
- **कार्यक्रम :** महिला संघ द्वारा मातृछाया गुरुकुलम में सामुहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम बिठूर में 12 बजे।
- **ज्ञापन :** झांसी में संत रविदास व डॉ .आंबेडकर की प्रतिमाएं तोड़ने पर डीएम को ज्ञापन 12 बजे।
- **गोष्ठी :** कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की अप्रत्सक्षकर पर अध्ययन गोष्ठी आयकर भवन में शाम 4 बजे।

# सावधान! कहीं मलबा न तोड़ दे 'मोहब्बत का मकान'

- चुनाव से पहले एलआईयू की रिपोर्ट ने अधिकारियों को चेताया
- 21 स्थानों पर पत्थरों के ढेर पड़े, 18 क्षेत्र अति संवेदनशील
- नगर निगम को अभियान चलाकर पत्थरों को हटाने के निर्देश दिए

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के संवेदनशील और अति-संवेदनशील इलाकों की सड़कों पर पड़े ईंट-पत्थर (मलबा) शहर के सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ सकते हैं। ऐसा हम नहीं, एलआईयू की रिपोर्ट कह रही है। लोकसभा चुनाव से पहले खुफिया एजेंसी ने अपनी ताजी रिपोर्ट में यह जिक्र करके उच्च अधिकारियों को चेता दिया है। विभाग को शहर के 18 अति संवेदनशील क्षेत्रों में 21 स्थानों पर बड़ी मात्रा में ईंट-पत्थरों का ढेर मिला है। आशंका जताई है कि यदि माहौल बिगड़ा तो इस मलबे का दुष्प्रयोग किया जा सकता है।

अपर पुलिस उपायुक्त (अभिसूचना) राजेश कुमार श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी कानपुर नगर को पत्र लिखकर कहा है कि शहर सांप्रदायिक दृष्टिकोण से अति संवेदनशील है। शहर में पूर्व में सांप्रदायिक हिंसा की कई घटनाएं हुई हैं। जिसके चलते आपसी विश्वास में कमी के साथ ही कटुता में वृद्धि हुई है। पलायन, छोटी सी घटना पर भी सांप्रदायिक तनाव पैदा होना, त्योहारों पर और एक-दूसरे से बढ़-चढ़कर कार्यक्रम आयोजित करने का प्रयास व मानसिकता में वृद्धि हुई है। एलआईयू की रिपोर्ट के अनुसार सांप्रदायिक सद्भाव प्रभावित होने की स्थिति में उग्र भीड़ विभिन्न क्षेत्रों, गलियों में पड़े ईंट-पत्थरों व मलबा का प्रयोग पत्थरबाजी में रूप में कर सकती है। इसलिये मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों, गलियों में पड़े ईंट-पत्थरों के ढेर व मलबा को हटवाया जाना जरूरी है।



कर्नलगंज थानांतर्गत चौराहे के निकट पड़ा ईंट-गुम्मे का ढेर। अमृत विचार

### नगर निगम को मलबा हटाने के लिये दी सूची

अपर पुलिस उपायुक्त (अभिसूचना) राजेश कुमार श्रीवास्तव की ओर से डीएम के साथ ही नगर आयुक्त नगर निगम को भी पत्र भेजा गया है। इसमें सूची भेजते हुये कहा गया है कि जहां-जहां मलबा पड़ा है उसे हटाया जाये। ताकि यह मलबा कानून व्यवस्था के लिये समस्या न बन सके।

### इन स्थानों पर पड़ा है मलबा

**कोतवाली थाना**
- शिवाला तिराहा से संगम लाल तिराहा जाने वाले मार्ग पर
- राम मोहन हाता गेट के सामने
- मेस्टन रोड बीच वाले मंदिर के सामने नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा के पास
- मेस्टन रोड मरकज मस्जिद के सामने लगे बड़े वाले ट्रांसफर्मर के पास
- दयानंद विधि विद्यालय गेट के पास दीवार के किनारे

**बाबूपुरवा**
- महमूदिया मस्जिद अजीतगंज थाना क्षेत्र बाबूपुरवा के निकट
- बगाही ईदगाह बेगमपुरवा मस्जिद के मुख्य गेट के सामने
- शीबा इलेक्ट्रानिक के सामने
- बगाही ईदगाह की बाउंड्री के निकट
- मारफूल इस्लाम मस्जिद खटिकाना के सामने वाली गली के अंदर
- वारसी चिकन दरबार बाकरगंज रोड

**बेकनगंज थाना**
- हमदर्द दवाखाना के सामने नई सड़क बेकनगंज
- एहसान हॉल के सामने पानी की टंकी के पास
- चीना पार्क के पास
- राधा कृष्ण मंदिर के पास कार्यस्थाना रोड
- अकरम मस्जिद के पास
- प्राइमरी स्कूल के पीछे दलेलपुरवा

**रावतपुर थाना**
- बड़ा शिव मंदिर मसवानपुर दक्षिणी दिशा के पास
- खुशालेश्वर मंदिर के सामने निर्माणाधीन पुलिया के पास
- सैय्यद बाबा मजार मोड़ सैय्यद नगर
- शिवकुमारी इंटर कॉलेज के सामने खाली पड़े मैदान में मसवानपुर

### यह बन सकता है हिंसा का कारण

एलआईयू की रिपोर्ट के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय व स्थानीय मुद्दों को लेकर तीव्र प्रतिक्रिया लोग देते हैं जो सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती हैं। इसके अलावा लोकसभा चुनाव भी सिर पर है।

### रिपोर्ट के अनुसार यह अति-संवेदनशील क्षेत्र

बजरिया, बेकनगंज, चमनगंज, कर्नलगंज, अनवरगंज, मूलगंज, चकेरी, कल्याणपुर, बाबूपुरवा, किदवई नगर, रायपुरवा, रेलबाजार, जाजमऊ, परमपुरवा थानाक्षेत्र व जूही, रावतपुर गांव, मसवानपुर अति-संवेदनशील क्षेत्र हैं।

## धर्म परिवर्तन के मामले में जमानत अर्जी खारिज

**कानपुर।** बहला- फुसला कर धर्मपरिवर्तन कराने के मामले में बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश (21) विनय सिंह की अदालत ने अभियुक्त मौलाना सैय्यद शाह उर्फ मो. शाद की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। एडीजीसी विवेक शुक्ला ने बताया कि नाबालिग पीड़ित को प्रलोभन व लालच देकर धर्म परिवर्तन किया गया था। पीड़ित को मस्जिद में कलमा पढ़ाकर धर्म परिवर्तन किया गया।

पुलिस की जांच में सामने आया कि अभियुक्त ने धर्म परिवर्तन करने पर लाभ होने, जन्नत मिलने की बात कही थी। तर्क में कहा गया कि प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करना किसी व्यक्ति विशेष के प्रति ही नहीं, समाज और राष्ट्र के प्रति भी अपराध है। वहीं बचाव पक्ष की ओर से तर्क दिया गया कि अभियुक्त बेगुनाह है उसे फंसाया गया है। एफआईआर में पीड़ित को किसी प्रकार की न तो प्रताड़ना देना कहा गया और न ही कोई कष्ट देने या चोट आना बताया गया है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

## एक नजर

### एक मार्च को आएंगे क्लस्टर प्रभारी वीरेंद्र खटिक



**कानपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री एवं क्लस्टर प्रभारी वीरेंद्र खटिक एक मार्च शुक्रवार को कानपुर में रहेंगे। वह सुबह ग्यारह बजे मर्चेंट चेंबर हॉल में कानपुर लोकसभा क्षेत्र की संचालन समिति, कोर कमेटी एवं विधानसभाओं की संचालन समिति के साथ बैठक कर चुनाव प्रबंधन की रणनीति तैयार करेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे जयनारायण विद्या मंदिर इंटर कालेज में अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। शाम को सात बजे आनंदेश्वर मंदिर में दर्शन, पूजन करेंगे। यह जानकारी कानपुर लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने दी।

### यातायात नियमों को लेकर किया जागरूक

**कानपुर।** विकास नगर स्थित एक इंटर कॉलेज में एसीपी यातायात सृष्टि सिंह की उपस्थिति में यातायात जागरूकता शपथ अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यशाला में टीएसआई पश्चिम जोन मुनेन्द्र प्रताप सिंह व सेक्टर प्रभारी टीएसआई हरवीर सिंह ,टीएसआई कुलदीप पांडेय, महिला सिपाही अफसाना बानो व स्टॉफ मौजूद रहा।

### वेतन के लिए जोमेटो कर्मचारियों का प्रदर्शन

**कानपुर।** बुधवार को काकादेव में जोमेटो कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। आरोप है कि उन्हें सैलरी कम दी जा रही है। डिलीवरी ब्वॉय मनोज शर्मा ने बताया कि उन्हें सैलरी कम दी जाती है। इससे नाराज होकर करीब 70 जोमेटो कर्मचारियों ने एवन मार्केट के बाहर धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारी दीपू पाठक ने कहा कि कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। रात-दिन काम करते हैं लेकिन परिवार का खर्च निकालना भी कठिन हो रहा है। उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन लोगों की मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझाकर शांत कराया।

- रेलबाजार में बुधवार भोर पहर हुई वारदात
- देर रात अपने साथ ले गया था विरोधी, की नशेबाजी

# हिंदू-मुस्लिम एकता संगठन के महामंत्री की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर हिंदू मुस्लिम एकता संगठन के महामंत्री की रॉड और ईंट पत्थरों से सिर कूंचकर नृशंस हत्या कर दी गई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। महामंत्री के भाई की तहरीर पर एक नामजद समेत दो से तीन अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


मोहम्मद इमरान।

रेलबाजार के बर्तन वाली गली निवासी 44 वर्षीय मोहम्मद इमरान ट्रक बॉडी का काम करते थे। वह रेलबाजार की हिंदू मुस्लिम एकता संगठन के महामंत्री थे। परिवार में पत्नी शबनम, मां शकीना खातून और तीन बच्चे आफरीन, मायरा और अफीफा हैं। वह पांच भाइयों में तीसरे नबंर के थे। भाइयों ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाले दबंग अफ्फान कुरैशी से पूर्व में कई बार विवाद हो चुका था। इस बात को लेकर वह रंजिश मानता था। उन लोगों ने बताया कि मंगलवार रात करीब 11 बजे अफ्फान ने इमरान को फोन कर साथ में चलने के लिए कहा था पर उन्होंने एक जन्मदिन पार्टी में होने की बात कही। भाइयों ने बताया कि कुछ देर बाद अफ्फान साथियों के साथ घर पहुंचा और इमरान को अपने साथ लेकर कार से चला गया। कार में ही जमकर नशेबाजी हुई। इसके बाद बुधवार भोर चार बजे के आसपास रेल बाजार में चाचा मोहम्मद असलम के घर के सामने अफ्फान ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर इमरान के सिर पर लोहे की रॉड और ईंट-पत्थरों से ताबड़तोड़ कई वार किए। चीखें सुनकर चचेरा भाई अरशद बाहर आया। जिसके शोर मचाने पर अफ्फान अपने तीन अन्य साथियों के साथ कार से भाग निकला। परिजनों ने बताया कि अरशद की सूचना पर वह लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को घटना की जानकारी देकर इमरान को कांशीराम हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात की जानकारी होने पर एडीसीपी लखन यादव मौके पर पहुंचे। एडीसीपी पूर्वी लखन यादव ने बताया कि मृतक के भाई रिजवान की तहरीर पर अफ्फान और तीन अज्ञात साथियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।


वारदात की जानकारी देते परिजन। अमृत विचार

- रॉड और ईंट पत्थरों से सिर कूंचकर नृशंस हत्या

उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर किसी भारी चीज से प्रहार करने पर हड्डियां टूटी मिली हैं, अधिक रक्तस्त्राव से मौत होने की पुष्टि हुई है। इमरान के भाइयों ने बताया कि अफ्फान शातिर अपराधी है। वह चकेरी के पिंटू सेंगर हत्याकांड में हत्यारोपी फैसल का सगा भाई है।

### घर पहुंचा अफ्फान बोला, मार दिया, जल्दी भागो

सूत्रों ने बताया कि अफ्फान का भाई फैसल पिंटू सेंगर हत्याकांड में आरोपी होने के कारण जेल में है। अफ्फान भी रेलबाजार में अपना वर्चस्व कायम किए हुए था। कोई भी उससे टक्कर नहीं लेता था। सूत्रों ने बताया कि हत्या को अंजाम देने के बाद अफ्फान कार से अपने घर पहुंचा और परिजनों को जगाया। उसने बोला कि मार दिया उसको, अब जल्दी घर बंद करके सभी लोग भाग निकलो। इस पर परिजन ताला डालकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने दबिश दी, जहां उसे ताला लटकता मिला।

### इमरान का फोन नहीं लगा

परिजनों का कहना था कि अफ्फान से इमरान का पूर्व में कई विवाद हो चुके थे। अफ्फान के बुला ले जाने के बाद कुछ ठीक नहीं लगा। इस कारण घंटे भर बाद से ही इमरान को फोन करने लगे थे। भाइयों ने बताया कि लेकिन उनका फोन ही नहीं लगा।

### इमरान इलाके के थे चहेते

इलाकाई लोगों का कहना था कि वह सबकी इज्जत करते थे। लोगों के साथ खड़े होते थे। उनकी छवि अच्छी थी। यही कारण था कि वह हिंदू मुस्लिम एकता संगठन के महामंत्री के साथ-साथ रेलबाजार रामलीला कमेटी के सदस्य भी थे।

### सीसीटीवी की मदद से एक गिरफ्तार

डीसीपी पूर्वी एसके सिंह ने बताया कि हत्या के मामले में खपरा मोहाल रेल बाजार निवासी मो. शोएब को गिरफ्तार कर लिया गया है। परिवार वालों ने उसे मारपीट करते हुए देखा था। सीसीटीवी की मदद से शोएब की गिरफ्तारी की गई है। पूछताछ में शोएब ने बताया कि उसने नशे की गोली खाई थी। बताया बुधवार भोर करीब 4 बजे रेल बाजार स्थित आर्य कन्या स्कूल के सामने अफ्फान ने अपने साथियों के साथ इमरान को लोहे की रॉड और धारदार हथियार से मारा था।

## 19 घंटे शव रख प्रदर्शन के बाद मानीं मांगें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अयोध्या ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से हो गई थी मौत

**अमृत विचार।** 22 जनवरी को अयोध्या में लगी ड्यूटी के दौरान ई बस चालक की हार्टअटैक से मौत के मामले में 19 घंटे तक शव रखकर धरना प्रदर्शन करने के बाद बस सेवा प्रबंधन ने परिजनों की मांगों को माना।

पिपरगंवा निवासी 40 वर्षीय सुरेन्द्र पाल ई बस चालक थे। अयोध्या में उनकी डयूटी लगाई गई थी। 21 फरवरी को डयूटी के दौरान सुरेंद्र को हार्टअटैक आया था। 22 फरवरी को परिजनों ने उन्हें कार्डियोलॉजी में भर्ती कराया था। जहा पर मंगलवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। जिसके बाद परिजन शाम छह बजे मृतक का शव लेकर ई बस डिपो पहुंचे थे और मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया था। परिजनों के साथ पूर्व सांसद राजाराम पाल, फतेह बहादुर और पार्षद पति मनोज यादव भी वहीं पर शव रखकर धरने पर बैठ गए थे। बुधवार सुबह परिवार की महिलाओं ने बस डिपो के अधिकारियों को कॉलर से पकड़ घसीटा। करीब 19 घंटे तक धरना देने के वाद ई बस सेवा के अधिकारियों ने परिजनों से बात की। परिजनों को पांच लाख रुपये, वेतन के रूप में प्रति माह 15 हजार पांच साल तक देने और बच्चों की पढ़ाई का खर्चा देने का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजनों ने धरना खत्म कर दिया।

## आज चलेंगी तेज हवाएं, आंधी भी आ सकती

**कानपुर।** फरवरी बीतने को है और मौसम का मिजाज समझ नहीं आ रहा। गर्मी शुरू होने के बाद बारिश-ओले पड़ चुके हैं। अब दो दिन से फिर ठंडी हवा चलने लगी है। रात का तापमान निरंतर कम-ज्यादा हो रहा है। मार्च में भी बारिश के आसार जताए गए हैं।

मौसम विभाग की ओर से गुरुवार को तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया गया है। विभाग की ओर से यह भी अंदेशा जताया गया है कि शहर में 34 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि बुधवार को अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.6 सेल्सियस रहा। गुरुवार को मौसम में गर्माहट बनी रह सकती है।

# बड़ा चौराहा-नवीन मार्केट ट्रैक निर्माण शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के पहले कॉरिडोर (आईआईटी से नौबस्ता) के अंतर्गत निर्माणाधीन चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन में टनल निर्माण के साथ ट्रैक निर्माण का कार्य तेज हो गया है। नयागंज से बड़ा चौराहा मेट्रो स्टेशन के बीच लगभग एक किमी लंबे भूमिगत टनल के 'अपलाइन' और 'डाउन लाइन' में ट्रैक निर्माण पूरा करने के बाद बुधवार को बड़ा चौराहा से नवीन मार्केट के बीच ट्रैक स्लैब की ढलाई शुरू कर दी गई है। इससे पहले यहां रेल पटरियों को बिछाने और उनके वेल्डिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी।

मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि ट्रैक निर्माण के लिए सर्वप्रथम रेल पटरियों को लोअर यानी नीचे उतारा जाता है। निर्माणाधीन चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन के पास कट आउट से रेल की पटरियों को और उन्हें वेल्ड करने के लिए एफबीडब्लू (फ्लैश बट्ट वेल्ड) प्लांट को जमीन के नीचे उतारा गया था। इसके बाद बड़ा चौराहा से नवीन मार्केट स्टेशन तक लगभग 516 मी लंबे 'अपलाइन' टनल में रेल की पटरियों के वेल्डिंग और उन्हें बिछाने की प्रक्रिया पूरी की गई।



नवीन मार्केट मेट्रो स्टेशन के बीच शुरू हुआ ट्रैक निर्माण का कार्य। अमृत विचार

### गिट्टी-रहित ट्रैक का प्रयोग

भूमिगत मेट्रो में भी बैलास्ट-लेस (गिट्टी-रहित) ट्रैक का प्रयोग किया जा रहा है। इसमें रखरखाव की कम से कम आवश्यकता पड़ती है, साथ ही इसका जीवन-चक्र भी काफी लंबा होता है। कंपन और शोर को अवशोषित करने के लिए ट्रैक में मास स्प्रिंग सिस्टम का प्रयोग किया गया है।

**चुनावी चखचख** | जीत के जातीय समीकरण रखते हुए नेतृत्व को पत्र भेजा गया

# कांग्रेस में ब्राह्मण या वैश्य प्रत्याशी की मांग

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सपा से गठबंधन के बाद कांग्रेस में टिकट को लेकर मारामारी शुरू हो गयी है। पूर्व विधायक अजय कपूर की दावेदारी को हल्का करने के लिए दो विरोधी दावेदारों आलोक मिश्रा और पवन गुप्ता ने हाथ मिला लिया है। दोनों के समर्थकों ने पवन गुप्ता की मौजूदगी में मॉलरोड स्थित उनके कार्यालय में बैठक की। बैठक में कहा गया कि ब्राह्मण और वैश्य बहुल कानपुर संसदीय क्षेत्र में या तो ब्राह्मण या फिर वैश्य मजबूती से चुनाव लड़ सकता है। यह बात कांग्रेस के यूपी प्रभारी महासचिव अविनाश पांडे की जानकारी में लायी जा चुकी है।

बुधवार को कानपुर के पूर्व सांसद नरेश चंद्र चतुर्वेदी के पुत्र वीरेंद्र चतुर्वेदी और मदनगोपाल सिंह राखड़ा के नेतृत्व में माल रोड में आयोजित बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने कांग्रेस नेतृत्व से मांग रखी कि इस बार जमीनी कार्यकर्ता को ही टिकट दिया जाए और टिकट केवल ब्राह्मण या वैश्य प्रत्याशी को ही दिया जाए। कानपुर में ब्राह्मण और वैश्य वोट बहुतायत में है। इसलिए टिकट ऐसे व्यक्ति को दिया जाए जो अपने समाज का वोट लाकर कानपुर में कांग्रेस को जीत दिलवा सके। कांग्रेस जनों ने मीटिंग में तय करके कांग्रेस नेतृत्व को पत्र भी भेजा जिसमें कानपुर के सभी आंकड़ों को मजबूती से रखा गया। बैठक में बृजेश शर्मा, पवन गुप्ता, दिनेश बाजपई, अजय तिवारी आदि थे। उधर तिलकहाल में वार्ड कोआर्डिनेटरों की नियुक्ति और बूथ कमेटियों के गठन को लेकर सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के वार्डों के अध्यक्षों संग बैठक हुई। अध्यक्षता नौशाद आलम मंसूरी ने की। इस बैठक में 16 वार्ड अध्यक्ष उपस्थित हुए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रवार बैठकें होंगी और उसके बाद नाम घोषित किए जाएंगे। सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र का ब्लूप्रिंट तैयार करके चर्चा की गयी।


कांग्रेसियों ने बैठककर रणनीति बनाई। अमृत विचार

- अजय को कमजोर करने को आलोक-पवन का पैंतरा

# पं. विनोद को संगीत नाटक अकादमी अवार्ड

विशेष संवाददाता कानपुर

**अमृत विचार।** ध्रुपद-धमार गायिकी में देश-दुनिया में उत्कृष्ट स्थान रखने वाले पंडित विनोद कुमार द्विवेदी को केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें 6 मार्च को इस पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। कानपुर के रहने वाले पंडित विनोद कुमार द्विवेदी ने ध्रुपद-धमार गायिकी के क्षेत्र में शहर और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने करीब 1200 छात्रों को गुरु-शिष्य परंपरा से सिखाया।

केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी के सचिव राजू दास ने बताया कि यह सम्मान वर्ष 2023 के लिए दिया जा रहा है। इस सम्मान में कलाकार को एक लाख रुपये की सम्मान राशि, ताम्रपत्र एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया जाता है। पंडित विनोद कुमार द्विवेदी यह सम्मान प्राप्त करने वाले कानपुर के पहले कलाकार हैं। पंडित द्विवेदी ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन के वरिष्ठ कलाकार हैं। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत पर आधारित लगभग 600 ध्रुपद, धमार, खयाल, चतुरंग, भजन और गीत रचनाएं लिखीं और संगीत संग्रह की हैं। वर्तमान में वह कानपुर के रंजना देवी संगीत महाविद्यालय के निदेशक के रूप कार्यरत हैं। ध्रुपद केंद्र कानपुर के गुरु भी हैं। पंडित द्विवेदी को ध्रुपद धमार के साथ ही खयाल, भजन, ठुमरी, गीत, और चतुरंग पर भी निपुणता हासिल है। उन्होंने देश और विदेशों में कई शो किए हैं। उनके छात्र अंकित तिवारी और शिवम पाठक बॉलीवुड में बहुत अच्छा कर रहे हैं।


शहर के पंडित विनोद द्विवेदी को मिला पुरस्कार। अमृत विचार

- ध्रुपद गायिकी में कानपुर के पहले कलाकार को मिला है यह सम्मान

हेलो डाक्टर
बच्चों के स्वास्थ्य से सम्बन्धित समस्याओं के लिए करें सवाल!
मौसम में बदलाव के कारण बच्चों में बुखार, खासी जुखाम, सांस फूलना, शरीर में दर्द, पेट में दर्द, उल्टी, जी मिचलाना, दस्त लगना, भूख न लगना और पैर में दर्द जैसी समस्याओं के हल के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के शिशु रोग विभाग के सीनियर रेसिडेंट डा0 राहुल चतुर्वेदी से करें सवाल।

दिनांक 29 फरवरी दिन गुरुवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805701

# नहर में गिरी कार, 14 घंटे बाद मिला चालक का शव

## बिधनू-किसान नगर मार्ग पर हुआ हादसा, रात से दोपहर तक चला सर्च ऑपरेशन, हादसे में एक युवक को बचाया गया

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** बिधनू-किसान नगर मार्ग पर मंगलवार की देर रात पुल के अंधे मोड़ पर एक कार नहर में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने रात में ही सर्च ऑपरेशन चालू कर दिया, जिसमें एक युवक को सलामत बचा लिया गया, मगर कार चालक का शव ढूंढने में 14 घंटे लग गए। उसका शव घटनास्थल से करीब 50 मीटर की दूरी पर मिला। पुलिस मामले को हादसा ही मान रही है, जबकि परिवार वालों को हादसे पर कतई यकीन नहीं है।


शोहित यादव।

बताते हैं कि गुजैनी थाना क्षेत्र के मेहरबान सिंह का पुरवा के रहने वाले शोहित यादव (26) के पिता की दो साल पहले कैंसर से मौत हो चुकी है। उसने पिछले महीने 25 जनवरी को अपनी मां गुड़िया के नाम से कार खरीदी थी। वह कार किराए पर ले जाता था और उसी से अपने परिवार का गुजारा करता था। मंगलवार को पड़ोसी गांव पिपरी का अमन किराए पर कार लेकर रूरा एक तिलक समारोह में गया था। तिलक समारोह में शामिल होने के बाद अमन को अपने मित्र बृजेंद्र यादव की शादी में मझावन जाना था। हादसे में सलामत बचे अमन के मुताबिक रूरा से दोनों लोग मझावन जाने के लिए निकले। रात करीब 10:20 बजे शार्टकट रास्ता पकड़ कर किसान नगर होते हुए मझावन जा रहे थे, तभी लोहे के पुल के पास अंधे मोड़ पर कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। हादसे के बाद अमन ने ही पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर सूचना दी। उसने बचाने की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही बिधनू थाने की पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने अमन को निकाल लिया, जबकि शोहित का कुछ पता नहीं चला। रात अधिक होने पर फायर ब्रिगेड की टीम लौट गई। बुधवार की सुबह पुलिस ने फिर तलाश शुरू की। गांव वालों के साथ गोताखोर दोपहर तक नहर में तलाश करते रहे। घटना के 14 घंटे बाद घटनास्थल से करीब 50 मीटर की दूरी पर शोहित का शव बरामद हो गया। शव बरामद होने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।


बदहवास मां गुड़िया को संभालते लोग। अमृत विचार


नहर में कार चालक की तलाश करते गोताखोर। अमृत विचार


नहर में गिरने से क्षतिग्रस्त हुई कार।

### मां को हादसे पर यकीन नहीं, हत्या का शक

हादसे की सूचना मिलते ही शोहित की मां गुड़िया बदहवास हालत में परिवार वालों के साथ मौके पर पहुंच गई। उसे शुरू से अंत तक हादसे पर यकीन नहीं हुआ। रोते-बिलखते वह बार-बार यही कहती रही कि यह हादसा नहीं, बल्कि बेटे की साजिश के तहत हत्या की गई है। उसने हत्या का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।

### बारा टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज पर विरोधाभास

हादसे और हत्या के बीच उलझे इस मामले की पड़ताल करने के लिए बिधनू पुलिस बारा टोल प्लाजा तक दौड़ी। बिधनू इंसपेक्टर प्रेमचंद्र कनौजिया हादसे में बचे अमन को लेकर बारा टोल प्लाजा गए और वहां के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। इंसपेक्टर का कहना है कि टोल प्लाजा के कैमरे में दोनों साथ दिखे, जबकि बारा टोल प्लाजा के मैनेजर नीरज त्रिपाठी का कहना है कि जो कार हादसाग्रस्त हुई, वह आखिरी बार 18 फरवरी को यहां से गुजरी थी।

### हादसे के समय शराब के नशे में था अमन

हादसे के समय अमन शराब के नशे में था। बिधनू थाना प्रभारी प्रेमचंद्र कनौजिया ने भी इसकी पुष्टि की। उनका कहना है कि नशे में अकेले अमन ही नहीं बल्कि शोहित भी था। उन्होंने बताया कि रूरा से लौटते समय दोनों ने रनियां में शराब खरीदी, जिसका ऑनलाइन पेमेंट किया। इसके सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद हैं। शराब के नशे में होने के कारण ही हादसा हुआ है। उन्होंने हत्या के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सब साफ हो जाएगा।

### कार के अंदर मिले चालक के जूते और मोबाइल

बिधनू पुलिस ने क्रेन की मदद से जब कार को बाहर निकाला तो कार चालक की ओर का दरवाजा लॉक था। कार के अंदर ही शोहित का मोबाइल और जूते बरामद हुए। नहर में इतना पानी नहीं है कि कार पूरी तरह डूब सके। शोहित का मोबाइल फोन बिल्कुल सलामत है। उसमें पानी बिल्कुल नहीं पहुंचा, फिर शोहित कार से बाहर कैसे निकला? यह बिंदु हादसे पर सवाल खड़ा कर रहा है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। फिलहाल मामला सदेह के घेरे में है।

# लवकुश मिस्टर और काव्या मिस स्फूर्ति बनीं


विजेता छात्र छात्राएं पुरस्कार और प्रमाण पत्र के साथ। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में विजेताओं को दिए पुरस्कार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में बुधवार को दो दिनी खेल प्रतियोगिता स्फूर्ति के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के दौरान मिस्टर स्फूर्ति का खिताब लवकुश यादव और मिस स्फूर्ति का खिताब काव्या पाण्डेय ने जीता। मिस्टर फ्रेशर जंगेश कुमार रहे तो मिस फ्रेशर वैष्णवी चतुर्वेदी को चुना गया।

दूसरे दिन हुए आयोजन की शुरुआत संस्थान के निदेशक डॉ. गोविंदन नलनकिल्ली ने किया। बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में लवकुश पादव प्रथम, जिगनेश थाकरे ने द्वितीय स्थान पर आए। बालिक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में काव्या पाण्डेय ने प्रथम, वैष्णवी ने द्वितीय स्थान पर जगह बनाई। बालक वर्ग के शॉट पुट में जिगनेश प्रथम, संजय द्वितीय स्थान पर रहे। बालिक वर्ग के शॉट पुट में नेहा यादव प्रथम, काव्या पाण्डेय ने द्वितीय स्थान पर जगह बनाई।

बालक वर्ग के डिस्कस थ्रो में अमन कुमार प्रथम, लवकुश यादव द्वितीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग के डिस्कस थ्रो में नेहा यादव प्रथम, आस्था अस्थाना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग के जैवलिन थ्रो में अखंड प्रताप प्रथम, लवकुश यादव द्वितीय स्थान पर आए। बालिका वर्ग के जैवलिन थ्रो में नेहा यादव प्रथम, स्मिता सिंह द्वितीय स्थान पर रहीं।

# युवती को खींचा तो शोहदे को पीटा

कार्यालय संवाददाता कानपुर।



- टाटमिल चौराहे पर स्थित गैन्जेस मार्केट में हंगामा
- गुजैनी में भी महिला से अश्लीलता कर मारापीटा

**अमृत विचार।** चमनगंज की रहने वाली एक युवती से गैन्जेस मार्केट में छेड़छाड़ की गई। इसके बाद युवती और अन्य लोगों ने शोहदे को जमकर पीटा। आस-पास के लोगों ने बीचबचाव किया। युवती ने आरोपी के खिलाफ रेलबाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

युवती ने पुलिस को बताया कि वह टाटमिल चौराहे पर स्थित गैन्जेस मार्केट में चूल्हा और मिक्सर लेने गई थी। जहां कुछ देर बाद शोएब नाम का लड़का उसे टॉयलेट में हाथ पकड़कर खींचने लगा। अश्लील इशारे किए। युवती ने बताया कि वह इतना घबरा गई कि वहीं पर शोर मचाते हुए बेहोश हो गई। इस दौरान अन्य युवतियों और लोगों ने शोएब को पीटना शुरू कर दिया। इससे मजमा लग गया। लोगों ने बेहोश युवती के मुंह पर पानी डालकर होश में लाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। होश में आने के बाद युवती ने परिजनों को सूचना दी।

इसके बाद युवती ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इस संबंध में रेलबाजार थाना प्रभारी ने बताया कि युवती की तहरीर पर आरोपी शोएब के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरी ओर गुजैनी थानाक्षेत्र में काम से घर वापस लौट रही महिला से एक युवक ने अश्लील हरकत की। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसे मारापीटा और जान से मारने का प्रयास किया।

गुजैनी की एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि वह रोज की भांति अपने काम से वापस घर आ रही थी तभी योगेश नाम के युवक ने उससे अश्लील हरकत करते हुए छेडछाड़ शुरू कर दिया और हाथ पकड़ लिया। इस दौरान उसे मारापीटा। गुजैनी थाना प्रभारी ने बताया कि योगेश के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट और धमकाने में रिपोर्ट दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया गया है।

# दुष्कर्म पीड़िता ने किया हंगामा

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र की रहने वाले एक महिला बुधवार को पुलिस ऑफिस पहुंची और अपने साथ दुष्कर्म की जानकारी पुलिस को बयां की। बताया कि नौबस्ता पुलिस आरोपी को गिरफ्तार न करके उसे टरका रही है। पुलिस ऑफिस के अफसर पर भी कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। महिला सीपी ऑफिस के गेट पर बैठकर हंगामा करने लगी।

दुष्कर्म पीड़िता ने बताया कि एक युवक ने शादी का झांसा देकर काफी दिन तक उसका शारीरिक शोषण किया। आरोप है कि उसका गर्भपात भी कराया। नौबस्ता थाने में एफआईआर कराई पर गिरफ्तारी नहीं हो रही है। पुलिस को आरोपी की लोकेशन देती है तब भी गिरफ्तार नहीं करती।

# बड़ी आंत का तीन चौथाई भाग निकाल बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ट्यूमर होने से मल व गैस नहीं हो रही थी पास

**अमृत विचार।** दो माह से मल व गैस पास नहीं होने से 55 वर्षीय महिला काफी परेशान थी। उन्होंने निजी अस्पताल में इलाज व जांच कराई, जहां कोई आराम नहीं मिला। तब परिजन महिला को लेकर हैलट पहुंचे। प्राचार्य व गैस्ट्रो सर्जन ने टीम के साथ बुधवार को महिला का लेप्रोस्कोपी विधि से ऑपरेशन किया, जो छह घंटे चला। ऑपरेशन में बड़ी आंत का तीन चौथाई भाग निकालकर उनकी जान बचाई।


4के मॉनीटर पर लेप्रोस्कोपी से ऑपरेशन करते प्राचार्य प्रो. संजय काला, साथ में डॉ.आरके जौहरी व उनकी टीम के सदस्य। अमृत विचार

फतेहपुर निवासी 55 वर्षीय महिला को करीब छह माह पहले पेट में दर्द की समस्या होना शुरू हुई तो पहले तो उन्होंने नजरअंदाज किया। कुछ माह बाद पेट में अधिक दर्द और मल त्याग में तकलीफ होने पर उन्होंने डॉक्टर पति को जानकारी दी। कुछ दिन इलाज चला। उसके बाद करीब दो माह पहले उनको मल व गैस पास करने में काफी अधिक दिक्कत होने लगी। तब उन्होंने पास के एक अस्पताल में कोल्पोस्कोपी कराई, जहां पर उनकी रिपोर्ट स्पष्ट नहीं आ सकी। उनका पेट फूलने लगा था। तभी उन्होंने कुछ दिन पहले हैलट अस्पताल की ओपीडी में गैस्ट्रो सर्जन डॉ.आरके जौहरी से परामर्श लिया। डॉ.जौहरी ने महिला की जांच कराई, जिसमें बड़ी आंत में ट्यूमटर होने की पुष्टि हुई। उन्होंने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला को अवगत कराते हुए ऑपरेशन की तैयारी की। बुधवार को प्राचार्य प्रो. संजय काला, गैस्ट्रो सर्जन डॉ.आरके जौहरी, डॉ.अभिषेक गौड़, डॉ.विशाल उपाध्याय और डॉ.नेहा ने लेप्रोस्कोपी विधि की मदद से महिला का ऑपरेशन किया। प्राचार्य ने बताया कि 4के मॉनीटर और लेप्रोस्कोप विधि से महिला का ऑपरेशन किया गया है। बड़ी आंत में कैंसर होने से महिला को मल व गैस पास करने में दिक्कत हो गई थी। ऑपरेशन के दौरान महिला की बड़ी आंत का तीन चौथाई हिस्सा बाहर निकालकर जान बचाई गई है। क्योंकि कैंसर ने उस पूरे हिस्से को प्रभावित कर दिया था। महिला के पाखाने का रास्ता अलग से बनाया गया है। एक माह बाद फिर से ऑपरेशन किया जाएगा। एक माह बाद कीमोथेरेपी दी जाएगी।

# सड़क किनारे गड्ढे में गिरे किसान की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घर लौटते समय एक किसान अंधेरे के कारण सड़क किनारे गहरे गड्ढे में गिर गया जिससे उशकी मौत हो गई। काफी देर तक वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन ढूंढने निकले। तब उनके गड्ढे में गिरने का पता चला।


रामनाथ।

चौबेपुर थानाक्षेत्र में चकसंभरपुर निवासी 55 वर्षीय रामनाथ किसान था। बड़े भाई जयराम और बेटे शक्तिमान ने बताया कि वह मंगलवार रात करीब आठ बजे कासामऊ से रामनगर होते हुए चकसंभरपुर जा रहे थे। इसी दौरान अंधेरे के कारण संपर्क मार्ग के किनारे गहरे गड्ढे में चले गए। जहां साइकिल उन्हीं के ऊपर गिर गई। वह रात नौ बजे तक घर नहीं पहुंचे तो लोग टार्च लेकर ढूंढते हुए गड्ढे के पास पहुंचे।

जहां वह पड़े हुए थे। निकालकर पास के अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बेटे शक्तिमान, अजय व बेटी काजल का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं इस संबंध में जब चौबेपुर थाना प्रभारी का सीयूजी मिलाया गया तो वह बंद बताता रहा।

# पर्यटन मित्र शहर की खूबियों की करेंगे ब्रांडिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मुस्कुराए संस्था की मेट्रो के साथ टूरिज्म यात्रा

**अमृत विचार।** सामाजिक संस्था मुस्कुराए कानपुर की ओर से कानपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को कानपुर मेट्रो के साथ टूरिज्म यात्रा का आयोजन किया गया। मोतीझील से आईआईटी और वापस मोतीझील तक मेट्रो ट्रेन के अंदर यात्रा के दौरान कानपुर पर्यटन पर टॉक शो भी आयोजित हुआ जिसमें शिक्षक, चिकित्सक, एडवोकेट, प्रबंधक, सामाजिक संगठन, महिला समूह, युवा एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

टॉक शो के दौरान असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पर्यटन विशेषज्ञ डॉ. सुधांशु राय ने कहा कि शहर का हर वर्ग अपने कार्यों में अत्यंत व्यस्त है, परंतु वह अपने परिवार के साथ कुछ समय खुशी के व्यतीत करना चाहता है। जिसमें पर्यटन एक महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान कर सकता है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा कानपुर दर्शन पर्यटन यात्रा की शुरुआत की गई है जो कानपुर के समस्त पर्यटन स्थलों की सैर कराएगी। उन्होंने कहा मुस्कुराए कानपुर के टूरिज्म क्लब के अंतर्गत पर्यटन मित्र बनाए जाएंगे जिनका मुख्य कार्य सोशल मीडिया द्वारा कानपुर पर्यटन की ब्रांडिंग करना होगा। वरिष्ठ उद्यमी मनोज बंका ने कहा कानपुर में पर्यटन को विकसित करने में मेट्रो एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुस्कुराए कानपुर टूरिज्म क्लब एवं कार्यक्रम संयोजिका शिखा शुक्ला ने कहा कानपुर अपने ऐतिहासिक महत्व की दृष्टि से पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित होने की संभावना रखता है। परिवर्तन के अनूप द्विवेदी ने कहा धार्मिक, शैक्षिक पर्यटन के स्थल जैसे जेके मंदिर इस्कॉन मंदिर बिठूर के धार्मिक स्थल, सीएसजेएम विश्वविद्यालय आईआईटी इत्यादि कानपुर शहर में उपलब्ध है। मनोज शुक्ला ने कहा हमें इन स्थलों की मार्केटिंग की आवश्यकता है।



मुस्कुराए कानपुर संस्था ने पर्यटन के बढ़ावे पर चर्चा की। अमृत विचार

कानपुर मेट्रो के निहाल पाठक ने कहा ग्रीन पार्क विजिटर गैलरी, फूलबाग का लाइट एवं साउंड शो स्पोर्ट्स हब, बोट क्लब विजिटर को अपनी ओर आकर्षित करने की क्षमता रखते हैं। मुस्कुराए कानपुर की डॉ कामायनी शर्मा ने कहा पर्यटन के प्रोत्साहन में सोशल मीडिया सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# साइबर ठगों ने खातों से उड़ाये दो लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** साइबर ठगों ने अलग-अलग थानाक्षेत्रों में पीड़ितों के खातों से लाखों रुपये पार कर दिए। पीड़ितों ने शिकायत साइबर सेल के साथ ही संबधित थानों में की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चकेरी गांधी ग्राम निवासी अनिल निगम के अनुसार 25 जनवरी को खुद को बैंक का कर्मचारी बताकर साइबर ठग ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर उनका मोबाइल हैक कर लिया और खाते से चार बार में पचास हजार रुपये पार कर दिए।

इसी प्रकार स्वरूप नगर निवासी जितेन्द्र कुमार के अनुसार उनका खाता आईसीआईसीआई बैंक में है। 26 फरवरी को उनके खाते से तीन बार में एक लाख रुपये कट जाने का मैसेज आया। इसके बाद पीड़ितों ने मामले की शिकायत साइबर सेल थाने के साथ ही संबंधित थानों में की। गोविंद नगर के रामआसरे नगर निवासी राहुल कुमार ने बताया कि इंडियन बैंक में उनका खाता है। साइबर ठगों ने तीन बार में उनके खाते से 27 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव से गुहार लगाई। जिसके बाद गोविंद नगर पुलिस ने प्रविन कुमार और अज्ञात नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

**आयोजन** सीएसजेएमयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी में 400 शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे, कई राज्यों के विशेषज्ञ करेंगे चर्चा

# नई शिक्षा नीति की चुनौतियों पर दो दिन होगा मंथन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में नई शिक्षा नीति विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुक्रवार से शुरू होगी। इस संगोष्ठी में नीति को लागू करने की चुनौतियों व फायदों पर विशेषज्ञ मंथन करेंगे। संगोष्ठी में 400 शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इनमें लगभग 150 शोध पत्र ऑनलाइन होंगे। गोष्ठी में शिरकत करने के लिए कई राज्यों से विशेषज्ञ शिरकत करने आ रहे हैं। वे प्रमुख आठ बिंदुओं पर चर्चा करेंगे।

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के डिपार्टमेंट ऑफ लाइफलॉन्ग लर्निंग एंड एक्सटेंशन तथा भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद की ओर से इस संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी की अध्यक्षता उच्च शिक्षा मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी योगेन्द्र उपाध्याय, राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री प्रदेश सरकार रजनी तिवारी प्रमुख रूप से शिरकत करेंगे।


संगोष्ठी के बारे में जानकारी देते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय पाठक साथ में प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी व कुल सचिव अनिल कुमार यादव। अमृत विचार

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने बताया कि दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश भर के विभिन्न शोधार्थी और शिक्षकों की ओर से नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी। इस सेमिनार का उद्देश्य भारत की समृद्ध दार्शनिक और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की परिवर्तनकारी क्षमता पर गहराई से विचार करना है।

### बौद्धिक मंच मिलेगा

वार्ता के दौरान विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि यह संगोष्ठी शिक्षा में विभिन्न हितधारकों के बीच रचनात्मक बातचीत के लिए एक बौद्धिक मंच प्रदान करेगी। यह एनईपी 2020 के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इसी तरह संयोजक डॉ. मानस उपाध्याय ने बताया कि एनईपी 2020 के सिद्धांतों का उपयोग करके शैक्षिक प्रणाली को फिर से मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।

### सेमिनार के आठ प्रमुख बिन्दु

- न्यू एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) 2020 : संभावनाएं, चुनौतियां और कार्यान्वयन रणनीतियां
- आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना : एनईपी से भविष्य की चुनौतियों के लिए युवाओं का पोषण करना
- स्थानीय आवाजों को मुखर बनाना : सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के लिए एनईपी को अपनाना
- वैश्विक युग में कौशल विकास : अनिवार्यताएं और महत्व
- शैक्षणिक प्रशिक्षण में आईसीटी की भूमिका
- खोई हुई परंपराओं को पुनर्जीवित करना
- आधुनिक संदर्भ में भारतीय इतिहास और संस्कृति को पुनर्जीवित करना
- स्वदेशी ज्ञान प्रणाली : भारतीय शास्त्र और सामाजिक प्रासंगिकता

KANPUR MUNICIPAL CORPORATION
(Under Kanpur Smart City)
Nagar Nigam Mukhyalay, 3rd Floor, Moti Jheel, Kanpur - 208002
Phone – +91 512 2541258, 2546194
e-mail : ksclkanpur@gmail.com

NOTICE INVITING TENDER

The Municipal Commissioner, Kanpur Municipal Corporation Invites Tenders for the below mentioned work under Smart City Mission:-

| Sr. No. | Name of Project | Tender Fees Non-Refundable | Earnest Money Deposit | End Date for Bid Submission | Technical Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Furniture Work at Senior Care Centre, Kanpur. | ₹ 2,000.00 + ₹ 360.00 (18% GST) | ₹ 43,526.00 | 06.03.2024 at 15:00 Hrs. (IST) | 06.03.2024 at 17:00 Hrs. (IST) |

a) Tender documents can be downloaded from the e-tendering website – http://etender.up.nic.in (in Kanpur Municipal Corporation tenders).
b) Bidders are requested to submit the Tender Fee in the form of DD/Bankers Cheque & EMD in form of FDR/TDR issued in favor of **"Chief Executive Officer, Kanpur Smart City Limited"** Payable at **Kanpur** and receipts are to be attached and deposited with Technical Bid Documents.
c) The deadline for Hard/Physical Copy Submission of Technical Bid documents is **same as end date for bid submission.**
d) Any corrigendum will be published at https://etender.up.nic.in only.
e) For more details & queries contact Chief Executive Officer, KSCL address- CEO, Kanpur Smart City Limited (KSCL), Conference Room, Third Floor Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Telephone No. 0512-2541258, Manager (Technical) Mob. No. 08601800828 and through e-mail. ksclkanpur@gmail.com.

**Municipal Commissioner/Chief Executive Officer**
**Kanpur Municipal Corporation/Kanpur Smart City Limited**

## एक नजर

### रात में हुई 7 परीक्षा केंद्रों में छापेमारी

**कानपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान बुधवार रात को 7 परीक्षा केंद्रों में छापेमारी की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में टीम ने श्रीमति माया देवी बालिका इंटर कॉलेज, मोहन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, खालसा गर्ल्स इंटर कॉलेज, डीएमयू इंटर कॉलेज व आर्य कन्या इंटर कॉलेज सहित अन्य केंद्रों में छापा मारकर इंतजाम परखा। परीक्षा केंद्रों के कंट्रोल रूम में बिजली व सुरक्षा व्यवस्था को परखा गया। केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए कि वे किसी भी सूरत में बोर्ड की ओर से जारी किए गए नियमों के प्रति लापरवाही न बरतें।

### टूंडला में दो मिनट रुकेगी ट्रेन

**कानपुर।** रेल प्रशासन की ओर से एक मार्च से पुरी आनंद विहार एक्सप्रेस को टूंडला में भी ठहराव का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन स्टेशन पर दो मिनट रुकेगी। ट्रेन का यह ठहराव अभी प्रायोगिक तौर पर होगा। यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो इसे आगे भी जारी रखा जाएगा।

### पेट्रोल पंप कर्मी की हादसे में मौत

**कानपुर।** फजलगंज थानाक्षेत्र में राजापुरवा सर्वोदय नगर निवासी 48 वर्षीय पेट्रोल पंप कर्मी की सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि रविवार को गुमटी शराब ठेके के पास से पैदल अपने घर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और भाग गया। टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे हैलट पहुंचाया। हैलट में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद पत्नी माया का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डबल इंजन नेताओं को नहीं दिखता 367 करोड़ का खंडहर

## वर्ष 2009 से अब तक नहीं बन पाया पांडुनगर में निर्माणाधीन बीमा अस्पताल, इमारत हो गई खंडहर, लाए गए कीमती उपकरण भी खराब हो गए

**अंधेरनगरी, चौपट नेता**

विकास कुमार , कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर में श्रमिकों की संख्या अधिक होने पर पांडु नगर में वर्ष 2007 से 367 करोड़ की लागत से एक और बीमा अस्पताल के लिए निर्माण कार्य शुरू हुआ, लेकिन निर्माण अभी तक पूरा नहीं हो सका। डबल इंजन वाले जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारी भी इस अस्पताल को भूले बैठे हैं। हालत यह है कि 2009 से काम बंद पड़ा है। छह मंजिला इमारत खंडहर हो गई और कीमती उपकरण सड़-गल गए। 80 हजार बीमा कर्मी इलाज के लिए धक्के खा रहे हैं।

पांडु नगर स्थित बीमा अस्पताल परिसर में 289 करोड़ रुपये की लागत से कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकारियों ने ईएसआईसी का मेडिकल कॉलेज बनाने का निर्णय लिया था। वर्ष 2006 में निर्माण एजेंसी भी फाइनल कर दी गई थी। लेकिन बाद में मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के मानक के तहत जमीन कम होने पर इस निर्णय को बदलना पड़ गया। इसके बाद ईएसआईसी के अधिकारियों ने डेंटल कॉलेज खोलने का फैसला लिया। तभी बोर्ड ने कामगारों के पैसे से डेंटल कॉलेज बनाने के फैसले पर एतराज जताया और इसे पैसों की बर्बादी का करार दिया। ईएसआईसी बोर्ड की बैठक में निर्णय बदलने के बाद अधिकारियों ने यहां पर पैरामेडिकल स्टॉफ की कमी दूर करने के लिए ईएसआईसी का नर्सिंग कॉलेज खोलने का फैसला लिया। वर्ष 2007 में दिल्ली की एक निर्माण एजेंसी ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया। लेकिन कुछ दिनों बाद अधिकारियों ने अपने खुद के फैसले को भी पलट दिया और नर्सिंग कॉलेज भी नहीं बन सका। इसी बीच भाजपा सरकार ने कानपुर में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल खोलने का निर्णय लिया। तत्कालीन केंद्रीय श्रम मंत्री बंगारू दत्तात्रेय ने छह अक्टूबर 2016 को सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की आधारशिला भी रखी, जो बिल्डिंग 289 करोड़ में बननी थी, उसकी लागत बढ़कर 367 करोड़ रुपये हो गई। कुछ दिन काम में तेजी चलने के बाद वर्ष 2009 में कार्य पूरी तरह बंद हो गया। तब से इस इमारत का स्ट्रक्चर बनकर तैयार खड़ा है। लेकिन जनप्रतिनिधियों, श्रम विभाग और कर्मचारी राज्य बीमा निगम के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई कवायद नहीं की जा रही है। ऐसे में बीमित रोगियों और श्रमिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वह इलाज को हैलट, उर्सला, कांशीराम अस्पताल समेत अन्य सरकारी अस्पताल दौड़ रहे हैं और निर्माणाधीन बिल्डिंग खंडहर हो रही है।

**कर्मचारी खुद जाते अन्य अस्पताल :** पांडु नगर बीमा अस्पताल के पीछे सरकारी क्वार्टर बने हैं। यहां पर रहने वाले कुछ लोगों का कहना है कि जब उनकी या घर के किसी अन्य सदस्य की तबीयत खराब होती है तो वह हैलट या निजी अस्पताल में इलाज कराने जाते हैं। क्योंकि बीमा अस्पताल में सभी प्रकार की जांच और दवा आदि की सुविधा नहीं है। डॉक्टर भी समय पर नहीं आते हैं और मनमर्जी से पूरा अस्पताल का संचालन कर श्रमिकों का पैसा बहाया जा रहा है।



पांडुनगर बीमा अस्पताल में इमारत खंडहर हो रही। अमृत विचार

- जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे निर्माणाधीन अस्पताल पर ध्यान
- पहले ईएसआईसी का मेडिकल कॉलेज बनना था, नहीं बना
- डेंटल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज की भी बात उठी, कुछ नहीं हुआ
- अक्टूबर 2016 में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की आधारशिला रखी
- छह मंजिला इमारत लगभग तैयार लेकिन 2009 से बंद पड़ा है काम

**06** मंजिला इमारत में रह रहे हैं कबूतर और कुत्ते

**367** करोड़ रुपये लग गए निर्माण में

**289** करोड़ रुपये थी शुरुआत में लागत

**80** हजार लोगों को मिलना था लाभ

### यूपी से लेकर दिल्ली तक उठा मुद्दा

भाजपा सांसद सत्यदेव पचौरी ने लोकसभा के शीतकालीन सत्र में वर्ष 2021 में कहा था कि तीन सौ बेड का नया सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल भवन अधूरा पड़ा है। इसमें करीब 80 हजार कर्मचारियों और श्रमिकों को मिलने वाली इलाज की सुविधाएं ठप हैं। सांसद ने विभागीय मंत्री को पत्र के माध्यम से स्थिति अवगत कराई थी। इसके अलावा दिल्ली से ईएसआईसी मुख्यालय से अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण भी किया था, लेकिन उसके बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका।



भवन से गिर रहे कांच।

### निर्माण से पहले आए उपकरण हो गए खराब

- पांडु नगर में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का निर्माण होने से पहले ही भवन निर्माण एजेंसी ने अत्याधुनिक उपकरणों को खरीद लिया था, जिसमें एसी प्लांट, वेंटीलेटर, आईसीयू के उपकरण, बड़े जनरेटर सेट, ट्रांसफार्मर आदि थे। ये उपकरण भी रखे-रखे खराब हो गए। बिल्डिंग में भी काई जमने लगी है। अब यह बिल्डिंग कबूतर खाना और कुत्तों का घर बनकर रह गई है।

### नेता जी बोले



तीन सौ बेड सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के भवन निर्माण का कार्य अधूरा है। इसमें करीब 80 हजार कर्मचारियों और श्रमिकों को मिलने वाली इलाज की सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। लोकसभा के शीतकालीन सत्र वर्ष 2021 में विभागीय मंत्री को पत्र से स्थिति बताई गई थी।

**– सत्यदेव पचौरी , भाजपा सांसद कानपुर नगर**



इसके लिए 2021 में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव से मिले थे। तब केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ने समस्या का समाधान करने और बीमित व श्रमिक मरीजों को इलाज में लाभ दिलाने का अश्वासन दिया था। अब तक कुछ नहीं हुआ।

**सुरेंद्र मैथानी, भाजपा विधायक, गोविंद नगर**



पांडु नगर बीमा अस्पताल के परिसर में अधूरे पड़े निर्माण कार्य के संबंध में विधानसभा में याचिका दायर की जा चुकी है। साथ ही इसे हैलट को स्थानांतरण करने की मांग भी की जा चुकी है। विधानसभा में होने वाली अगली बैठक में फिर से यह मामला उठाया जाएगा।

**– अमिताभ बाजपेयी, सपा विधायक, आर्य नगर**



शिलान्यास के बाद भी अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा नहीं होना गंभीर बात है। शिलान्यास के बाद निर्माण कार्य क्यों बंद किया गया, यह सवाल विधानसभा में उठाया जाएगा ताकि निर्माण कार्य पूरा हो सके और श्रमिकों व बीमित लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

**– मोहम्मद हसन रूमी सपा विधायक, कैंट**

# मनचाहे स्कूल के चलते छूटा प्रवेश का मौका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मनचाहे स्कूल में प्रवेश की चाह के चलते इस बार 2,273 लोगों के हाथों से पहले चरण में प्रवेश का मौका छूट गया। आरटीई के तहत इस बार शहर 400 में से 81 स्कूल ऐसे हैं, जिनमें सीटों के मुकाबले कई गुना अधिक आवेदन किए गए थे। 26 फरवरी को लॉटरी आने के बाद विभाग की ओर से निजी स्कूलों को पत्र भेजे जाने शुरू हो गए है। माना जा रहा कि मार्च के पहले सप्ताह से स्कूलों में प्रवेश शुरू हो जाएंगे।

आरटीई के तहत इस बार पहली प्रवेश की सूची से सबसे अधिक आवेदन बाहर हुए हैं। इस बार यह आंकड़ा 2200 से पार चला गया। इससे पहले के वर्षों में कभी यह 1700 से अधिक नहीं रहा था। पहले चरण में प्रवेश की दौड़ से बाहर होने वाले सत्यापित आवेदनों की बढ़ी संख्या को जानकार मनचाहा स्कूल मान रहे हैं। उनका कहना है कि अभिभावकों की ओर से इस बार कुछ चुनिंदा स्कूलों में अधिक आवेदन किए गए। आवेदनों के मुकाबले सीटे कम होने की वजह से आवेदनों को सॉफ्टवेयर ने बाहर कर दिया। आरटीई की लिस्ट में कई स्कूल ऐसे भी रहे जिनमें एक-एक सीट पर 15 से 17 आवेदन आए थे। अब लॉटरी से बाहर हुए आवेदक दोबारा दूसरे चरण में प्रयास करेंगे।

**पत्र भेजा जाना शुरू:** लॉटरी के बाद शिक्षा विभाग की ओर से निजी स्कूलों को प्रवेश संबंधी पत्र भेजा जाना शुरू हो गया है। ग्रामीण आंचल के सभी स्कूलों को पत्र भेजे जा चुके हैं। इन पत्रों में निजी स्कूलों को प्रवेश लेने संबंधित आदेश के साथ ही लाभार्थी बच्चों का पूरा ब्योरा भी शामिल है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार तक सभी निजी स्कूलों को पत्र भेज दिए जाएंगे। इसके बाद प्रवेश शुरू कर दिए जाएंगे।




- आरटीई में 81 स्कूलों के लिए सबसे अधिक हुए आवेदन दूसरे चरण का इंतजार
- लॉटरी के बाद अब शिक्षा विभाग से निजी स्कूलों को भेजे जा रहे पत्र

### स्कूल पहुंचने लगे अभिभावक

लॉटरी निकलने के बाद अभिभावक स्कूलों में पहुंचने लगे। बुधवार को लगभग दो दर्जन स्कूलों में पहुंचे अभिभावकों को खाली हाथ वापस आना पड़ा। इसकी वजह स्कूलों को बच्चों के नामों की सूचना न मिलना रहा। कई अभिभावक विभाग में स्कूल की शिकायत करने पहुंचे। उन्हें अधिकारियों की ओर से प्रक्रिया बताई गई।

# गले का संक्रमण, खांसते-खांसते फूल रही सांस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोगों में गले का संक्रमण प्रतिदिन फैलता जा रहा है। लोगों के सिर में दर्द के साथ बुखार आने की भी समस्या हो रही है। संक्रमण की वजह से लोगों की खांसते-खांसते सांस तक फूलने लग रही है।

हैलट और उर्सला अस्पताल की ओपीडी में बुधवार को खांसी, जुकाम, वायरल बुखार, गले में संक्रमण और सिर में तेज दर्द से पीड़ित करीब 120 मरीज इलाज कराने पहुंचे। मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में 18 नए सांस और 45 मरीज पुराने सांस रोगी इलाज कराने पहुंचे, जिनमें से आठ मरीजों को भर्ती करना पड़ गया। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण लोग वायरल की चपेट की चपेट में आ रहे हैं, जिस कारण उनको सीने में जकड़न, सांस लेने में दिक्कत और कमजोरी की समस्या हो रही है। ऐसे छह मरीज हैलट इमरजेंसी में भर्ती हुए। हैलट ओपीडी में आने वाले मूलगंज निवासी सतीश को मेडिसिन विभाग में परामर्श देने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में जांच के लिए भेजा। इनके अलावा आवास विकास निवासी रूबी को भी गले में खराश, सांस लेने में अधिक दिक्कत होने पर मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल भेजा गया। क्योंकि मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में अस्थमा व सीपीओडी के मरीजों के लिए अलग ओपीडी संचालित है। मेडिसिन विभाग के प्रो.एसके गौतम ने बताया कि गले में संक्रमण के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। तापमान में हो रहे बदलाव के कारण यह समस्या है। मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल के विभागाध्यक्ष डॉ.संजय वर्मा ने बताया कि इस मौसम में अस्थमा व सीओपीडी के मरीजों को सावधान रहने की जरूरत है। शरीर व मस्तिष्क में ऑक्सीजन की कमी से गंभीर समस्या हो रही है। कई मरीज खांसते-खांसते सांस अधिक फूलने की समस्या भी बता रहे हैं। उर्सला के सीएमएस डॉ.शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि ब्लड प्रेशर और डायबिटीक रोगियों को दवा पर विशेष ध्यान देना चाहिए।



हैलट अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

# गैर इरादतन हत्या में तीन को 10 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भूमि के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में भाई की गैर इरादतन हत्या के मामले में बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश (12) परमेश्वर प्रसाद की अदालत ने तीन अभियुक्तों रामजीवन, रामकिशन और साहब लाल को 10-10 साल कैद और दस-दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सिंहपुर निवासी वादी राम औतार के मुताबिक 14 अगस्त 2010 को जमीन व मकान के बंटवारे को लेकर लगभग सात बजे बहनोई सिपाही लाल के दरवाजे पर उसके भाई रामजीवन, रामकिशन, साहब लाल समेत अन्य लोग आये। उन्होंने सिपाही लाल पर हमला कर दिया। इससे सिपाही लाल घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था।

जहां इलाज के दौरान सिपाही लाल की मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने रामजीवन, रामकिशन और साहब लाल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। अपर सत्र न्यायाधीश (12) परमेश्वर प्रसाद की अदालत में चल रहा था। एडीजीसी इंद्र लता शुक्ला ने बताया कि जमीन के बंटवारे को लेकर भाइयों में विवाद था। जिसपर उक्त लोगों ने मिलकर सिपाही लाल पर हमला किया था। कोर्ट ने सबूतों और गवाहों के मद्देनजर सजा सुनाई है।



सम्मानित करतीं कुमकुम स्वरूप। अमृत विचार

### विज्ञान से जुड़ी है प्रगति

**कानपुर।** इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसियेशन, कानपुर चैप्टर और डीएवी कॉलेज की ओर से बुधवार को व्याख्यानमाला आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्रबंध समिति की सचिव कुमकुम स्वरूप ने की। उन्होंने वैज्ञानिक चिंतन और विज्ञान का समाज और देश की प्रगति में योगदान बताया। प्रबन्ध समिति के संयुक्त सचिव गौरवेन्द्र स्वरूप ने भारतीय वैज्ञानिकों के एतिहासिक योगदान पर चर्चा की। विशिष्ट अतिथि एआईटीडी की निदेशक प्रो रचना अस्थाना ने प्रौद्योगिकी में पर्यावरण की सुरक्षा एवं जलवायु के संरक्षण पर विचार व्यक्त किए।

# युवाओं को बताया गया विज्ञान का महत्व

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर युवाओं को विज्ञान का महत्व बताया गया। शहर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में गोष्ठियों के जरिए विज्ञान के समाज में प्रभाव को भी बताया गया। विज्ञान को गंभीरता नहीं बल्कि रोचकता के साथ समझने की सीख दी गई। सीएसजेएमयू, डीएवी कॉलेज और एसएन सेन में आयोजन हुए।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में छात्र परिषद एवं जीवन विज्ञान व जैव प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वाद-विवाद व वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता हुई। 5 जी और इवैल्यूएशन पर आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में अंश राज सिंह ने पहला, अदिति द्विवेदी ने दूसरा और अरशद नफीस ने तीसरा स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय के एल्यूमिनी और आईआईटी कानपुर के प्रो डॉ ऋषभ आनंद ओमर ने भी युवाओं को विज्ञान से संबंधित अपने अनुभव बताए।



सीएसजेएमयू में विज्ञान दिवस पर विजेताओं को किया गया पुरस्कृत। अमृत विचार

### 22 मॉडल हुए प्रदर्शित

एसएन सेन कॉलेज में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान कई कॉलेज के प्रतिभागी शामिल हुए। 'इंडिजेनस टेक्नीकस फॉर ओवरऑल डेवलपमेंट ऑफ़ भारत' थीम पर आयोजित प्रदर्शनी की शुरुआत महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सचिव पीके सेन, संयुक्त सचिव शुभ्रो सेन व प्राचार्या प्रो सुमन ने किया। प्रदर्शनी में रोबोट एयर प्युरीफायर, विकासपीडिया, सोलर पैनल , सस्टेनेबल डेवलपमेंट इन रूरल एरियास, फायर अलार्म सेंसर, एक्स पौ सेट ,वाटर पुरिफ़िकेशन, सहित अन्य मॉडल प्रस्तुत किए गए। 6 डिग्री कॉलेज की ओर से 22 मॉडल प्रदर्शित किए गए।

**चैंपियन बने** — विशेष चुनौतियों से जूझ रहे मानसिक दिव्यांग खिलाड़ियों के बीच हुई प्रतियोगिता

# महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश और पुरुषों में केरल को मिला खिताब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विशेष चुनौतियों से जूझ रहे खिलाड़ियों की खेल प्रतियोगिता में उन्हें दम दिखाया। मानसिक दिव्यांग के लिए राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में विजेता खिलाड़ियों के नामों का ऐलान किया गया। प्रतियोगिताओं में महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश व पुरुष वर्ग में केरल की टीम ने चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

स्पेशल ओलम्पिक भारत उत्तर प्रदेश की ओर से 26 फरवरी से चल रही प्रतियोगिता में बुधवार को विजेता खिलाड़ियों को पदक से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की शुरुआत सांसद सत्यदेव पचौरी ने की। तीन दिन चली इस प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग राज्यों से आए 150 खिलाड़ियों ने शिरकत किया। समारोह के दौरान पुष्पा खन्ना मेमोरियल सेंटर की निदेशक रूमा चतुर्वेदी, स्पेशल ओलंपिक्स इंडिया के संरक्षक संजीव पाठक, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मुकेश शुक्ल व कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। समारोह में सांसद सत्यदेव पचौरी ने खिलाड़ियों को खेल का महत्व समझाया। कहा कि खेल से अनुशासन आता है।




सांसद सत्यदेव पचौरी ने विजेताओं को सम्मानित किया। अमृत विचार

### इन खिलाड़ियों ने मारी बाजी

- प्रतियोगिता में टीम चैंपियन का खिताब महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश ने जीता। इसी तरह पुरुष वर्ग में केरल को हासिल हुई। प्रतियोगिता में महिला भार वर्ग 43 में पहला पुरस्कार दिल्ली की मुस्कान को मिला। इसी तरह दूसरा स्थान झारखंड की रोशन को हासिल हुआ, तीसरा स्थान उत्तर प्रदेश की खिलाड़ी काजल को मिला। 52 किलो वर्ग में पहला स्थान कर्नाटक की फातिमाधुल, दूसरा पुरस्कार यूपी की रिम्मी को व तीसरा पुरस्कार महाराष्ट्र की जानशी को मिला। उधर 57 किलो भार वर्ग में पहला पुरस्कार महाराष्ट्र की श्रेया को मिला। दूसरा स्थान आंध्र प्रदेश की थानुजाबी व तीसरा पुरस्कार आंध्रा की दर्शनी को मिला। पुरुष वर्ग में 83 किलो भार पहला स्थान दिल्ली राही, दूसरा हिमाचल प्रदेश के राजतिलक व तीसरा स्थान झारखंड के हेमंत को मिला। उधर 93 किलो वर्ग में पहला स्थान महाराष्ट्र चिंतामणि, दूसरा स्थान दिल्ली की सोनाराम व तीसरा पुरस्कार छत्तीसगढ के अनुराग को मिला। 105 भार वर्ग में पहला स्थान चंडीगढ़ के रुपिंदर का रहा।

# सपा शिवरात्रि तक 20 हजार परिवारों से करेगी संपर्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक

**अमृत विचार।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में बुधवार को पदाधिकारियों ने युवा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिसमें तय हुआ कि सपा महाशिवरात्रि तक प्रथम चरण में अभियान चलाकर 20 हजार परिवारों तक पहुंचने का काम करेगी। कार्यकर्ता भाजपा की नाकामियां भी गिनवाएंगे।

सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सपा बेरोजगारी की समस्या को लेकर काफी चिंतित है। बढ़ती हुई महंगाई से मरीजों पर दवा का बोझ भी बढ़ रहा है। दवाएं सस्ता करने के लिए कृत संकल्प है और स्नातक तक शिक्षा निशुल्क हो, इसकी भी तैयार कर रही है। प्रथम चरण में 20 हजार परिवारों से संपर्क करने का लक्ष्य तय किया गया है, जो उनके सुख-दुख में भागीदार बनेंगे और सपा की नीतियों का मंत्र बताकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का आह्वान भी करेंगे। शिवरात्रि के बाद सपा कार्यकर्ताओं का 25 हजार परिवारों से संपर्क अभियान चलेगा और रिपोर्ट प्रतिदिन कार्यालय में देंगे। सपा के प्रदेश सचिव केके शुक्ला ने कहा कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बीजों से खेती महंगी होती जा रही है। इस दौरान महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जायसवाल, मुमताज मंसूरी, वरुण जायसवाल, आसिफ कादरी मौजूद रहे।

# गंगा लिंक एक्सप्रेस वे की बनेगी डीपीआर

## मंडलायुक्त ने एनएचएआई से डीपीआर बनवाने को कहा, बनने के बाद शहर में जाम की समस्या का हो जाएगा समाधान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में नासूर बन रही जाम की समस्या के समाधान के लिए इनर रिंग रोड के अमृत विचार के सुझाव को अब अमल में लाया जाएगा। गंगा लिंक एक्सप्रेस वे के जिस प्रोजेक्ट को पूर्व में ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था, अब उसे बाहर निकाला गया है और उसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट एनएचएआई से बनवाने का निर्णय लिया गया है। मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने बुधवार को उच्च स्तरीय समग्र समिति की बैठक की और इस प्रोजेक्ट को अमल में लाने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि शहर में जाम की समस्या के समाधान के लिए इनर रिंग रोड की जरूरत है। इसके लिए रिंग रोड लिंक एक्सप्रेस-वे की डीपीआर एनएचएआई से बनवाई जाए। इस प्रोजेक्ट के मूर्त रूप लेने से शहरी क्षेत्र में बढ़ रहे यातायात के दबाव का समाधान आसानी से हो सकेगा।

समिति के समन्वयक नीरज श्रीवास्तव ने इस प्रोजेक्ट पर पूर्व में हो चुकी कार्यवाही से अवगत कराया। बताया कि योजना के तहत इसे सीएसजेएमयू से शुरू कर मकड़ीखेड़ा, गंगा बैराज, मालरोड, घंटाघर, जरीब चौकी, फजलगंज, विजय नगर, नमक फैक्ट्री चौराहा, दलहन अनुसंधान संस्थान होते हुए विवि के पास पुनः जोड़ना है। इसे सिंगल पिलर पर बनाया जाना है और इसमें भूमि अधिग्रहण नहीं होना है। मंडलायुक्त ने दादानगर समानान्तर ओवरब्रिज के निर्माण का कार्य तेज करने के आदेश दिए।



बैठक करते मंडलायुक्त अमित गुप्ता। अमृत विचार

### न्यू जेल मार्ग की लागत डीपीआर में शामिल करें

मंडलायुक्त ने कहा कि प्रस्तावित न्यू जिला जेल से चकेरी- प्रयागराज हाईवे तक मार्ग निर्माण की लागत को भी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट में शामिल किया जाए। उन्हें बताया गया कि वीआईपी रोड से जिला जेल को सरसौल ट्रांसफर करने की महत्वपूर्ण परियोजना की वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है।

### एलिवेटेड रोड की भी समीक्षा

गोल चौराहे से रामादेवी तक एलिवेटेड रोड बनाने की योजना की उन्होंने समीक्षा की। उन्हें बताया गया कि निर्माण के लिये डीपीआर बनाये जाने हेतु कंसलटेंट नियुक्त किया जा चुका है। उसने सर्वे भी शुरू कर दिया है। मंधना- शुक्लागंज बंधे पर टू लेन मार्ग को फोर लेन करने के प्रोजेक्ट को उन्होंने तेज करने का आदेश दिया। उन्हें बताया गया कि चिड़ियाघर से गुरुदेव चौराहा व चिड़ियाघर से सिंहपुर तक डिवाइडर के साथ सड़क चौड़ीकरण की परियोजना शासन को प्रेषित की जा चुकी है।

### नौबस्ता से बर्रा आठ तक मेट्रो डीपीआर

मंडलायुक्त ने मेट्रो के कार्य की समीक्षा की। उन्हें बताया गया कि परियोजना को और अधिक उपयोगी बनाने के लिये मेट्रो के कारिडोर- एक के अंतिम स्टेशन नौबस्ता तथा कारिडोर- दो के अंतिम स्टेशन बर्रा-आठ के स्टेशन को आपस में जोड़ा जएगा। परियोजना के लिए डीपीआर राइट्स संस्था द्वारा बनायी जाएगी। इस कार्य के लिए 75 .5 लाख की वित्तीय स्वीकृति कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रदान कर दी गयी है।

### ये अफसर उपस्थित रहे

बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, सचिव केडीए शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी नगर डॉ. राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी भूअध्याप्ति रिंकी जायसवाल उपस्थित रहीं।

सरैया क्रासिंग पर बनाए जा रहे ओवरब्रिज के निर्माण की समीक्षा के दौरान उन्हें बताया गया कि पूर्व स्वीकृत परियोजना में 400 मीटर का विस्तार किया गया है। इसके लिये यूपीसीडा ने अपनी सहभागिता के तहत 20 करोड़ रुपये अवमुक्त कर दिये हैं। उन्होंने जरूरी प्रक्रिया पूरी करने का आदेश दिया।

# गंगा रिवरफ्रंट प्रोजेक्ट की समीक्षा करेंगे मंडलायुक्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उच्च स्तरीय समग्र विकास समिति की अगली बैठक में पेश होगी फाइल
- गंगा बैराज से जाजमऊ तक घाटों पर पर्यटन विकास किया जाना है

**अमृत विचार।** गंगा बैराज से जाजमऊ तक प्रस्तावित गंगा रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट को मूर्त रूप देने के लिए अभी तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। अमृत विचार ने 28 फरवरी को इस प्रोजेक्ट पर अधिकारियों की उदासीनता का मुद्दा उठाया तो उच्च स्तरीय समग्र विकास समिति में मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने इसका संज्ञान लिया और उन्होंने समिति की आगामी बैठक में प्रोजेक्ट की समीक्षा करने को कहा। अब उनके समक्ष यह प्रोजेक्ट रखा जाएगा और बताया जाएगा कि इस पर क्या प्रगति हुई है।

गंगा बैराज से जाजमऊ सिद्धनाथ घाट तक गंगा के घाटों को सुंदर बनाया जाना है। इसके लिए गंगा किनारे पाथवे भी बनेगा और सेल्फी प्वाइंट बनेंगे। पूरे घाट के किनारों को एलइडी लाइटों से जगमगाने की योजना है ताकि यहां लोग सेल्फी ले और सुकून के दो पल बिता सकें। मुख्यमंत्री ने भी दो साल पहले इस प्रोजेक्ट को मूर्त रूप देने का आदेश दिया था।



गंगा में डूब गया रिवर फ्रंट का सपना

हवा-हवाई प्रोजेक्ट

अमृत विचार में छपी खबर।

आईआईटी से प्रोजेक्ट बनवाने का फैसला भी हुआ लेकिन बात आगे नहीं बढ़ी। अब अमृत विचार में खबर छपने के बाद मंडलायुक्त ने समिति सचिव नीरज श्रीवास्तव से कहा है कि अगली बैठक में इसकी समीक्षा होगी। इसके साथ ही प्रस्तावित गंगा बैराज- बिठूर बंधे की परियोजना तथा बैराज पर केडीए की आवासीय परियोजनाओं की समीक्षा भी होगी।



कृषि मेले में उपस्थित लोग। अमृत विचार

# गेहूं खरीद का 48 घंटे में होगा भुगतान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मोटे अनाज की फसल की बुआई को बढ़ावा देने के लिए कृषि भवन में मंडल स्तरीय मेले का आयोजन किया गया। इसमें शहर के होटलों, सीएसजेएमयू के खाद्य विभाग की ओर से मिलेट्स से बने व्यंजन के स्टॉल लगाए गए। किसानों को मोटे अनाज की खेती के लाभ भी बताए गए। शुभारंभ विधायक नीलिमा कटियार और डीएम राकेश सिंह ने किया।

मिलेट्स रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम तथा नेशनल मिशन ऑन एडिबल आयल (ऑयलसीड्स) योजनान्तर्गत मेला का आयोजन किया गया था। विधायक ने कहा मोटे अनाजों का उत्पादन सभी किसान बढ़ाएं इसमें सरकार इसके लिए लगातार प्रयास कर रही है। किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा जिसका ज्यादा से ज्यादा किसानों तक कृषि विभाग पहुंचा रहा है। संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. अशोक तिवारी ने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। भारतीय खाद्य निगम के प्रबंधक वाणिज्य वैभव गुप्ता ने किसानों को गेहूं की खरीद पर सरकार द्वारा घोषित की गई एमएसपी के बारे में बताया गया। कहा कि किसानों का सीधे ही रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। फसल की कटाई के पश्चात विक्रय हेतु भारतीय खाद्य निगम के क्रय केंद्रों पर वे गेहूं बेच सकते हैं। बिना किसी बिचौलिए के सीधे खरीद केन्द्र पनर गेहूं लाएं। फसल का मूल्य किसान के खाते में 48 घंटे के अंदर प्राप्त करें। निगम के प्रबंधक गुण नियंत्रक मोहित कनौजिया ने कहा कि रजिस्ट्रेशन करने में यदि कोई परेशानी हो तो भारतीय खाद्य निगम आपकी रजिस्ट्रेशन करने में भी पूरी मदद करेगा। वैज्ञानिक डॉ. महक सिंह, डॉ. आरएस सिंह रहे।

# डॉ.विकास शुक्ला बने सहायक निदेशक, डॉ.शालिनी चेयरपर्सन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईएमए की बैठक में सर्वसम्मति से निर्वाचित किए गए पदाधिकारी
- डॉ.विकास मिश्रा और डॉ.देशराज बने सचिव, रिसर्च पर रहेगा फोकस

**अमृत विचार।** आईएमए कानपुर शाखा की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। लोग बीमारी को छुपाने के बजाए खुलकर डॉक्टरों से बता सकें और उनसे अच्छा परामर्श लें।

बैठक में सर्व सम्मति से आईएमए सीजीपी कानपुर सब चैप्टर रिफ्रेशर कोर्स के सहायक निदेशक पद पर वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. विकास शुक्ला और सहायक सचिव के पद पर डॉ. विकास मिश्रा निर्वाचित किया गया। आईएमए एएमएस कानपुर सब चैप्टर की चैयरपर्सन के पद पर डॉ. शालिनी मोहन और डॉ. देशराज गुर्जर को सचिव मनोनीत किया गया।



सहायक निदेशक डॉ.विकास शुक्ला ने बताया कि आईएमए से जो जिम्मेदारी मिली है, उसका निर्वहन करूंगा। मरीजों के संबंध में जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। ताकि उनको न्यूरो के संबंध में कई जानकारियां हासिल हो सके और गलत तरीकों से दैनिक कार्य करने से भी लोगों को न्यूरो आदि की दिक्कत हो जाती है, जिस संबंध में भी उनको जागरूक किया जाएगा।



सहायक सचिव डॉ. विकास मिश्रा ने बताया कि सीजीपी पहले भी होते रहे हैं, लेकिन अब भारत में कई विदेशों के विशेषज्ञों को बुलाने का काम किया जाएगा। ताकि उनसे कई प्रकार की जानकारी और बारिकियां हासिल करने का मौका आईएमए के सभी डॉक्टरों को मिल सके। साथ ही विदेश से आए विशेषज्ञों से भारत के डॉक्टरों द्वारा किए जा रहे मेडिकल कार्य भी साझा किए जाएंगे।



चैयरपर्सन डॉ. शालिनी मोहन ने बताया कि पहला कार्य आईएमए के कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचना है। दूसरा कार्य डॉक्टरों का ध्यान रिसर्चों पर केंद्रित करना है। क्योंकि रिसर्च से कई प्रकार की बीमारियों का पता लगता है और उसके बाद संबंधित बीमारियों का इलाज करना भी आसान होता है। इस संबंध में डॉक्टरों के साथ प्रतिमाह बैठक आहुत की जाएंगी।



सचिव डॉ.देशराज गुर्जर ने बताया कि मिली जिम्मेदारी का पालन पूरी मेहनत, लगन व ईमानदारी से किया जाएगा। किडनी रोग विशेषज्ञ होने के नाते मुख्य फोकस किडनी रोगों की रोकथाम करना रहेगा है। जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। ताकि किडनी के रोग से लोग ग्रस्त होने से बचे रह सकें। इसके लिए व्यापक अभियान चलेगा।

# रोग मुक्त भारत को दंडवत यात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



दंडवत यात्रा में शामिल करौली शंकर महादेव। अमृत विचार

- करौली शंकर महादेव आश्रम की ओर से निकाली गई दंडवत यात्रा

**अमृत विचार।** करौली शंकर महादेव आश्रम की ओर से धर्म के नाम पर बलि प्रथा के विरोध में निकाली गई दंडवत यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। दूसरे दिन यात्रा बाबूपुरवा से शुरू होकर किदवई नगर होते हुए यशोदानगर पहुंची और वहीं विश्राम किया। श्रद्धालुओं ने नशा मुक्ति की अपील की।

करौली शंकर महादेव ने कहा कि हमें बलि प्रथा का विरोध करना है। धर्म के नाम पर पशुओं की बलि नहीं दी जानी चाहिए। लोगों को शराब, सिगरेट, बीड़ी, पान- तंबाकू आदि का सेवन न करने की अपील की। नशा मुक्ति से ही हमारा भारत शोक मुक्त और रोग मुक्त बनेगा। किसी के प्रति अपने मन में द्वेष का भाव नहीं रखना है। सब सुखी हों , सब तरक्की करें ऐसा भाव अपने मन में रखें और लोक कल्याण की भावना के साथ हर काम करें। यह परमपूज्य बाबा जी का भी संदेश है इसे सबको आत्मसात करना है। करौली शंकर महादेव ने कहा कि गंगा की तरह ही आप सभी को अपने मन को भी पवित्र बनाना है। न छल और न ही कपट मन में रखना है। जिसका मन निर्मल होता है दोष रहित होता है प्रभु की प्राप्ति भी उसे ही होती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शंकर सेना के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुबोध चोपडा, महिला अध्यक्षा श्रीमती मीना द्विवेदी, विनय वर्मा, दुर्गेश मनी त्रिपाठी रहे।

## पेड़ से लटके मिले दो किशोरियों के शव

**कानपुर।** घाटमपुर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ईंट भट्ठे में काम करने वाली दो नाबालिग किशोरियों के शव घर के पास पेड़ पर लटकते मिले। दोनों किशोरियां शाम से गायब थीं। पुलिस और फोरेंसिक ने मामले की जांच शुरू की।

जिला हमीरपुर के सिसौलर गांव निवासी रामप्रकाश की 14 वर्षीय बेटी अंजली और राकेश की 16 वर्षीय बेटी प्रीति के शव बुधवार देर रात बरौली गांव में ईंट भट्ठे के पास पेड़ पर फंदे पर लटकते मिले। परिजनों ने पुलिस को बताया कि दोनों किशोरियां देर शाम से गायब थीं। परिजन ईंट भट्ठे में रहने वालों के साथ उन्हें ढूंढ रहे थे। घटना के कारणों का पुलिस पता लगा रही है। सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई। घाटमपुर पुलिस ने बताया फोरेंसिक टीम ने जांच की है।

## मार खाई, हाथ जोड़े, अब उल्टा कार्रवाई भी

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र में चकरपुर फल मंडी में मारपीट का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। गाड़ी के टायर पर लघुशंका करने से मना करना चालक को भारी पड़ गया। दबंगों ने चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी के साथ उसके खिलाफ भी कार्रवाई कर दी। पीड़ित चालक हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा लेकिन किसी ने उसे नहीं बचाया। पीड़ित ने थाने में न्याय की गुहार लगाई। मारते हुए वीडियो में कैद व्यक्ति चकरपुर फल मंडी अध्यक्ष नरेश तोमर बताया जा रहा है। सचेंडी पुलिस ने आरोपी के साथ पीड़ित पर भी शांतिभंग की कार्रवाई कर दी। इस पर पीड़ित ने आला अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

# मैच ड्रॉ, यूपी ने बनाई सेमीफाइनल में जगह

### कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में पहली पारी में बढ़त के आधार पर यूपी ने सौराष्ट्र से मैच ड्रा करके सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब उसका सामना मुम्बई से होगा।

चार दिवसीय क्वार्टर फाइनल मुकाबले में यूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 746 रन बनाए, इसके बाद सौराष्ट्र को 249 रनों पर समेटकर 497 रनों की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में यूपी ने बुधवार को अंतिम दिन तीसरे सत्र तक 64.3 ओवर में सात विकेट पर 352 रन बनाकर कुल 849 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी। मैच का निर्णय न निकलता देख दोनों टीमों की आपसी सहमति से मैच को ड्रा घोषित कर दिया गया। दूसरी पारी में यूपी की तरफ से आदित्य शर्मा ने नाबाद 152 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली वहीं रितुराज शर्मा ने 82 और पहली पारी में तिहरा शतक लगाने वाले कप्तान समीर रिजवी ने 50 रन बनाए।

यूपी टीम से चौथे दिन तीन विकेट पर 30 रनों से आगे खेलते हुए विपराज और आदित्य ने स्कोर 100 रनों तक पहुंचाया। इसी बीच विपराज 36 रन बनाकर रन आउट हुए। विकेट पर उतरे कप्तान समीर रिजवी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंदों में एक चौके व पांच छक्के लगाकर अपना पचासा जड़ा। 50 रनों के स्कोर पर ही गज्जर समर की गेंद को मारने के चक्कर मे विकेटकीपर को ओर से स्टंपिंग करार दिए गए। यूपी का पांचवां विकेट 179 रनों पर गिरा। इसके बाद आदित्य और रितुराज ने शानदार बल्लेबाजी कर टीम का स्कोर 300 रनों के पार किया। इस दौरान आदित्य ने अपना सैकड़ा पूरा किया वहीं रितुराज ने पचासा लगाया। 57.2 ओवर में 316 रनों के स्कोर पर रितुराज 83 रनों पर अंश गोसाई की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। रितुराज ने अपनी पारी में 80 गेंदों का सामना किया जिसमें तीन चौके व सात छक्के लगाए। गोसाई ने नए बल्लेबाज सिद्धार्थ यादव को रे टिकने का मौका नहीं दिया।

## सार-संक्षेप

### एक इमारत में बैठेंगे पुलिस कमिश्नर व एडीजी

**कानपुर।** शासन की तरफ से निर्णय लिया गया है कि तीन वरिष्ठ अधिकारी एक ही इमारत में बैठकर फरियादियों की समस्या को सुनेंगे। इसको लेकर शासन की ओर से जिलाधिकारी और नगर आयुक्त को पत्राचार भी किया गया है। पुलिस कमिश्नर कार्यालय के लिए सात हजार वर्ग मीटर की जमीन देखी जा रही है। जिसमें बहुमंजिला ऑफिस का निर्माण होगा। जहां पर तीनों वरिष्ठ अधिकारी पुलिस कमिश्नर, एडीजी जोन व डीआईजी रेंज का दफ्तर एक ही इमारत में होगा। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट बनने के बाद पुलिस कमिश्नर कार्यालय के लिए चार हजार वर्ग मीटर जमीन देखी जा रही थी। जिसके लिए महिला थाने के सामने जगह चिह्नित की गई और उसमें कंडम हो चुके बैरकों को तुड़वा दिया गया था। प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। शासन स्तर पर अब निर्देश दिए गए कि ऐसा ऑफिस तैयार कराया जाए जहां पर तीनों वरिष्ठ अधिकारी पुलिस कमिश्नर, एडीजी जोन व डीआईजी रेंज का दफ्तर एक ही इमारत में हो। जिससे अधिकारियों को अवगत भी करा दिया गया है। तीनों वरिष्ठ अधिकारी एक ही इमारत में बैठेंगे और पीड़ितों की सुनवाई करेंगे। ए पुलिस विभाग एक बड़ी जमीन का टुकड़ा भी खोज रहा है।

**सूचना**

**कार्यालय उपायुक्त उद्योग कानपुर नगर**

पत्रांक- 2121/मि.औ.आ./आवंटन दिनांक- 28.02.2024

मिनी औद्योगिक आस्थान, घाटमपुर, पतारा, ककवन-बिल्हौर में उद्योग एवं सेवा क्षेत्र हेतु कतिपय रिक्त भूखण्डों हेतु आवेदन आमंत्रित है। अनुसूचित जाति/जनजाति हेतु आरक्षित भूखण्ड भी हैं। बड़े निवेश प्रस्ताव को एकमुश्त आवंटन हेतु वरीयता दी जायेगी। आवेदन पत्र के साथ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट संलग्न की जायेगी। अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवंटन की समस्त कार्यवाही शासनादेश संख्या-04/2018/094/18.2.2018-80 (ल.उ.)/2017 दिनांक 30 जनवरी 2018 के अनुपालन में की जायेगी। अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय उपायुक्त उद्योग में सम्पर्क किया जा सकता है। आवेदन की अन्तिम तिथि 10 मार्च 2024 है।

उपायुक्त उद्योग, कानपुर नगर

खुशखबरी — शासन से ओवरब्रिज को मिली हरी झंडी, जल्द ही राज्य सेतु निगम कराएगा निर्माण

# रसूलपुर -गोगूमऊ क्रॉसिंग पर बनेगा टू लेन ओवरब्रिज

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** कानपुर-झांसी रेलवे लाइन की गोगूमऊ क्रासिंग पर आए दिन लगने वाले जाम से लोगों को जल्द ही निजात मिलने की उम्मीद जगी है। लोक निर्माण विभाग ने कानपुर-झांसी रेल सेक्शन पर रसूलपुर गोगूमऊ के पास दो लेन के उपरिगामी सेतु निर्माण को हरी झंडी दे दी है। इसका निर्माण 5477.07 लाख रुपये से कराया जाएगा।

जनपद कानपुर नगर से देहात की सीमा में प्रवेश करते ही रिंद नदी पुल पार कर रायपुर से सरवनखेड़ा के लिए मार्ग है, जहां वाया गजनेर होते हुए मूसानगर, घाटमपुर, अकबरपुर आदि क्षेत्रों के लिए आवागमन होता है, लेकिन रायपुर से करीब आठ किलोमीटर दूर सरवनखेड़ा रोड पर कानपुर-झांसी रेल लाइन में पड़ने वाली रसूलपुर गोगूमऊ रेलवे क्रॉसिंग लोगों के लिए मुसीबत बनी है। ट्रेनों का आवागमन होने के कारण क्रॉसिंग का फाटक बंद कर दिया जाता है, जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है।



अभी रसूलपुर गोगूमऊ रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से अक्सर लगता जाम। अमृत विचार

**5477.07** लाख रुपये का बजट स्वीकृत

**786** मीटर होगी ओवरब्रिज की लंबाई

क्षेत्रीय लोगों ने रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनाए जाने की कई बार मांग उठाई थी। जिस पर शासन ने अक्तूबर 2022 में निर्माण की हरी झंडी देते हुए सेतु निगम को कार्यदायी संस्था नामित किया था। जनवरी 2023 में लोक निर्माण विभाग ने गोगूमऊ रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य अपनी वार्षिक कार्ययोजना में शामिल किया था। लंबी कवायद के बाद उत्तर-मध्य रेलवे के झांसी-कानपुर रेल सेक्शन के समपार संख्या 227/टी किमी.1322/12-14 पर रसूलपुर गोगूमऊ के निकट दो लेन का रेल उपरिगामी सेतु निर्माण को स्वीकृति देते हुए 5477.07 लाख रुपये का बजट स्वीकृत कर दिया है।



गोगूमऊ रेलवे क्रासिंग से महज कुछ दूरी पर गांव के लोगों को दैनिक खरीदारी के लिए रायपुर जाना पड़ता है, लेकिन क्रॉसिंग बंद होने से परेशानी होती है। पुल बनने से घंटों के समय की बर्बादी बचेगी। **-श्यामू पाल**



रायपुर से वाया सरवनखेड़ा होते हुए मूसानगर जाने के लिए गोगूमऊ मार्ग शार्टकट है, लेकिन रेलवे क्रॉसिंग बंद रहने से लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। ओवरब्रिज के निर्माण से काफी सहूलियत मिलेगी। **-लाल सिंह**



गोगूमऊ रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनने से सबसे ज्यादा लाभ बीमार लोगों व प्रसूताओं को मिलेगा। कई बार क्रासिंग बंद होने पर एंबुलेंस व अन्य वाहन फंस जाते हैं, जिससे जान पर भी बन आती है। **-अनूप यादव**



रेलवे ओवरब्रिज नहीं होने के कारण कई बार लोग जल्दबाजी में बंद क्रॉसिंग पार करने लगते हैं, जिससे हादसे की आशंका रहती है। दो लेन का रेलवे पुल बनने से हादसों पर भी रोकथाम लग सकेगी। **-रामभरोसे**

### रेलवे क्रॉसिंग पर जाम से मिलेगी राहत

रसूलपुर गोगूमऊ रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले ओवरब्रिज की औसत लंबाई करीब 786 मीटर की होगी। रेलवे की जमीन पर होने वाले कार्य की धनराशि रेलवे और बाकी का रुपया शासन की ओर से दिया जाएगा। ओवरब्रिज बनने से रायपुर से सरवनखेड़ा होते हुए मूसानगर तक जाने वाले राहगीरों को जाम से निजात मिलेगी।

### 500 से अधिक वाहनों का होता आवागमन

रायपुर से सरवनखेड़ा मार्ग पर श्यामपुर, गोगूमऊ, सरवनखेड़ा समेत दर्जनों गांव व मजरे पड़ते हैं। इस रोड से हर रोज करीब पांच सैकड़ा से अधिक छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। ऐसे में कई ट्रेनों का आवागमन होने से गोगूमऊ रेलवे क्रासिंग घंटों बंद रहती है, इससे वाहन सवारों को इंतजार करना पड़ता है। कठिनाई के साथ समय भी बर्बाद होता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

मैं राज वेटी माता प्रदीप कुमार सैन्य संख्या 156910504 रैंक- हवलदार निवासी ग्रा0व0पो0- बैजूपुर, थाना - पाली जिला हरदोई (उ0प्र0) पिन- 241123 घोषणा करती हूँ कि मेरा नाम व जन्मतिथि राजाबती व 01/07/1966 त्रुटिबस मेरे बेटे के सैन्य अभिलेखों में दर्ज हो गया । मेरा सही नाम व जन्मतिथि राज वेटी व 01/01/1965 है जो कि मेरे पैन व आधार के अनुसार सत्य व सही है।

**बैठक सूचना**

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. घाटपारा वि. ख. राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 29/02/2024 को ग्राम सभा घाटपारा के पंचायत भवन परिसर में समय 01:00 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमे इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

पहले मेरा नाम AMARPREET KAUR था अब मैने बदलकर अपना नाम PREETI AGARWAL रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O: PRATEEK AGARWAL, 6, SHYAM NAGAR, RAEBARELI ROAD, LUCKNOW, U.P-226029

**सूचना**

मैं मो0 सिद्दीक अंसारी पुत्र श्री मो0 इसहाक अंसारी निवासी 113/ 1 कजियारा कर्बला रोड पुराना सीतापुर तहसील व जिला सीतापुर का हूँ। मेरा पासपोर्ट सं0 11 / 43723/92 बना हुआ है जिस पर मेरा नाम मोहम्मद सिद्दीक अंसारी (MOHAMMAD SIDDIQ ANSARI) पुत्र स्व0 मोहम्मद इसहाक अंसारी (MOHAMMAD ISHAQ ANSARI ) अंकित है । जबकि अन्य समस्त प्रपत्रों पर मेरा नाम मो0 सिद्दीक अंसारी (MOHD SIDDIQ ANSARI) पुत्र श्री मो0 इसहाक अंसारी (MOHD ISHAQ ANSARI) अंकित है । अब से मेरा सही नाम मो0 सिद्दीक अंसारी (MOHD SIDDIQ ANSARI) व पिता का सही नाम मो0 इसहाक अंसारी (MOHD ISHAQ ANSARI) पढ़ा व लिखा व पहचाना जाय

# दो वैन की भिड़ंत में फंसी बाइक पति की मौत, पत्नी गंभीर घायल

## डंपर को ओवरटेक करते समय टकराईं वैन, हादसे में वैन सवार लोग भी जख्मी

संवाददाता, बिधनू


घायल चालक शिवा पाल।


शुभम।


अनूप।


प्रतिभा।

- हमीरपुर रोड पर कठेरुआ गांव के पास हुआ दर्दनाक हादसा
- कानपुर में डॉक्टर को दिखा कर सजेती लौट रहे थे दंपति

**अमृत विचार:** हमीरपुर रोड पर कठेरुआ गांव में बुधवार की शाम डंपर को ओवरटेक करते समय दो वैन में सीधी भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में बाइक सवार दंपति चपेट में आ गए। हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने बाइक चालक युवक को मृत घोषित कर दिया। पत्नी की हालत भी गंभीर है।

सजेती थाना क्षेत्र के महताइन गांव निवासी रोहित दीक्षित (34) एक कारखाने में काम करते थे। बुधवार को अपनी पत्नी प्रतिभा (28) को कानपुर के काकादेव में डॉक्टर को दिखाने गए थे। शाम को वह बाइक से वापस घर लौट रहे थे। हमीरपुर हाईवे पर कठेरुआ-कठारा मोड़ के पास डंपर को ओवरटेक करते समय सवारियों से भरी वैन बाइक में टक्कर मारते हुए पीछे से आ रही दूसरी वैन से भिड़ गई। दोनों वैन के बीच बाइक सवार दंपति फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे में पीछे से आई वैन के चालक नगेलीपुरवा निवासी शिवपाल (22) के साथ उसमें बैठे ह्रदयपुर निवासी शुभम (23), हरचंदपुर निवासी अनूप (24) गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बाइक सवार दंपति समेत सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल पत्नी प्रतिभा के साथ शुभम और अनूप को हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया। वैन चालक शिवपाल को स्वजन घर ले गए। थाना प्रभारी प्रेम चन्द्र कनौजिया ने बताया कि दूसरी वैन का चालक मौके से भाग गया है। दोनों वैन को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रक की सीधी टक्कर से बाइक सवार की गई जान

संवाददाता, रेउना

- मुगल रोड पर मुइयां गांव के पास हुआ हादसा
- शादी समारोह से अपने घर लौट रहा था युवक


पुष्पेंद्र कुमार।

**अमृत विचार:** मुगल रोड पर मुइया गांव के पास मंगलवार देर रात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वह अपने मामा के यहां घाटमपुर से शादी समारोह में भाग लेकर बाइक से घर लौट रहा था 1 मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

रेउना थाना क्षेत्र के ललकीपुरवा गांव का पुष्पेंद्र कुमार (35) अपनी मां, पत्नी सुनीता और सात साल की बेटी अनन्या के साथ गांव में ही रहता था। मंगलवार को पुष्पेंद्र अपने मामा के घर एक शादी समारोह में शामिल होने गया था 1 वहां से लौटते समय जब नवेड़ी चौराहा पार कर आगे बढ़ा तो पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित हुई और पुष्पेंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुष्पेंद्र की मौत के बाद से ही घर में कोहराम मचा है। पुष्पेंद्र की मौत से मां मुन्नी देवी, पत्नी सुनीता और बेटी अनन्या का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है 1 तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी 1

## सार-संक्षेप

### श्रीराम कथा सुनने के लिए जुटने लगी भक्तों की भीड़


आचार्य ज्ञानेश जी।

**चौबेपुर।** कस्बे के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से शुरू हो गया। संगीतमय राम कथा में बुधवार को आचार्य ज्ञानेश जी महाराज ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर चर्चा किए जाने के साथ शिव-पार्वती विवाह की सुंदर कथा सुनाई। यह कथा छह मार्च तक चलेगी। सात मार्च को मुकुल बंधुओं द्वारा भजन व दिव्य झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। इसी दिन शाम को हनुमान जी की प्रतिमा के अलौकिक दर्शन व महाप्रसाद का वितरण होगा। आठ मार्च को भगवान शिव का रुद्राभिषेक किए जाने के बाद कस्बे में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम को जादूगर कल्लू सम्राट का मायाजाल भी प्रस्तुत होगा। नौ मार्च को हवन, कन्या पूजन के बाद भंडारे का आयोजन होगा। इसके अलावा दिन के समय प्रदेश के विख्यात कलाकारों द्वारा धनुष यज्ञ का आयोजन व रात्रि के समय जवाबी कीर्तन का आयोजन होगा। कार्यक्रम संचालक ओम नारायण गुप्ता ने बताया कि इस दौरान 28 फरवरी से 8 मार्च तक रात्रि के समय वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा मनमोहक रासलीला व झाकियां प्रस्तुत की जाएंगी।

### दो मार्च से बिल्हौर में रुकेगी छपरा एक्सप्रेस

**बिल्हौर।** सांसद अशोक रावत की पहल पर बिल्हौर रेलवे स्टेशन को दो सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव मिला है। इज्जत नगर रेलवे बोर्ड के प्रबंधक ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। दो मार्च से उत्सर्ग (छपरा एक्सप्रेस) का ठहराव बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर शुरू हो जाएगा। गाड़ी संख्या-15084/15083 और कानपुर-बांद्रा टर्मिनल ट्रेन 22443 / 2244 ट्रेन का ठहराव छह मार्च से शुरू होगा। इन दोनों ट्रेनों के ठहराव का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद क्षेत्र के लोगों में हर्ष कर लहर है।

### साढ़ क्षेत्र में बकरी चोर मस्त, पुलिस पूरी तरह सुस्त

**भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र के दो गांवों में चोर चार पहिया वाहन में बकरा-बकरी लाद ले गए। मोहम्मदपुर नर्वल गांव निवासी संजय निषाद की आधा दर्जन बकरी अज्ञात चार पहिया वाहन सवार चोर आकर दरवाजे का ताला तोड़ कर लोड कर कर ले गए, वहीं दूसरी ओर खुचकीपुर निवासी राज नारायण के घर के बाहर बंधा बकरा जिसकी कीमत लगभग बीस हजार रुपए बताई जा रही है शाम लगभग पांच बजे लग्जरी गाड़ी से आए चोर लोड कर ले गए। घरवाले जब तक कुछ समझ पाते चोर बकरा लोड करते हुए फरार हो गए। दोनों घटनाओं की सूचना पीड़ितों ने साढ थाने में दी है।

# एडीएम ने सिल्ट उठान पर लगाई रोक

संवाददाता, बिल्हौर


गड़बड़ी की शिकायत पर जांच करने पहुंचीं एडीएम रिंकी जायसवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के निचली गंग नहर से जुड़े रजबहों में सिल्ट उठाने के नाम पर घमासान मचा है। अवैध खनन की शिकायत पर बुधवार को एडीएम-भू रिंकी जायसवाल और उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने खरपतपुर से निकले आलियापुर रजबहे से उठ रही सिल्ट का निरीक्षण किया। पुख्ता दस्तावेज नहीं दिखाने पर एडीएम ने नहर विभाग के अधिकारी को फटकार लगाई।

स्थानीय लोगों की शिकायत पर उन्होंने सिल्ट उठान संबंधी नियमावली पर सवाल उठाते हुए नहर विभाग के अधिकारियों से सवाल दागा और कई बिंदुओं पर जवाब मांगा। नहर विभाग की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने के बाद एडीएम ने तत्काल प्रभाव से सिल्ट उठान पर रोक लगा दी है। उप जिला अधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि पूरे क्षेत्र में मानक के विपरीत सिल्ट उठाने की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें नियमावली को दरकिनार किया जा रहा है। ऐसे में सिल्ट उठान की प्रक्रिया में रोक लगा दी गई है।

ककवन थाना क्षेत्र के से गुजरी निचली गंगा नहर के कई रजबहों में सिल्ट उठान के नाम पर खेल चल रहा है और मोटी कीमत पर सिल्ट बेची जा रही है। पूरे खेल में नहर विभाग के कई जिम्मेदार अधिकारी भी शामिल हैं। बुधवार को जांच के लिए एडीएम और एसडीएम के पहुंचने के बाद खनन माफिया में हड़कंप मच गया है। ककवन क्षेत्र में सिल्ट उठान के दौरान दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे, जिसमें कई लोग चोटिल भी हुए थे। दो दिन पूर्व गढ़ेवा गांव के रिक्खा पुरवा में डंपर की टक्कर से विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया था, जिस पर जेई ने मुकदमा दर्ज कराया था।

# विधायक ने अंडरपास की मांग को जायज बताया

संवाददाता, चौबेपुर


अंडरपास के लिए चिह्नित जगह देखने जाते विधायक राहुल बच्चा सोनकर। अमृत विचार

- विधायक ने धरने पर बैठे ग्रामीणों को दिया अंडरपास बनवाने का आश्वासन

**अमृत विचार।** हाईवे पर मरियानी गांव के सामने अंडरपास और कट को लेकर चल रहे बेमियादी धरना-प्रदर्शन में बुधवार को क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर भी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की मांग को जायज ठहराते हुए इसका समाधान जल्द कराने का आश्वासन दिया।

मरियानी गांव के सामने अंडरपास की मांग हाईवे निर्माण के शुरुआती दिनों से चल रही है, लेकिन अधिकारी समस्या को अनसुना कर रहे हैं। इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान श्यामजी कुशवाहा और ग्रामीणों ने कई बार विभागीय उच्चाधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराया, लेकिन नतीजा सिफर है। इधर आए दिन हादसों से आक्रोशित ग्रामीणों ने 21 फरवरी से हाईवे सर्विस रोड किनारे बेमियादी धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

ग्रामीणों ने एसडीएम और जनप्रतिनिधियों को बताया कि गांव की 80 फीसदी उपजाऊ भूमि, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, उप स्वास्थ्य केंद्र औ्र मंदिर हाईवे के दूसरी ओर दक्षिण दिशा में हैं। ऐसे में लोगों को आने-जाने में चार किमी का चक्कर काटना पड़ रहा है। बुधवार को मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर को ग्रामीणों ने बताया कि जब लोग हाईवे क्रॉस करते हैं तो हादसों का शिकार हो जाते हैं। मंगलवार को गांव के किसान रमेश दीक्षित की हादसे के बाद मौत हो गई। इससे पहले भी दो लोग हादसे का शिकार हुए हैं।

विधायक ने जल्द अंडरपास बनवाने का आश्वाशन दिया। इस दौरान उन्होंने इस बाबत जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र को भी पढ़कर सुनाया। बताया कि डीएम राकेश कुमार सिंह ने अंडरपास को लेकर विभागीय अधिकारियों की टीम गठित की है। एनएचआई 91 के अधिकारियों को भी पत्र लिखा है। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक को अंडरपास के लिए चिह्नित जगह का निरीक्षण भी कराया।

### सांसद ने भी लिखा पत्र

अंडरपास को लेकर क्षेत्रीय सांसद अशोक रावत ने भी 27 फरवरी को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। पत्र में बताया गया है कि गांव की उपजाऊ भूमि, विद्यालय, अस्पताल, मंदिर आदि मार्ग के दूसरी ओर दक्षिण दिशा में हैं, ऐसे में लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सुरक्षित आवागमन के लिए अंडरपास को आवश्यक बताते हुए इसका निर्माण जल्द कराये जाने की बात कही है।

# महिला के कान से बाले नोच ले गए बाइक सवार

संवाददाता, भीतरगांव

- महिला का कान हुआ जख्मी अस्पताल में कराया इलाज

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र की कुड़नी गांव के आगे पर्वतखेड़ा में महिला पैदल विद्यालय जा रही थी, तभी पीछे से आए बाइक सवारों ने उसके पर्स के साथ कान के बाले में झपट्टा मारा और छीनकर फतेहपुर की ओर फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर लोगों ने बाइक सवारों का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह बहुत दूर निकल चुके थे।

पर्वतखेड़ा निवासी मिथलेश यादव (53) बुधवार की दोपहर बाद घर से गांव बाहर अपने निजी स्कूल जा रही थी, तभी पीछे से एक बाइक से आए दो युवकों ने नजदीक आकर गांव का रास्ता पूछने के बहाने बातों में उलझा लिया और फिर उनके पर्स और दोनों कान में पहने सोने के बाले नोचकर मुसाफा (फतेहपुर) की तरफ भाग निकले। महिला के मुताबिक पर्स में चार हजार रुपये की नगदी और जरूरी कागजात थे। महिला की सूचना पर साढ़ पुलिस ने मार्ग किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालकर लुटेरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। हालांकि साढ़ थाना प्रभारी लूट की घटना से इंकार कर रहे हैं।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने पीटा

**सरसौल:** कस्बे की एक महिला ने एक युवक पर 13 साल की बेटी के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस आयुक्त से शिकायत के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई।

महिला के मुताबिक उसका पति विकलांग है। कस्बे का पिंटू यादव बेटी से अक्सर छेड़छाड़ करता है। एक पखवाड़े पहले उसके घर जाकर शिकायत की तो घर वालों ने मिलकर पीट दिया। शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उसने पुलिस कमिश्नर आफिस जाकर शिकायत की। बाद में पुलिस ने पिंटू, उसके पिता रंजीत यादव सहित सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की। एसओ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# लोकतंत्र के पर्व में जरूर करें मतदान: तिमराज

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले तहसील प्रशासन की ओर से लोकतंत्र पर्व चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहे हैं गुरुवार को बिल्हौर विकासखंड के राधान प्राथमिक विद्यालय में तहसीलदार तिमराज सिंह की अगुवाई में तहसील प्रशासन के कई अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए चुनाव में अपने-अपने मत का प्रयोग आवश्यक रूप से करने की अपील की।

मतदाता चुनावी चौपाल में विस्तार पूर्वक उनके अधिकारों की चर्चा की इसके अलावा अधिक से अधिक बुजुर्ग महिलाओं और युवाओं को चुनाव में बढ़-चढ़कर अपने मत के अधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस मौके पर प्रमुख रूप से तहसीलदार तिमराज सिंह, नायब तहसीलदार सीपी राजपूत के अलावा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक प्रधान रहे।

इसी तरह ककवन में आयोजित हमारा आंगन - हमारे बच्चे कार्यक्रम में बीईओ कमलेश कुमार गुप्ता व रवि कुमार सिंह ने ग्रामीणों व शिक्षकों को मतदान की शपथ दिलाई गई।

# राम गंगा नहर में मिले युवती के अर्धनग्न शव की शिनाख्त नहीं

फॉलोअप

संवाददाता, भीतरगांव

- कई जिलों के थानों को भेजी गई शव मिलने की सूचना
- पहचान को 72 घंटे के लिए मर्च्युरी में रखा गया है शव

**अमृत विचार।** मंगलवार को साढ़ क्षेत्र के रामगंगा नहर में अर्द्धनग्न मिले युवती के शव की बुधवार को भी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस प्रधानों और आसपास के जनपदों को महिला की फोटो भेजकर शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है, लेकिन फिलहाल कोई कामयाबी नहीं मिली। फिलहाल शव को 72 घंटे के लिए मर्च्युरी में रखा गया है।

साढ़ थाना क्षेत्र से निकली रामगंगा नहर में बरईगढ़ पुल से लगभग 100 मीटर की दूरी पर मंगलवार को एक अर्द्धनग्न युवती का शव ग्रामीणों ने उतराता देखा था। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला था। उसकी उम्र करीब 25 वर्ष के आसपास बताई गई, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। युवती के शरीर में सिर्फ अंडर गारमेंट्स था। पैर में तोड़ियां पहने थी। पानी में शव बहने के कारण फूल गया था। शरीर में कई जगह चोट के निशान भी दिखाई दे रहे थे। लोगों का मानना है कि दुराचार करने के बाद हत्या कर शव फेंका गया है। अलबत्ता, पानी में पड़े रहने से शव में सड़न सी पैदा होने से अब पोस्टमार्टम में भी दुराचार की पुष्टि हो पाना नामुमकिन सा है। साढ़ पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद मर्च्युरी में रखवा दिया है और 72 घंटे तक शिनाख्त होने का इंतजार कर रही है। उप निरीक्षक ब्रजेश कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम तक युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

विज्ञान दिवस | श्री शक्ति डिग्री कॉलेज में आयोजित प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

# नन्हे विज्ञानियों ने पेश किए बेहतरीन मॉडल

संवाददाता, घाटमपुर


विज्ञान प्रदर्शनी में अपने मॉडल पेश करतीं छात्राएं। अमृत विचार

- सांपों से बचने के लिए तैयार की इलेक्ट्रॉनिक छड़ी
- सोलर ऊर्जा से चलने वाली कार और बस का मॉडल पेश

**अमृत विचार:** श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहरी में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। विज्ञान दिवस में छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन मॉडल पेश किए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रबंधक विनय त्रिवेदी ने कहा कि भारत के महान वैज्ञानिक सर सीवी रमन की स्मृति में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि इस अमृत काल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शिक्षण संस्थाओं और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का विशेष स्थान है। भारत को 2047 तक एक सशक्त विकसित राष्ट्र बनाने के लिए छात्र-छात्राओं को स्वदेशी तकनीकी को खोजना होगा, जिससे वह राष्ट्र की अनेक समस्याओं का निराकरण कर सकें। उन्होंने कहा कि नई वैज्ञानिक खोज और अनुसंधान के लिए पीएचजी डिग्रीधारी होना जरूरी नहीं है, बल्कि स्नातक के छात्र-छात्राएं भी अनेक प्रकार के शोध और अनुसंधान करके विज्ञान के क्षेत्र में स्वदेशी तकनीक को खोज सकते हैं।

छात्र शैलेश कुमार ने रात के समय खेतों में काम करने के लिए सांपों आदि से बचने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक किसान सुरक्षा छड़ी बनाई, जो रात के समय टॉर्च के रूप में काम करने के साथ वाइब्रेटर का भी काम करती है। इसके वाइब्रेशन से सांप भाग जाते हैं। छात्रा मनिका तिवारी, शिवानी और अमन तिवारी ने प्रदूषण से बचने और रीसायकल के मॉडल बनाए। छात्रा आयुषी और आरुषि ने सोलर ऊर्जा से चलने वाली मोटरसाइकिल, कार और बस का मॉडल बनाकर इन्हें भविष्य के लिए आवश्यक बताया।

इसके साथ ही छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रसायनों से खाद्य पदार्थों की शुद्धता की जांच और कम खर्चे में वर्मी कंपोस्ट और कंपोस्ट खाद बनाने के तरीके भी सुझाए। भारतीय वैदिक ज्ञान प्रणाली के संबंध में मॉडल बनाएं।

छात्राओं में विशेष रूप से ईशा यादव, नेहा साहू, श्रेया, अंकुश, अर्पित, एंजिल सचान आदि रहे। यहां लेफ्टिनेंट विवेक त्रिवेदी, सुभाष सिंह, श्याम शुक्ला, सत्येंद्र अग्निहोत्री, राव नंदन विद्यार्थी, राजकुमार शर्मा, मनोज सोनकर, जयकिशोर सचान आदि रहे।

# वृद्धावस्था पेंशन में 4093 वृद्ध शामिल

**घाटमपुर:** पतारा, घाटमपुर और भीतरगांव में समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुमोदित की गई वृद्ध पेंशनों को समाज कल्याण विभाग ने स्वीकार करते हुए 1182 लोगों को पेंशन योजना से जोड़ा है। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत घाटमपुर के उप जिला अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों के द्वारा सत्यापन के उपरांत पात्र पाए गए।

1182 आवेदकों की पेंशन जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन कर पात्र सूची में शामिल किया लिया गया है। भीतरगांव में 233, बिल्हौर में 537, चौबेपुर में 330, घाटमपुर में 769, ककवन में 85, कल्याणपुर में 180, पतारा में 189, सरसौल में 134, शिवराजपुर में 184, बिधनू में 487 तहसील बिल्हौर शहरी क्षेत्र में 07, तहसील घाटमपुर शहरी क्षेत्र में 94, तहसील सदर सरकारी क्षेत्र में 864, आवेदक पात्र पाए गए लोगों को पेंशन जारी की गई है।

# दिव्यांगों को मिले जरूरी उपकरण

संवाददाता, सरसौल


सरसौल में दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल बांटती ब्लाक प्रमुख विजय रत्ना। अमृत विचार

**अमृत विचार:** दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग की ओर से बुधवार को सरसौल ब्लॉक कार्यालय परिसर में निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को जरूरत के उपकरण बांटे गए।

इस मौके पर 50 दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल दी गई, जबकि पांच दिव्यांगजनों को हियरिंग मशीन और पांच को हाईटेक स्टिक्स प्रदान की गईं। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर ब्लाक प्रमुख विजय रत्ना सिंह तोमर और भाजपा नेता सुरेंद्र अवस्थी मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी निशांत राय ने मौजूद लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में सरसौल प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अरुण सिंह (रोहित), सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण सोनम सिंह, पुनीत निश्रा, विनय मिश्रा, रानू शुक्ला, अजय प्रताप सिंह, चुक्कू सिंह, रामकुमार उर्फ देवगौड़ा, अवनेश तिवारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। उपकरण पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे।

### दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसिलिंग

**बिल्हौर।** दोनों प्राथमिक विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों को आवाज का बोध कराने के चलिए अभिभावकों की काउंसिलिंग कराई गई। दिव्यांग बच्चों को उपकरण के रखरखाव एवं जन्मांध बच्चों को आवाज के जरिए विषय वस्तु की जानकारी कराने के लिए लिखावट सहित अन्य कई विषयों पर संदर्भदाता चिंतामणि यादव व राकेश कुमार ने बच्चों के साथ अभिभावकों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। यहां कई बच्चे बौद्धिक, दृष्टि और पैर से दिव्यांग हैं, जो विद्यालय में पढ़ने के लिए आते हैं।

# अन्ना मवेशी के हमले से चली गई एक और जिंदगी

## निजी अस्पताल में एक महीने से चल रहा था वृद्ध का इलाज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


सुंदर लाल।

● सुबह टहलते वक्त अन्ना मवेशी ने किया था हमला

**अन्ना मवेशी से संबंधित हाल में हुई घटनाएं**

- अन्ना मवेशियों के हमले और उनकी वजह से इस माह कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं। कई को लंबे समय तक अस्पताल में इलाज कराना पड़ा।
- 20 फरवरी को माखी क्षेत्र के विक्रमखेड़ा गांव निवासी लक्ष्मी नारायण (45) अन्ना मवेशी के हमले से घायल हुए थे। जिनकी 24 फरवरी को मौत हो गई थी।
- 14 फरवरी को अन्ना मवेशी के हमले में छह लोग गंभी रूप से घायल हुए थे। इनमें वृद्धा बिटाना को आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा था।
- 2 फरवरी को मोहान कस्बा के कटरा निवासी संतोष मौर्य (55) की अन्ना मवेशी से टकराकर मौत हो गई थी।

**अमृत विचार।** सुबह टहलने निकले वृद्ध अन्ना मवेशी के हमले से गंभीर घायल हो गए थे। परिजन उसका निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। जहां हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन उन्हें घर ले आए थे। बुधवार को अचानक उनकी हालत ज्यादा बिगड़ी तो उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर सदर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

सदर कोतवाली अंतर्गत अहिरन खेड़ा गांधी नगर निवासी निवासी सुंदर लाल यादव (62) पुत्र बीती 26 जनवरी की सुबह रोज की तरह टहलने निकले थे। घर से थोड़ी दूर एक अन्ना मवेशी ने उन पर अचानक हमला कर दिया था। सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में आई चोटों के कारण परिजन अचेत हालत में उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए जहां उनका इलाज चल रहा था। हालत में सुधार न होने पर परिजन उन्हें घर ले आए थे। बुधवार सुबह अचानक उनकी हालत गंभीर होने पर बेटा उन्हें जिला अस्पताल लाया। जहां ईएमओ मनीष चौरसिया ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। दिवंगत वृद्ध निजी चिकित्सक थे और अकरमपुर में क्लीनिक चलाते थे। उनकी मौत से पत्नी प्रेमावती सहित, बेटा विकास, बिजनेश व पंकज रो-रोकर बेहाल रहे।

# बार काउंसिल सदस्य के चुनाव में ताल ठोकेंगे


प्रेस वार्ता करते बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश शुक्ला। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** उन्नाव बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश शुक्ला आगामी बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में सदस्य पद लिए पुनः चुनाव मैदान में उतरेंगे। पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने जानकारी दी।

बार अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने बताया कि पूर्व भी मैंने यह चुनाव लड़ा था, लेकिन 134 वोटों से पराजित हो गया था। बताया कि यह दुर्भाग्य की बात है कि आज तक बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में प्रतिनिधित्व उन्नाव में नहीं हो सका। जबकि उन्नाव के अधिवक्ता साथी चाहें तो उनके सहयोग से यह सफलता हासिल की जा सकती है। मुझे यह कहने में संकोच नहीं है कि मैने इसके पूर्व भी सार्वजनिक जीवन के कई चुनावों में अपनी भागीदारी की और बार एसोसिएशन उन्नाव का आठवीं बार अध्यक्ष बना हूं। अधिवक्ता साथियों के अनुरोध पर आगामी बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में अपनी प्रत्याशिता सुनिश्चित करने जा रहा हूं। विश्वास जताया कि इस बार उन्हें प्रतिनिधित्व करने का अवसर जरूर मिलेगा। इसका सारा श्रेय जिले के अधिवक्ताओं का होगा।

# प्लेटफार्म पर मिले शव की दूसरे दिन भी नहीं हो सकी शिनाख्त

**शुक्लागंज उन्नाव।** मंगलवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव गंगाघाट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर पड़ा यात्रियों ने देखा था। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को मर्च्युरी में रखवाया था। चौबीस घंटे से अधिक का समय बीतने के बाद भी जीआरपी अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं करा सकी है।

गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह करीब छह बजे एक 45 वर्षीय युवक का शव औंधे मुंह प्लेटफार्म पर चार पर पड़ा यात्रियों ने देखा था। सूचना पर आरपीएफ और जीआरपी मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। जिस पर शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया गया है। वहीं चौबीस घंटे से अधिक का समय होने के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। इस बावत जीआरपी एसओ विपिन कुमार ने बताया कि शिनाख्त के लिए अन्य जनपदों में तलाश गश्ती भेजी जा रही है।

## सार-संक्षेप


चौपाल में मौजूद भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष। अमृत विचार

### युवा चौपाल में गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**उन्नाव।** आगामी लोकसभा चुनाव में फतह हासिल करने के लिए पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसके अंतर्गत भाजयुमो के युवा चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत जिला उपाध्यक्ष ने सुमेरपुर मंडल के कई गावों की चौपाल में शामिल हुए और ग्रामीणों को सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। मिशन-2024 की कामयाबी में जुटी भाजपा ने अपने सभी मोर्चों व प्रकोष्ठों को भी मैदान में उतारकर आगामी लोकसभा चुनाव से पहले जनता तक सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की जिम्मेदारी दी है। भाजयुमो को इसके लिए गावों में युवा चौपाल लगाने का काम दिया गया है। बुधवार को युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कुश सिंह ने भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के सुमेरपुर मंडल के सरांय मनिहार, बड़ी पनई, मनिकारपुर सहित अन्य गांव में युवा चौपाल लगाई। जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्रों से इसका लाभ उठाने की अपील की। साथ ही चौपाल में ग्रामीणों की शिकायतें सुनकर उन्हें शीघ्र निस्तारण करवाने का आश्वासन भी दिया। जिला उपाध्यक्ष ने सभी से एक बार फिर बीजेपी को देने का आह्वान किया। चौपालों का संयोजन ग्राम प्रधान प्रिंशु सिंह, माजिद हुसैन, पिंटू सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान ग्रामीणों समेत बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डाक्टर पर लगाया मेडिकल रिपोर्ट में हेराफेरी करने का आरोप

**पुरवा उन्नाव।** क्षेत्र के गांव अबूसा में नवंबर-2019 को गांव के छोट्टन ने पुलिस को तहरीर देकर क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी जगदीश व एक अज्ञात पर अपने बेटे जितेंद्र को जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिस पर पुलिस ने जगदीश व दूसरे आरोपी मोहन लोधी निवासी सैदपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद जगदीश जमानत पर छूट गया था। लेकिन मोहन लोधी अभी तक जेल में हैं। मामले में आरोपी मोहन लोधी के अधिवक्ता राजेश ने सीएचसी में तैनात डा. यूके सिंह पर कोर्ट में दाखिल की गई मेडिकल रिपोर्ट में हेराफेरी करने का आरोप लगा सीएमओ से शिकायत की थी। जिस पर सीएमओ सत्य प्रकाश ने एसीएमओ आरके गौतम व डिप्टी सीएमओ जेआर सिंह को जांच सौंपी थी। लेकिन काफी समय बाद भी अब तक जांच रिपोर्ट न दिए जाने से डाक्टर को बचाने की कोशिश करने की बात सामने आ रही है। जिस पर अधिवक्ता राजेश ने जांच रिपोर्ट जल्द देने व डाक्टर पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। अधिवक्ता द्वारा जनसूचना से मांगी गई सूचना के आधार पर डा. यूके सिंह द्वारा गलत मेडिकल रिपोर्ट बनाने के साक्ष्य दिए थे। इसे लेकर सीएचसी अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### शराब ठेके के पास से चोरों ने पार की दो बाइकें

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव चमरौली स्थित शराब ठेके के पास खड़ी दो बाइकें चोरों ने बीती देरशाम पार कर दीं। काफी खोज के बाद भी जब बाइकें नहीं मिली तो पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर दी है। चमरौली गांव स्थित शराब ठेके के पास मंगलवार देरशाम खड़ी दो बाइकें अचानक गायब हो गईं। बाईक सवार जब वापस जाने के लिये पहुंचे तो वहां बाइकें नहीं मिलीं। कोतवाली क्षेत्र के मीतखेड़ा गांव निवासी धर्मवीर यादव ने बताया कि चमरौली स्थित शराब ठेके के पास रिश्तेदार मिल गये तो वह बाइक खड़ी कर उससे बात करने लगा। घर जाने के लिये जब वह बाइक के पास पहुंचा तो बाइक वहां नहीं थी। काफ़ी खोजने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। वहीं चमरौली निवासी आरव पुत्र विजय कुमार ने बताया कि ठेके के सामने बाइक खड़ी कर दोस्त से मिलने गया था। वापस आया तो बाइक वहां नहीं थी। आसपास काफी पता करने पर भी बाइक की कोई जानकारी नहीं मिली। पीड़ितों ने अजगैन कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जा रही है।



छात्र को स्मार्ट फोन देते विधायक श्रीकांत कटियार।। अमृत विचार

### स्मार्ट फोन से प्रदेश के छात्र-छात्राएं बन सकेंगे स्मार्ट

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने बुधवार को नगर स्थित अब्दुल गफ्फार महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क स्मार्टफोन वितरित किये। उन्होंने कहा कि यह उपकरण छात्र-छात्राओं को स्मार्ट बनाने का काम करेगा। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने आपको स्मार्ट फोन देकर स्मार्ट बनाने का निर्णय लिया है। जिससे छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की अच्छी तैयारी कर सकते हैं। इसके पूर्व विधायक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रामनरेश कुशवाहा, प्रमेश चौधरी, जयपाल पटेल, अखिलेश सिंह व महाविद्यालय के सभी अध्यापक मौजूद रहे।

### किसान यूनियन ने एसडीएम को बताईं गावों की समस्याएं

**पुरवा उन्नाव।** तहसील सभागार में बुधवार को विभिन्न किसान संगठनों की समस्याओं को लेकर एसडीएम रनवीर सिंह ने सभी विभागों व थानाध्यक्षों के साथ बैठक की। एसडीएम ने किसानों से संबंधित जो भी शिकायतें आईं उन्हें निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान 22 शिकायतें आईं जिसमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया। भाकियू लोकतांत्रिक संगठन के लक्ष्मी नारायण लोधी व दुर्गादीन के नेतृत्व में आधा सैकड़ा किसानों ने गावों में खराब सरकारी हैंडपंप, ग्राम समाज की भूमि पर पात्र किसानों को आवासीय आवंटनसहित 17 सूत्रीय मागों का मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन दिया।

## एक नजर

### खाई में गिरी कार, तीन घायल

**पाटन उन्नाव।** बिहार थानाक्षेत्र के पाटन-धानी खेड़ा मार्ग पर बीती रात धानीखेड़ा से आ रही कार जय गुरुदेव आश्रम के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। जिसमें चालक शाहिद व तीन अन्य लोग सवार थे। कार सवार अमित (30), मुकेश (35) व राधेश्याम (40) निवासी बिडौली थाना खीरों रायबरेली गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें सीएचसी पाटन ले गई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया। थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडे ने बताया कि घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**आसीवन उन्नाव।** आसीवन थानांतर्गत महिला ने पड़ोसी युवक पर शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला का मेडिकल कराया है। आसीवन कस्बा के एक मोहल्ला की महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति पूना शहर में काम करता है।

# 'सभी शिक्षक डायरी को रोजाना भरें'

संवाददाता पुरवा उन्नाव

● चार दिवसीय ट्रेनिंग को लेकर बीएसए ने जताया संतोष

● सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण में कई जानकारियां दी गई

**अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र चमियानी में चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण निपुण भारत मिशन बुनियादी भाषा व गणित पर आधारित प्रशिक्षण के तीसरे दिन गणित विषय प्रशिक्षण का बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जांच कर संतोष व्यक्त किया। वहीं सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण में कई जानकारियां दी।

जानकारी को विद्यालय स्तर पर लागू करने पर विशेष ध्यान देने के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक दिये गए टैबलेट में छात्र उपस्थित व एमडीएम पंजिका का डिजिटलाइजेशन करें और शिक्षक डायरी शिक्षण योजना के अनुसार रोजाना उसे भरें। बीएएस ने कहा कि संचालित उन्नति अर्चना में नियमित गतिविधियां संचालित करें। प्रशिक्षक एआरपी गौरव वर्मा ने गणित में गणित शिक्षण के उपयुक्त दृष्टिकोण अकादमिक योजना की मुख्य बातों, वार्षिक योजना के लिए उपयुक्त संसाधनों के विषय में शिक्षकों को जानकरी दी गई। एआरपी. जय प्रकाश वर्मा द्वारा स्वयं निर्मित व परिवेशीय सामग्री के उपयोग के विषय में बताया। एआरपी अमरकांत मिश्र ने अनुदेशात्मक कार्य के विषय में विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण में अक्षत शुक्ला, दीपक सिंह, श्रवण कुमार, अनूप सिंह, राजे सिंह, आशीष, रोहित त्रिवेदी, हर्षित मिश्र, पूर्णिमा दुबे, स्वाती यादव, सुनीता, मंजू देवी, प्रियंका सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

**कस्तूरबा गांधी विद्यालय में सब ठीकठाक मिला**

**पुरवा।** बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सेंगर ने बुधवार को क्षेत्र के गढ़ाकोला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने बच्चों के आवासीय कक्ष को देखा। जहां उन्हें साफ-सफाई दुरुस्त मिली। इसके बाद उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। जहां समस्त स्टाफ भी मौजूद मिला। बीएसए के बच्चों की संख्या पूछने पर वार्डन कविता तिवारी ने बताया कि विद्यालय में कुल 100 बच्चे पंजीकृत हैं। जिसमें 90 बच्चे उपस्थित मिले। विद्यालय के सात छात्राओं का जन्मदिन होने पर बीएसए ने स्टाफ के साथ केक काटा व बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके साथ भोजन भी किया। बीएसए ने विद्यालय में साफ-सफाई व बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के निर्देश दिए।

# कोर्ट ने दिया ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

● आठ माह पहले हुई थी विवाहिता की संदिग्ध मौत

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के अलौलापुर गांव में करीब आठ माह पूर्व विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। भाई की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या में रिपोर्ट दर्ज न कर उसे चलता कर दिया था। निराश भाई ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद सीजेएम कोर्ट ने तहरीर के आधार पर ससुरालियों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने का आदेश दिया है।

बता दें कि बीती 23 मई को बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव अलौलापुर निवासी राकेश की पत्नी नीलम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के भाई अमित निषाद निवासी गांव लोचन खेड़ा गंगाघाट कोतवाली ने फ्रिज और टीवी खरीदने के लिए 20 हजार रुपए दहेज में न देने पर बहन की हत्या करने के आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर लेकर मायके पक्ष को टरका दिया था। भाई ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए जिले के पुलिस अफसरों से गुहार लगाई थी लेकिन, उसकी एक न सुनी गई। भाई ने कोर्ट की शरण ली थी। अधिवक्ता अनुराग सिंह ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156 (3) के तहत सीजेएम कोर्ट में वाद दाखिल कर साक्ष्यों के आधार पर घटना की रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश जारी करने की मांग की थी।

# प्राइमरी स्कूल के पीछे पड़ा मिला चार माह भ्रूण

संवादाता सफीपुर उन्नाव

**कन्या का था भ्रूण**

पुलिस ने मिले भ्रूण शिशु का नौबतपुर गांव निवासी हुकुम चंद्र की तहरीर पर पोस्टमार्टम कराया। सूत्र बताते हैं कि कन्या का भ्रूण था और इसके लिए ही उसे गर्भपात कराकर सुनसान जगह फेंक दिया गया। इसके तीन से चार दिन पुराना और करीब छह माह के होने की आशंका जताई गई है।

**अमृत विचार।** लगातार प्रयासों के बाद भी निजी अस्पतालों में भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पाई है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में एक प्राइमरी स्कूल के पीछे जानवरों द्वारा भ्रूण को नोचते देख लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने दफन भ्रूण को कुत्तों द्वारा खोदने की संभावना जताई है।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के नौबतपुर गांव स्थित प्राइमरी स्कूल के पीछे करीब चार माह का भ्रूण झाड़ियों में फेंक दिया गया। मंगलवार रात जानवर द्वारा उसे नोचने पर लोगों की नजर पड़ी तो वहां भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की। लोगों में चर्चा रही कि निजी अस्पताल और जांच केंद्रों में नियमों को दरकिनार मोटी रकम के लालच में जेंडर की पहचान के लिए अल्ट्रासाउंड व अस्पतालों में गर्भपात का अनैतिक खेल जोर शोर से जारी है। इसकी जानकारी के बाद भी स्वास्थ्य अधिकारियों की नजर से यह बचे रहते हैं। एसएचओ श्याम नारायण सिंह ने बताया कि अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है और भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# हाईवे किनारे मिला महिला का शव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


मौके पर जांच पड़ताल करती गंगाघाट पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के झब्बूपुरवा निवासी एक महिला मंगलवार देर शाम घर से निकली। जिसके बाद संदिग्ध हालत में उसका शव हाइवे के त्रिभुवन खेड़ा स्थित एक ढाबे के पीछे झाड़ियों में बुधवार सुबह ग्रामीणों ने पड़ा देखा। जिसकी जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जिसके बाद पंचनामा भर शव को पीएम के लिये भेजा गया है।

झब्बूपुरवा निवासी रामबाबू निषाद की पत्नी उमा (45) मंगलवार शाम घर से कुछ काम की बात कहकर निकली थी। जिसके बाद बुधवार सुबह हाइवे स्थित त्रिभुवन खेड़ा गांव के पास एक होटल के पीछे झाड़ियों में संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव पड़ा ग्रामीणों ने देखा। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंचे जाजमऊ चौकी इंचार्ज राजेश सिंह मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने जांच पड़ताल की। जिसके बाद पुलिस ने पंचानामा भर शव को पीएम के लिये भेजा है। वहीं ग्रामीणों की मानें तो उसके मुंह से झाग और नाक से खून निकल रहा था। शरीर पर हल्की चोटें भी दिखाई पड़ रहे थे। जिससे हत्या की भी आशंका जाहिर की जा रही है। वहीं मृतक के पति ने बताया कि रात के समय जब पत्नी घर नहीं पहुंची तो उसने गांव से लेकर आस पास उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। सीओ सिटी विजय आनंद ने बताया कि महिला के शव को पीएम के लिये भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा। सभी पहलुओं पर जांच की।

# घरेलू विवाद के बाद दो महिलाओं ने खा लिया जहर

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत मामूली विवाद के चलते दो महिलाओं ने विषाक्त पदार्थ निगल लिया। परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव कुशलीखेड़ा निवासी उषा (35) पत्नी सुरजन की बुधवार दोपहर अपने बेटे रामजी से किसी बात पर कहासुनी हो गई। इससे नाराज होकर उसने घर मे रखी खेत में डालने वाली दवा निगल ली। हालत बिगड़ते देख परिजनों ने उसे नवाबगंज में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं कोतवाली क्षेत्र के बख्तूखेड़ा गांव निवासी अन्नू सिंह (38) पत्नी निखिल ने भी जहर निगल कर जान देने की कोशिश की। परिजनों ने नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया।

**हाईटेक** उन्नाव के सभी थाना कोतवालियों में भी साइबर सेल की स्थापना की गई

# ऑनलाइन ठगी पर नकेल कसेगा साइबर थाना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● अब साइबर संबंधी अपराध इसी थाने में दर्ज होंगे

● थानों में स्थापित साइबर सेल में अलग से निरीक्षक रहेंगे


साइबर थाना का उद्घाटन करते एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पुलिस लाइन में साइबर क्राइम थाने की स्थापना की गई है। इसके अलावा सभी थानों में साइबर सेल भी खोला गया है। इससे अब थाना व कोतवाली स्तर पर लोग साइबर सेल में अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। एक लाख से अधिक के जालसाजी सहित अन्य मामलों के लिए साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट भी दर्ज होगी।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बढ़ते आनलाइन अपराध संबंधी मामलों के लिए सभी जिलों में साइबर क्राइम थानों की स्थापना के निर्देश दिए थे। बुधवार को लखनऊ में सीएम ने इसका उद्घाटन भी किया। जिले में रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने जिले के पहले साइबर क्राइम थाने का उद्घाटन किया। इसके साथ जिले के सभी थाना-कोतवालियो में साइबर सेल भी गठित की गई। जिनका बुधवार से शुभारंभ किया गया। अब साइबर संबंधी अपराध थाने में दर्ज होंगे और यहीं से उनकी विवेचना की जाएगी। इससे संबंधी जो भी प्रार्थनापत्र थानों में आएंगे उनकी रिपोर्ट यहीं दर्ज होगी और यहीं से इनकी विवेचना की जाएगी। अभी तक थाना न होने से गठित साइबर सेल से ही मामलों का निस्तारण होता था।

थाने में दो निरीक्षक में अश्वनी कुमार मिश्र को प्रभारी बनाया गया है। दूसरे निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार के साथ दरोगा सुभाष चंद्र, अयोध्या प्रसाद के साथ मुख्य आरक्षी तरुण सिंह, आरक्षी शमसुद्दीन, मोनू यादव, महिला आरक्षी कुंती अग्रवाल व श्रुति मिश्रा की तैनाती दी गई है। वहीं थानों में स्थापित साइबर सेल में अलग से निरीक्षक रहेंगे। एक लाख से कम के मामले वहीं से निस्तारित होंगे। बड़े मामलों की रिपोर्ट साइबर क्राइम थाने में दर्ज की जाएगी।

# बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**पुरवा उन्नाव।** बाजार जाते समय वृद्ध को बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी। गंभीर हालात में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अचलगंज थानांतर्गत गांव सैदपुर निवासी रामस्वरूप रावत (69) अपनी ससुराल असोहा में रहते थे। जहां मंगलवार दोपहर घर से निकलकर बाजार जा रहे थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह वहीं गिर गए।

जिन्हें कस्बा वासियों ने सीएचसी पहुंचाकर परिजनों को सूचना दी। जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने बाइक चालक के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है।

# सत्ता पाय काय मद नाहीं वाली कहावत चरितार्थ कर रही है भाजपा:अन्नू टंडन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


मौजूद लोगों को संबोधित करतीं पूर्व सांसद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारें धमकी, घुड़की व खरीद-फरोख्त को हथियार बनाकर विपक्ष का नाश करने पर आमादा है। जिसे भारतीय संविधान व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दोनों पर कतई विश्वास नहीं है। जिन्हें जड़ से खत्म करना भाजपा का मक़सद है।

यह बातें विधानसभा बांगरमऊ की टाउन एरिया ऊगू में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद व सपा की लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने कहीं। कहा कि सत्ता पाय काय मद नाहीं वाली कहावत सर्वविदित है। भाजपा सरकारों ने पूरे देश मे विपक्ष को जड़ से मिटाने की कसम ले रखी है। ईडी, सीबीआई जैसी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर भय और आतंक फैला विपक्ष को नेस्तनाबूद कर रही है। उन्होंने बुधवार को विधानसभा बांगरमऊ क्षेत्र के माथर, रज्जाकपुर, काली मिट्टी, कुजगवां, पट्टी उसमान, पण्डा खेड़ा, रमजानी खेड़ा, अलौला खेड़ा, तमोरिया खुर्द, तमोरिया बुजुर्ग, अरगूपुर, बेहटा, कैथोली, ब्योली, रोशनाबाद व गोवा पट्टी आदि गावों का दौरा कर जनजागरण किया।

उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि यह देश बचाने का चुनाव है। सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव, हेमंत पाल, बदलू खान, रमेश रावत, राकेश रावत, शशांक शुक्ला, डा. रामपाल कुशवाहा, मुन्ना अल्वी, याकूब खान, खलील खान, रंजीत गौतम, राम करन गौतम, हाजी सैय्यद इरफान, हरदयाल गौतम, रिन्कू कनौजिया, ललित मिश्रा, शेर सिंह, जयप्रकाश कनौजिया, अमित यादव, अमन अंजुम, राम नरेश यादव आदि रहे।

# 20 साल पहले हुए दोहरे हत्याकांड में पांच को उम्रकैद

## हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में दो सगे भाइयों की हुई थी हत्या, सात आरोपियों में दो की मुकदमे की सुनवाई के दौरान हो चुकी मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली अंतर्गत करीब 20 साल पहले दो सगे भाइयों की हत्या के मामले में कोर्ट ने बुधवार को फैसला दिया है। न्यायाधीश ने हत्या में शामिल पांच लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास के निर्देश दिये। इसके साथ ही दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया है। इस मामले में दो अन्य आरोपियों की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है।

बता दें कि हसनगंज कोतवाली अंतर्गत ताला सरायं गांव निवासी रामेश्वर सिंह ने 27 अक्टूबर-2003 को अपने सगे दो भाई गिरीश सिंह व हरदयाल सिंह की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया था कि 26 अक्टूबर-2003 को उसका भाई गिरीश व साला अहिबरन व भतीजी रंजना पुत्री गिरीश सिंह घर के बरामदे में शाम करीब सात बजे बैठे थे। उसी दिन दीपावली का त्योहार भी था। कुछ देर बाद रज्जन सिंह व गुड्डू सिंह पुत्र जयराम सिंह, राजकुमार सिंह, उधम सिंह व उत्तर सिंह पुत्र पूरन सिंह, माडल सिंह पुत्र महराज सिंह, परशुराम पुत्र नरपत सिंह निवासी तालासरायं कोतवाली हसनगंज हाथ में कुल्हाडी व फावड़ा लेकर आए और उसके भाई गिरीश को खींचकर सुंदर पासी के दरवाजे के पास रखी लकड़ी पर उसकी गर्दन रखकर काट दी थी। इसके बाद सभी आरोपी उसके दूसरे भाई हरदयाल सिंह को नन्हक्के पासी के दरवाजे घसीट लाए और गला दबाकर उसकी भी हत्या कर दी थी। परिजन मदद मांगते रहे लेकिन कोई बचाने नहीं आया।

आरोपी दोनों भाइयों को मारने के बाद उनके शवों को उठा ले गए। जो बाद में पुलिस ने बरामद किए। हत्या पुरानी रंजिश के चलते हुई थी। घटना के करीब 18 वर्ष पूर्व गांव के बड़क्के पुत्र जयराम सिंह की हत्या हुई थी। जिसमें उसके भाई गिरीश सिंह व दो अन्य पर आरोप था। तत्कालीन कोतवाली एसएचओ कृष्ण कुमार यादव ने 28 अक्टूबर-2003 को दोनों भाइयों के शवों का पोस्टमार्टम कराया और साक्ष्य जुटाते हुए 21 अप्रैल-2004 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। लंबे समय से केस कोर्ट में विचाराधीन था। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता दीपक मिश्रा की दलील सुनने के बाद एडीजे रवि प्रकाश साहू ने आरोपी रज्जन सिंह, गुड्डू सिंह, राजकुमार सिंह, उधम सिंह व उत्तम को सुनियोजित ढंग से दो सगे भाइयों की हत्या करने में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं मुकदमे की सुनवाई के दौरान दो अन्य आरोपी माडल सिंह व परशुराम सिंह की मौत हो चुकी है।

### कूड़ा फेंकने के विवाद में हुई हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत सात साल पहले कूड़ा फेंकने के विवाद में युवक की हत्या हुई थी। अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास के साथ 25 हजार का जुर्माना भी लगाया है। वहीं मामले में सह आरोपी उसकी बहन को साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया। अजगैन कोतवाली के मकूर गांव निवासी नैनीताल के बेटे निर्मल यादव की 23 दिसम्बर-2017 को हत्या हुई थी। पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि घटना के समय उसका बेटा घर के बाहर हाथ धो रहा था। तभी पड़ोसी दिनेश अपनी बहन कंचन व कई अन्य लोगों के साथ आया और सड़क पर कूड़ा फेंकने को लेकर दोनों में विवाद हुआ। बेटे के विरोध करने पर आरोपियों ने पहले उससे मारपीट की और बाद में दिनेश ने बेटे की गर्दन में गोली मार दी। पुलिस ने आरोपी दिनेश व उसकी बहन के खिलाफ हत्या व आर्म्स एक्ट की धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। बुधवार को मुक़दमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता अजय कुशवाहा की दलील व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने आरोपी दिनेश को हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास के आदेश दिये। साथ ही जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने जुर्माने की 50 प्रतिशत राशि मृतक के पिता को देने के आदेश भी दिए।

### छेड़छाड़ के आरोपी को तीन साल की सजा

**उन्नाव।** 14 मई-2014 को माखी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने रऊ करना गांव निवासी प्रताप पर छेड़छाड़ का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया था घटना के दिन वह गांव में लगा मेला देखने गयी थी। प्रताप व उसके दो साथियों ने रास्ते में पकड़ कर उससे अश्लील हरकत की और उसका दुपट्टा खींच लिया। इसी दौरान गांव निवासी एक युवक को आता देख सभी वहां से भाग निकले। पीड़िता की तहरीर पर माखी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट व छेड़छाड़ के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। आईओ ने घटना की जांच कर आरोपी युवक के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तब से मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन था। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता कविता सिंह की दलीलों व प्रस्तुत गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने प्रताप को घटना का दोषी ठहराते हुए तीन साल की सजा सुनाई है।

### बिजली चोरी में दो साल की जेल

**उन्नाव।** बिजली चोरी के मामले में ईसी-एक्ट की कोर्ट ने एक आरोपी को सुनवाई के बाद दो साल की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 10 हजार का अर्थदंड भी लगाया। विद्युत बिल बकाया वसूली अभियान अंतर्गत कुछ उपभोक्ताओं के विद्युत बिल बकाया होने से सात मार्च-2017 को कनेक्शन काट दिए गए थे। 17 मार्च-2017 को विजिलेंस टीम ने सफीपुर मवई लाल गांव में वीरेंद्र के घर पर चेकिंग की तो देखा कि उसने फिर से कनेक्शन जोड़ लिया था। विभागीय जेई की ओर से कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आईओ सुरेश मिश्रा ने जांच के बाद आरोपी के विरुद्ध 25 अप्रैल-2017 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। शासकीय अधिवक्ता आनंद गौड़ की ओर से दी गई दलीलों के आधार पर न्यायाधीश अनिल कुमार सेठ ने वीरेंद्र को दो साल की सजा सुनाई। 10 हजार का जुर्माना भी लगाया।

# अधिवक्ताओं ने कहा बैलट पेपर पर हो लोकसभा चुनाव



तहसीलदार को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** तहसील बांगरमऊ के अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में आगामी लोकसभा चुनाव ईवीएम के बजाय बैलट पेपर से करने की मांग की।

अधिवक्ता रामपाल यादव व शादाब खान आदि ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में कहा कि देश के संविधान ने हर नागरिक को मतदान कर अपने पसंद का जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया है। पूर्व में लोकसभा व विधानसभा चुनाव संविधान के अनुरूप बैलेट पेपर से होते रहे हैं। बैलेट पेपर से चुनाव होने पर किसी भी मतदाता ने कभी आपत्ति नहीं जताई। लेकिन, आज देश के मतदाताओं का ईवीएम से विश्वास उठ चुका है। सुप्रीम कोर्ट के वकीलों समेत तमाम प्रबुद्ध जन ईवीएम का विरोध कर रहे हैं। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में राष्ट्रपति से बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की है।

# लापता किशोर लखनऊ में मिला

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला था
- पुलिस टीम ने किशोर को परिजनों के सुपुर्द किया

**अमृत विचार।** गांगघाट कोतवाली क्षेत्र के राजीव नगर खंती निवासी एक किशोर 15 दिन पूर्व घर से निकला था। जिसके बाद वह लापता हो गया। परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल सका। बुधवार को लखनऊ राजकीय बाल गृह केन्द्र की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से बच्चे को ढूढ़कर उसके घर पहुंचाया।

पश्चिमी चौकी क्षेत्र के राजीव नगर खंती निवासी समीर अंसारी का 8 वर्षीय बेटा बब्लू 15 दिन पहले घर से निकला था। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। जिस पर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल सका। इस दौरान वह लखनऊ पहुंच गया। जहां राजकीय बाल गृह के एसआई ने उससे पूछताछ की। जिस पर उसने गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रहने की बात बताई।



बच्चे को परिजनों को सौंपती टीम।

इस जानकारी के बाद एसआई ने गंगाघाट पुलिस की मदद ली। जिसके बाद बुधवार को लखनऊ प्रयागराज रोड स्थित राजकीय बाल गृह के एसआई मो. अफजल अपनी टीम के साथ किशोर को लेकर उसके घर पहुंचे और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बेटे को देख मां काजल की आंखे भर आई और उसने बच्चे को गले से लगा लिया। सभी ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

# गंगाघाट थाने में खुला साइबर सेल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले लोगों को साइबर के मामलों की शिकायत करने के लिये उन्नाव जाना पड़ता था। जिससे लोगों को परेशानी हो रही थी। बुधवार को ऑन लाइन प्रणाली के मध्यम से गंगाघाट कोतवाली में साइबर सेल का उद्घाटन होने अब गंगाघाट में ही शिकायतें दर्ज की जायेंगी।

बुधवार को उन्नाव एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने गंगाघाट कोतवाली में साइबर सेल का शुभारम्भ किया गया। जिससे गंगाघाट क्षेत्र में रहने वाले लोगों को साइबर क्राइम के मामलों की शिकायत अब कोतवाली में ही दर्ज की जायेंगी। इंस्पेक्टर राफफल प्रजापति ने बताया कि साइबर सम्बंधित शिकायतों को अब स्थानीय कोतवाली के माध्यम से दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही साइबर क्राइम के बारे में लोगों को जागरूक भी किया जायेगा। जिससे साइबर की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।



साइबर सेल कक्ष में इंस्पेक्टर गंगाघाट। अमृत विचार

# पीडब्ल्यूडी के निर्माण की शिकायत विधायक से की

**फतेहपुर चौरासी।** पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे कार्य में लगी जेसीबी से खेतों में खड़ी किसानों की रबी की फसल को काफी नुकसान हुआ। जिसकी शिकायत किसानों ने क्षेत्रीय विधायक से की। शिकायत पर पहुंचे बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार ने किसानों की समस्या का समाधान किया और उनकी फसल को बचाते हुए सड़क निर्माण करने की बात कही।

क्षेत्र के गांव कोलवा में सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण देवीखेड़ा गांव से कोलवा गांव तक होना है। निर्माण के दौरान कई किसानों की फसलें जेसीबी की चपेट में आने से बर्बाद हो गईं। जिसके बाद किसानों ने इसकी शिकायत विधायक से की।

## सार-संक्षेप

### गौरांग राठी बने उन्नाव के जिलाधिकारी

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने मंगलवार की देर रात तीन आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। अयोध्या के नगर आयुक्त विशाल सिंह को डीएम भदोही बनाया गया है। भदोही से गौरांग राठी को डीएम उन्नाव बनाया गया है। उन्नाव की डीएम अपूर्वा दूबे को फिलहाल प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।



गौरांग राठी।




स्कूल में बच्चों का परीक्षण करते विशेषज्ञ। अमृत विचार

### डीएसएम स्कूल में हुआ बच्चों का नेत्र परीक्षण

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार को राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में स्कूल प्रबंधन की ओर से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जहां मौजूद डॉक्टरों ने बच्चों की आंखों की परीक्षण किया। इस दौरान कई बच्चों में नजरदोष की समस्या मिली। जिस पर डॉक्टरों ने उन्हें चश्मा लगाने की सलाह दी। राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम स्कूल में बुधवार को नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। जहां ललित मिश्रा व उदित मिश्रा ने परीक्षक के रूप में आंखों की जांच की। इस दौरान एक सैकड़ा से अधिक बच्चों में दूर व पास की वस्तुएं दिखने की समस्या उजागर हुई। प्रबंधक अवनीश शुक्ला ने बताया कि शिविर में करीब 112 बच्चों की आंखों में कमी पायी गई। जिनको चश्मा लगाने की सलाह नेत्र परीक्षकों द्वारा दी गई। वहीं डॉक्टरों ने बताया कि खान-पान की वजह से बच्चों की आंखों में समस्याएं हो रही हैं। इसके साथ ही मोबाइल का अधिक प्रयोग करने से बच्चों की आंखों की नजर कमजोर हो रही हैं। अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल से दूर रखना चाहिये। इस मौके पर प्रधानाचार्या रीता सिंह के अलावा स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### संदिग्ध हालात में गोली लगने से राजगीर की मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव जोगी कोट में संदिग्ध परिस्थिति में गोली लगने से 28 वर्षीय राजमिस्त्री गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन घटना के बारे में कुछ भी बताने से कतरा रहे हैं। जोगी कोट गांव निवासी मनोज (28) राजमिस्त्री था। बुधवार शाम अचानक गोली लगने से वह गम्भीर घायल हो गया। भाई विनोद व अन्य परिजन बाइक से उसे गंभीर हालत में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार सीने में गोली लगने से उसकी मौत हुई है। भाई विनोद घटना के विषय में कोई जानकारी नहीं दे सका। उसने घटना के समय खुद के खेत में होने की बात बताई है। बताया कि सूचना पर वह घर पहुंचा और घायल भाई को लेकर सरकारी अस्पताल आया। जानकारी पर बेहटा मुजावर एसओ फूलसिंह पहुंचे। घटना की जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।



चौपाल के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

### भाजपाइयों ने युवा चौपाल का किया आयोजन

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार को भाजपा गंगाघाट मंडल की ओर से शक्ति नगर मोहल्ले में नगर युवा चौपाल का आयोजन किया गया। जहां युवा भाजपा कार्यकर्ताओं ने आने वाले लोक सभा चुनाव को लेकर चर्चा की। शक्ति नगर में आयोजित युवा चौपाल के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इसके साथ ही आने वाले लोग सभा चुनाव को लेकर मौजूद कार्यकर्ताओं में जोश भरा। मंडल अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार सभी वर्गों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। इस मौके पर अमरेन्द्र गुप्ता, प्रत्यय गुप्ता, धीरज सिंह, शुभम तिवारी, अजयमणि पांडे, संदीप सिंह, आकाश तिवारी, आशीष सैनी, आशीष गुप्ता, ईशान शर्मा के अलावा तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मायके में फांसी पर लटका मिला विवाहिता का शव

**पाटन उन्नाव।** विवाहित पुत्री द्वारा मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना मां ने पुलिस को दी है। थाना पुलिस व तहसीलदार ने मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली। बिहार थानाक्षेत्र के गांव सिरियापुर में बुधवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे निधी (19) का शव उसके मायके में छप्पर के बांस में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। मां सुनीता देवी पत्नी पत्नी ठाकुर प्रसाद ने पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि वह अपने 18 वर्षीय पुत्र करन के साथ अपने मायके थाना गुरबक्श गंज के गांव गंभीरपुर गई थी। छोटा पुत्र रमन बकरी चराने गया था। निधी की शादी 1 वर्ष पूर्व 10 मई-2023 को थाना व गांव बारासगवर निवासी श्रीधर कोरी से हुई थी। उसका पति इस समय मुंबई में है। वह 20 जनवरी को अपने मायके आई थी। थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि मृतका के पास से बुखार व अन्य दवाइयां भी मिली हैं।

### पारिवारिक कलह से ऊबा युवक जान देने पहुंचा स्टेशन

**उन्नाव।** ससुरालियों से ऊबा युवक आत्महत्या करने के उद्देश्य से उन्नाव रेलवे स्टेशन पहुंच गया। रेलवे पुलिस ने हावभाव देख उसे थाने में बैठा लिया और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद उसे उनके सुपुर्द किया। कानपुर नगर के रावतपुर थानांतर्गत निवासी आकाश श्रीवास्तव (26) बुधवार सुबह घर से पिता श्याम जी श्रीवास्तव के साथ निकला था। चुन्नीगंज के पास पिता इंटर कॉलेज चले गए। इसके बाद वह वहां से उन्नाव स्टेशन पहुंच गया। युवक के भाई आकाश श्रीवास्तव ने जीआरपी को फोन कर बताया कि उसका भाई कहीं खो गया है।

# कृष्ण सुदामा का मिलन सुन विभोर हुए श्रद्धालु

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गोपीनाथपुरम में चल रही भागवत कथा के दौरान बुधवार को व्यास ने सुदामा चरित्र की कथा व्यास ने बखान किया। जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो गये। इसके साथ ही झाकियां भी प्रस्तुत की गई।

भागवत कथा के दौरान आचार्य श्रवण द्विवेदी ने कथा सुनाते हुए कहा कि गुरु के साथ कपट और मित्र के संग चोरी करने वाला दरिद्र हो जाता है और उसे कुष्ठ रोग हो जाता है। आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने के दौरान सुदामा ने अपने मित्र कृष्ण की नजर बचाकर गुरु के दिए चने अकेले ही खा लिए जिस कारण वह दरिद्रता को प्राप्त हुए। द्वारिकापुरी में बचपन के मित्र सुदामा श्री कृष्ण से मिलने पहुंचे और उनका मिलन देख कथा सुन रहे श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कृष्ण ने सुदामा की खूब खातिरदारी की और सुदामा के प्रेम में मगन होकर आंसुओं से उनके पैर धो डाले। इस मौके पर डा. रामबालक यादव, अरविंद यादव, सर्वेश त्रिपाठी, आनंद यादव, रामकृष्ण, रामप्रकाश यादव, शिवम सिंह, सौरभ सिंह मौजूद रहे।



कथा का बखान करते कथा व्यास।

# किराया मांगने पर मकान मालिक को पीट कर किया मरणासन्न

**बांगरमऊ उन्नाव।** मकान का किराया मांगने से नाराज़ किराएदार भाइयों ने मकान मालिक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पिटाई से मकान मालिक मरणासन्न स्थिति में जा पहुंचा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

नगर के मोहल्ला नसीमगंज निवासी वसीम (30) के मकान में अमीर खां अपने भाई सद्दाम खां के साथ किराए पर रहता है। बुधवार शाम वसीम ने अमीर खां से किराया मांगा। इस पर दोनों में गालीगलौज होने लगी। मकान मालिक और किराएदार के बीच झगड़ा इस कदर बढ़ा कि अमीर खां अपने भाई के साथ मकान मालिक वसीम पर ताबड़तोड़ लाठी-डंडे बरसाने लगा। पिटाई से वसीम लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया।

# वीडीओ पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की संस्तुति

संवाददाता पाटन उन्नाव

- विवाहित जोड़े द्वारा सामूहिक विवाह योजना का लाभ लिए जाने का मामला

**अमृत विचार।** सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र में सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने के लिए विवाहित जोड़े को पात्र घोषित किये जाने के मामले में खंड विकास अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी को दोषी पाया है। बीडीओ ने उस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की है।

मामला सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत जगतपुर का है। वहां की निवासी गांव प्रधान के परिवार की रेखा पुत्री देवदत्त उर्फ पुत्तन का विवाह बीते वर्ष कुंम्भी अकबरपुर निवासी जितेंद्र पुत्र मक्खन लाल से हिंदू रीतिरिवाज से हुआ था। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने के लिए रेखा के पिता ने ऑनलाइन आवेदन किया। जिम्मेदारों ने भी उसके अविवाहित होने का प्रमाणपत्र देकर पात्र घोषित कर दिया। बीती 17 फरवरी को बीघापुर ब्लाक में सम्पन्न हुए सामूहिक विवाह समारोह में दोबारा रेखा और जितेंद्र का विवाह हुआ।

सामूहिक विवाह के समय ही इस जोड़े की पूर्व में शादी होने की जानकारी जिम्मेदारों को हो गई थी लेकिन सभी ने मामले में धूल डालने का प्रयास किया और निर्धारित उपहार देकर रेखा की विदाई कर दी गयी थी। रविवार को मामला सुर्खियों में आने के बाद बीडीओ ने ग्राम विकास अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब किया था। जिसके बाद वीडिओ ने विवाहिता के आवेदक पिता व अन्य के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी थी। हालांकि तहरीर में ग्राम प्रधान आदि का नाम न होने से पुलिस ने तहरीर लेने से मना कर दिया था। बीडीओ संध्या रानी ने बताया कि वीडिओ ने ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने की रसीद दी है। इधर बीते सोमवार सीडीओ ने बीडीओ से मामले में स्पष्टीकरण तलब कर लिया था। बीडीओ संध्या रानी ने बताया कि जांच में ग्राम विकास अधिकारी रजनीश यादव को दोषी पाया गया है। वीडीओ ने पात्रता जांच के दौरान लापरवाही बरती है। रजनीश यादव पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

**विकास** पोनीरोड चौड़ीकरण को मिली हरी झंडी, संबंधित विभाग ने शुरू कराई टेंडर प्रक्रिया

# ..तो अब साढ़े पांच मीटर चौड़ी होगी पोनीरोड

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पोनी रोड करीब पांच दशक से अधिक पुराना मार्ग है, यह सड़क गंगाघाट कोतवाली से लेकर पीपर खेड़ा, निहाल खेड़ा, पोनी गांव होते हुये आजाद मार्ग और हाइवे को जोड़ता है। शुक्लागंज के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की आधी आबादी का इस मार्ग से आना जाना होता है। जिस पर पिछले वर्ष नवम्बर माह में पीडब्ल्यूडी ने सात मीटर चौड़ाई बताई गई थी। जिससे सड़क के दोनों ओर बने मकानों को खासा नुकसान हो रहा था। जिसे देखते हुये अब सात मीटर की जगह साढ़े पांच मीटर की चौड़ाई पर सड़क बनाई जायेगी।

पोनी रोड मार्ग गंगाघाट कोतवाली के सामने से पोनी रोड झंडेवाले चौराहे से होती हुई मझरा पीपरखेड़ा तक जाती है। गंगाघाट की आधी आबादी को मुख्य राजधानी मार्ग से जोड़ती है। वह पूरी तरह से अतिक्रमण का शिकार होने के साथ ही संकरा होने के कारण आये दिन भीषण जाम लगता है। जबकि यह मार्ग सरकारी दस्तावेजों पर 60 फीट चौड़ी सड़क अतिक्रमण की मार से मात्र 15 से 20 फिट पर सिमट चुकी है। पोनी रोड के दोनों ओर दुकानदारों ने भी आधी सड़क तक अपना वारदाना फैला रखा है। जिससे आने जाने वालों को जाम का दंश झेलना पड़ता है। हाल ही में पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे ने अधिशाषी अभिंयता पीडब्ल्यूडी हरदयाल अहिरवार को इस समस्या के बारे में अवगत कराया। जिस पर सड़क के दोनों ओर रहने वाले लोगों को अधिक नुकसान न हो, इसके लिये विभाग के अधिकारियों ने मातहतों से चर्चा की। जिसके बाद अब सड़क को 5.5 मीटर चौड़ा डेढ़ लेन बनाया जायेगा। टू लेन की जगह डेढ़ लेन बनने से मुख्य मार्ग पर रहने वाले लोगों को कम नुकसान होगा।

### चौड़ाई कम किये जाने पर बोले स्थानीय लोग



पोनी रोड चौड़ीकरण होने से व्यापार बढ़ेगा, इसके साथ ही प्रतिदिन लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगी। दायरा कम होने से मकान मालिको को सुविधा मिलेगी।
-विकास मिश्रा



इस रोड का चौड़ीकरण होने से मार्ग सुगम होगा और जाम से भी काफी हद तक निजात मिलेगी। ऐसे में ग्राहकों की भीड़ होने से हम लोगों का व्यापार भी बढ़ेगा।
- शिवम तिवारी



पहले टू लेन सड़क बन रही थी, ऐसे में मार्ग के दोनों ओर रहने वाले लोगों को काफी नुकसान हो सकता था। डेढ़ लेन बनने से कम नुकसान होगा।
-श्रीकांत पांडे



पोनी रोड पूरी तरह से खस्ताहाल सड़क हो चुकी है, आए दिन गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं में लोग घायल हो रहे हैं। डेढ़ लेन सड़क बनने से आने जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी।
- सुधीर सिंह



बैराज मार्ग पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

# रेलवे क्रासिंग बंद होने से बैराज मार्ग पर लगा जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बैराज मार्ग स्थित नई सरैयां रेलवे क्रासिंग से बुधवार दोपहर ट्रेनें निकली। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद रही। वाहनों का अधिक भार होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। क्रासिंग के पास पिकेट पुलिस ने होने के कारण राहगीरों को आये दिन जाम का दंश झेलना पड़ रहा है। वहीं सुबह के समय नवीन पुल पर भी जाम लगा रहा।

नई सरैयां रेलवे क्रासिंग से दोपहर करीब डेढ़ बजे अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक ट्रेनें निकली। जिससे क्रासिंग बंद रही। इस दौरान एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के आगे तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

जाम में तमाम वीआईपी और एम्बुलेंस फंसी रही। क्रासिंग खुलने पर वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे और आड़े तिरछे वाहन लगा दिये। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। वहीं शाम के समय भी जाम लगने से राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

यज्ञो दानमध्ययनं तपश्च चत्वार्येतान्यन्वेतानि सणि।
दम: सत्यमार्जवमानृशंस्यं चत्वार्येतान्यनुयान्ति संत: ।।

यज्ञ, दान, अध्ययन तथा तपश्चर्या –ये चार गुण सज्जनों के साथ रहते हैं और इंद्रियदमन, सत्य, सरलता तथा कोमलता–इन चार गुणों का सज्जन पुरुष अनुसरण करते हैं।

## संपादकीय

# देश में अमीरों का बढ़ना

देश के बाहर रहने वाले भारतीय नवाचार को बढ़ावा देने, व्यवस्थाओं और देशों के साथ मजबूत वैश्विक संबंध बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह जुड़ाव पैसा कमाने और निवेश के अवसर पैदा करती है जिससे भारत में धनी व्यक्तियों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलती है। भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। बुधवार को जारी नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वर्ष 2028 तक अति-अमीरों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि की संभावना है। द वेल्थ रिपोर्ट 2024 में भविष्यवाणी की गई है कि 2023 में 13,263 से बढ़कर 2028 तक 19,908 हो जाएगी। अगर अलग-अलग देशों की बात की जाए तो तुर्किए में अमीरों की संख्या में सालाना आधार पर सबसे अधिक 9.7 प्रतिशत बढ़ी है। इसके बाद अमेरिका में अमीरों की संख्या 7. 9 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया में 5.6 प्रतिशत और स्विट्जरलैंड 5.2 प्रतिशत बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर अमीरों की संख्या अगले पांच वर्षों में 28.1 प्रतिशत बढ़कर 8,02,891 होने का अनुमान है। द वेल्थ रिपोर्ट में कहा गया है कि 2028 तक एशिया-पैसेफिक में किसी अन्य क्षेत्र के मुकाबले ज्यादा दौलत बनेगी। अमीर लोग अपनी निवेश योग्य संपत्ति का 17 प्रतिशत विलासिता की वस्तुओं में लगाते हैं। उनकी पहली प्राथमिकता लक्जरी घड़ियां होती हैं। इसके बाद कलाकृतियों और आभूषण का नंबर आता है। 'क्लासिक' कारें चौथे स्थान पर हैं। इसके बाद लग्जरी हैंडबैग, वाइन, दुर्लभ व्हिस्की, फर्नीचर, रंगीन हीरे और सिक्कों का स्थान आता है। हालांकि वैश्विक स्तर पर बेहद अमीर लोगों की पसंद लक्जरी घड़ियां और क्लासिक कारें हैं। अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। सवाल है कि क्या भविष्य में इन क्षेत्रों में ग्रोथ बनी रहेगी या संपत्ति सृजन करने वाले ये लोग यूरोप, अमेरिका या उत्तरी अमेरिका की ओर जाएंगे।

वास्तव में भारत की अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है। कम घरेलू मुद्रास्फीति और संभावित ब्याज दर में कटौती अर्थव्यवस्था को और भी मजबूत बनाने में मदद करेंगे देश में अमीरों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी इस बात का प्रमाण है कि धन सृजन के बदलाव वाले युग में भारत वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में समृद्ध और बढ़ते अवसरों के प्रमाण के रूप में खड़ा है। घरेलू मुद्रास्फीति के जोखिमों को कम करने और दरों में कटौती की संभावना से भारतीय अर्थव्यवस्था में और तेजी आएगी।

# जलवायु परिवर्तन की मार से प्रभावित पहाड़



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

सत्तर दिन की बर्फबारी 15 दिन में सिमटने से दिसंबर और जनवरी में हुई लगभग 80-90 प्रतिशत कम बर्फबारी की भरपाई तो हो नहीं सकती। उसके बाद गर्मी शुरू हो जाने से साफ जाहिर है कि जो थोड़ी सी बर्फ पहाड़ों पर आई है, वह जल्दी ही पिघल जाएगी।

इस साल का जनवरी महीना कश्मीर के लिए अभी तक का सबसे गरम रहा। वहीं फरवरी जाते-जाते इस राज्य को बर्फ की घनी चादर में लपेट चुकी है। मौसम विभाग की माने तो फरवरी के आखिरी दिनों में फिर से जमकर बर्फबारी होगी। 23 फरवरी की रात गुलमर्ग में शून्य से 10.4 और पहलगाम में 8.6 डिग्री नीचे तापमान वाली रही। धरती के स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर में देर से हुई बर्फबारी क्या महज एक असामान्य घटना है या फिर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का संकेत? यह बात गौर करने की है कि बीते कुछ सालों में कश्मीर लगातार असामान्य और चरम मौसम की चपेट में है। अभी 21 फरवरी को गुलमर्ग में बर्फीले तूफान का आना भी चौंकाने वाला है। जान लें देर से हुई बर्फबारी से राहत तो है, लेकिन इससे उपजे खतरे भी हैं।

सत्तर दिन की बर्फबारी 15 दिन में सिमटने से दिसंबर और जनवरी में हुई लगभग 80-90 प्रतिशत कम बर्फबारी की भरपाई तो हो नहीं सकती। उसके बाद गर्मी शुरू हो जाने से साफ जाहिर है कि जो थोड़ी सी बर्फ पहाड़ों पर आई है, वह जल्दी ही पिघल जाएगी। अर्थात् आने वाले दिनों में एक तो ग्लेशियर पर निर्भर नदियों में अचानक बाढ़ आ सकती है और फिर अप्रैल में गर्मी आते-आते वहां पानी का अकाल हो सकता है। भारत में हिमालयी क्षेत्र का फैलाव 13 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों (अर्थात् जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल) में है, जो लगभग 2500 किलोमीटर। भारत के मुकुट कहे जाने वाले हिमाच्छादित पर्वतमाला की गोदी में कोई पांच करोड़ लोग सदियों से रह रहे हैं। चूंकि यह क्षेत्र अधिकांश भारत के लिए पानी उपलब्ध करवाने वाली नदियों का उद्गम है। साथ ही यहां के ग्लेशियर धरती के गरम होने को नियंत्रित करते हैं, सो जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से यह सबसे अधिक संवेदनशील है। जलवायु परिवर्तन की मार से सर्वाधिक प्रभावित उत्तराखंड के पहाड़ जैसे अब अपना संयम खो रहे हैं-देश को सदानीरा गंगा-यमुना जैसी नदियां देने वाले पहाड़ के करीब 12 हजार प्राकृतिक स्रोत या तो सूख चुके हैं या फिर सूखने की कगार पर हैं। इस सर्दी में हिमालय, हिंदू कुश और काराकोरम में बर्फबारी की असामान्य अनुपस्थिति के चलते गर्म तापमान रहा है। चरम ला नीना-अल नीनो स्थितियों और पश्चिमी विक्षोभ मौसम इस तरह असामान्य रहा। जलवायु संकट के प्रतीक ये बदलाव पर्वतीय समुदायों और हिंदूकुश-हिमालयी क्षेत्र में जल सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं।

यह समझना होगा कि सर्दियों में कम बर्फबारी का कारण अल-नीनो नहीं है। अल-नीनो के कारण केवल गर्मियों और मानसून की बारिश प्रभावित होती है। महज एक या दो साल बर्फ रहित सर्दी का जिम्मेदार 'जलवायु परिवर्तन' को ठहरना भी जल्दबाजी होगा। यह अभी वैज्ञानिक कसौटी पर सिद्ध होना बाकी है। विदित हो कि पहाड़ों पर रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। वे अपना निर्वाह खेती और पशुधन पालन से करते हैं। उनके खेत छोटे होते हैं। लगभग बर्फ रहित या देर से सर्दी का प्रभाव उन लोगों के लिए विनाशकारी हो सकता है। ऊंचे पहाड़ों पर खेतों में बर्फ का आवरण आमतौर पर एक इन्सुलेशन कंबल के रूप में कार्य करता है। बर्फ की परत से उनके फसलों की रक्षा होती है, कंद-मूल जैसे उत्पादों की वृद्धि होती है, पाले का प्रकोप नहीं हो पाता। साथ ही बर्फ से मिट्टी का कटाव भी रुकता है। पूरे हिमालय क्षेत्र में कम बर्फबारी और अनियमित बारिश से क्षेत्र में पानी और कृषि वानिकी सहित प्रतिकूल पारिस्थितिक प्रभाव पड़ने की संभावना है। अगर तापमान जल्दी ही बढ़ जाता है तो देर से होने वाली बर्फबारी और भी अधिक त्रासदी दायक होगी। इससे जीएलओएफ (हिमनद झील के फटने से होने वाली बाढ़) अचानक बाढ़ आएगी और घरों, बागानों और मवेशियों को बहा ले जाएगी। गर्मी से यदि ग्लेशियर अधिक पिघले तो आने वाले दिनों में पहाड़ी राज्यों में स्थापित सैंकड़ों मेगावाट की जल विद्युत परियोजनाओं पर भी संकट आ सकता है। लंबे समय तक सूखे के कारण झेलम और अन्य नदियों का जल स्तर अभी से नकारात्मक सीमा में है।

यह समझना होगा कि सर्दियों में कम बर्फबारी का कारण अल-नीनो नहीं है। अल-नीनो के कारण केवल गर्मियों और मानसून की बारिश प्रभावित होती है। महज एक या दो साल बर्फ रहित सर्दी का जिम्मेदार' जलवायु परिवर्तन 'को ठहरना भी जल्दबाजी होगा। यह अभी वैज्ञानिक कसौटी पर सिद्ध होना बाकी है। विदित हो कि पहाड़ों पर रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। वे अपना निर्वाह खेती और पशुधन पालन से करते हैं। उनके खेत छोटे होते हैं। लगभग बर्फ रहित या देर से सर्दी का प्रभाव उन लोगों के लिए विनाशकारी हो सकता है। ऊंचे पहाड़ों पर खेतों में बर्फ का आवरण आमतौर पर एक इन्सुलेशन कंबल के रूप में कार्य करता है।

कश्मीर में जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता संजीव मल्होत्रा स्वीकार करते हैं कि समय पर बर्फबारी और बारिश की कमी के कारण सतही जल स्रोतों के जल स्तर में उल्लेखनीय कमी आई है। प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक और इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी कश्मीर के कुलपति, शकील अहमद रोमशू का कम और बेमौसम बर्फ को लेकर अलग ही आंकलन है। उनका कहना है इससे कश्मीर घाटी में प्रदूषण स्तर बढ़ेगा और स्वास्थ्य जोखिम भी पैदा होंगे। उत्तराखंड में मसूरी से ऊपर बर्फबारी और बारिश न होने से मौसम खुश्क बना हुआ था, बारिश की कमी और पाले की मार से किसानों की फसलें दम तोड़ गई जिसके चलते पहाड़ी क्षेत्र चकराता में जहां किसान कैश क्रॉप कहीं जाने वाली फसल अदरक, टमाटर, लहसन, मटर पर ही अपनी आजीविका के लिए निर्भर रहता है, ये सभी फसलें इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रही हैं। वहीं पहाड़ी क्षेत्र में समय से बर्फ न गिरने की वजह से सेब, आड़ू और खुमानी की पैदावार कमजोर हो गई।

हमारे देश की संपन्न अर्थव्यवस्था का आधार खेती है और खेती बगैर सिंचाई के हो नहीं सकती। सिंचाई के लिए अनिवार्य है कि नदियों में जल-धारा अविरल रहे, लेकिन नदियों में जल लाने की जिम्मेदारी तो उन बर्फ के पहाड़ों की है, जो गर्मी होने पर धीरे-धीरे पिघलकर देश को पानीदार बनाते हैं। साफ है कि आने वाले दिनों में न केवल कश्मीर या हिमाचल, बल्कि सारे देश में जल संकट खड़ा होगा है। जल संकट अपने साथ सवाल यह उठाता है कि इस अनियमित मौसम से कैसे बचा जाए? ग्लोबल वार्मिंग या अल-नीनो को दोष देने से पहले हमें स्थानीय ऐसे कारकों पर विचार करना होगा जिससे प्रकृति कूपित है।

जून 2022 में गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान (जीबीएनआईएचई) द्वारा जारी रिपोर्ट 'एनवायरमेंटल असेसमेंट ऑफ टूरिज्म इन द इंडियन हिमालयन रीजन' में कड़े शब्दों में कहा गया था कि हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते पर्यटन के चलते हिल स्टेशनों पर दबाव बढ़ रहा है। इसके साथ ही पर्यटन के लिए जिस तरह से इस क्षेत्र में भूमि उपयोग में बदलाव आ रहा है वो अपने आप में एक बड़ी समस्या है। जंगलों का बढ़ता विनाश भी इस क्षेत्र के इकोसिस्टम पर व्यापक असर डाल रहा है। यह रिपोर्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ और सीसी) को भेजी गई थी। इस रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों के वाहनों और इसके लिए बन रही सड़कों के कारण वन्यजीवों के आवास नष्ट होने और जैवविविधता पर विपरीत असर की बात भी कही गई थी।

## प्रसंगवश

# नहीं हो रहा सिद्धांतों पर अमल

इस समय वातावरण में भगवानों की धूम है। इसमें राम सर्वोपरि हैं और कृष्ण भी काफी हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि भक्ति भावना की बाढ़ आ गई है। दरअसल लोकसभा के चुनाव सर पर हैं और भारत की जनताधर्म-प्राण है। अतः इस धर्माभियान से बहुसंख्यक हिंदू मत बटोरने को चेष्ठा की जा रही है। अगर वास्तविक भक्ति होती तो इन भगवानों के द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों पर भी अमल होना चाहिए था, जो नहीं हो रहा है। अब देखिए 'राम लाए गए' तो घोषित हो चुका, अब रामराज्य लाने को कहा जा रहा है। रामराज्य जैसा था उसे कौन नहीं जानता। वन में जब भरत श्रीराम को वापस लाने हेतु मनाने गए हैं, तब राम ने उनसे कुछ कुशल प्रश्न पूछे हैं। वे कुशल प्रश्न राम द्वारा भरत को दिए गए राजनीतिक उपदेश ही हैं जिनसे राज्य संचालन करने की अपेक्षा की गई है। वाल्मीकि रामायण के अयोध्या कांड/अध्याय 100 में एक आदर्श राज्य चलाने के ये सिद्धांत संरक्षित हैं। इस अध्याय के श्लोक 26 में श्रीराम कहते हैं कि 'क्या तुम ऐसे अमात्य नियुक्त करते हो, जो घूस न लेते हों और अंदर बाहर से निश्छल और शुचि हों?'-अमात्यानुपधातीतान् पितृ पैतामहान्शुचीन्।/ श्रेष्ठाञ्छ्रेष्ठेषु कच्चित्व नियोजयसि कर्मसु।। यानी नैतिकता, शुचिता, ईमानदारी अभीष्ट थी, लेकिन इस समय क्या हो रहा है। अभी हुए राज्यसभा सदस्यों के निर्वाचन हेतु मतदान में विधायक वोटरों ने जमकर क्रास वोटिंग की। यह पाला बदल सत्तारूढ़ भाजपा के पक्ष में हुआ। इसे हृदय परिवर्तन कौन मानेगा? गांव की कहावतें हैं, 'जेहिके हाथ लोई। तेहिका सब कोई' तथा 'छूंछा को पूछा'। इसके पहले के भी तमाम उदाहरण हैं। चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में भाजपा द्वारा की गई बेईमानी पर तो देश की सबसे बड़ी अदालत ने जोर का तमाचा मार ही दिया है। अतः यह सिद्ध है कि मौजूदा रामभक्ति कागजी है। रही श्रीकृष्ण जी की बात, तो उनकी जन्मभूमि मथुरा में बने मंदिर से सटे मुस्लिम स्थापत्य को हटाने का शोशा चुनाव कालीन भावनात्मक उन्माद सृजित करने का जरिया है, उनके सिद्धांत तो माने नहीं जा रहे। उन्होंने तो गीता में कर्म का सिद्धांत प्रतिपादित किया है, लेकिन ये मुफ्त राशन और न जाने क्या क्या देकर अकर्मशीलता को ही बढ़ावा दे रहे हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# बच्चों के विकास पर समाज की सोच का प्रभाव



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

समाज और परिवार की बात करूं तो दानवीरता के गुणों को हमने सिर्फ किताबों तक सीमित कर दिया है। इनकी हम बस मिसाल देते हैं, पर हम ऐसा व्यवहार अपने आचरण में नहीं लाते हैं।

आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भले है ही और शायद अगले दो साल में हम तीसरी हो जाएं, लेकिन अगर हम दुनिया की सबसे बड़ी आबादी न होते तो फिर देखते कि हमारा स्थान दुनियावी अर्थव्यवस्था में कहां है? हमें गर्व है कि हम दुनिया के सबसे बड़े मजदूर निर्यातक देश हैं। जबकि यह शर्मिंदगी की बात है। हमने मालिक बनना सीखा ही नहीं, हमें मजदूरी में ही मजा आता है। इसके मूल में हमारी यही सोच है कि लिखो पढ़ो लेकिन खेलो मत!

क्या आप जानते हैं, कक्षा का एक सुशील और होनहार पढ़ाकू विद्यार्थी जीवन की प्रतियोगिता में पिछड़ क्यों जाता है? क्योंकि वह किताबी कीड़ा होता है, किताब के बाहर की दुनिया का उसे अंदाजा भी नहीं होता, लेकिन एक शरारती, नटखट और ठीक-ठाक पढ़ने वाला विद्यार्थी जीवन की दौड़ में हमेशा आगे रहता है। भारत के अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को घूमने से रोकते हैं, खेलने से रोकते हैं, पर्यटन की मनाही करते हैं। ऐसे में किसी बच्चे का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास कैसे होगा?

भारतीय समाज की सीमित सोच बच्चों के विकास को अवरुद्ध कर देती है। इस वजह से अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम में कहा कि मोबाइल ही नहीं, बल्कि किसी भी चीज की अति किसी का भला नहीं कर सकती है। हर चीज के लिए एक मापदंड होना चाहिए, उसका एक आधार होता है। किसी भी चीज का कितना उपयोग करना चाहिए, इसका विवेक होना बहुत जरूरी है। टेक्नोलॉजी से हमें दूर नहीं भागना चाहिए, बल्कि उसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए, तकनीक को हौआ न बनाएं। शिक्षकों द्वारा छात्रों को प्रेरित करने की भूमिका पर जोर देने की बात कही, इससे छात्रों की हौसला अफजाई होती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इस वजह से उनका डर जाता रहता है, वे तनाव मुक्त रहते है। शिक्षक मशीन की तरह पढ़ाते हैं और बच्चे भी मशीन की तरह रट्टा लगाते हैं। विषय का विश्लेषण या समीक्षा नहीं करते, ऐसे में मष्तिष्क का विकास कैसे होगा?

हर विद्यार्थी अपने आप में विशेष होता है। विशेष गुण, विशेष व्यवहार, विशेष परिवेश, विशेष परिवार से होता है। इसलिए एक विशेष अलहदा व्यक्तित्व का धनी होता है, इसलिए उसे किसी से जलन नहीं रखनी चाहिए। किसी से नकारात्मक प्रतियोगिता नहीं होनी चाहिए। जीवन में अगर बहुत आगे जाना है तो अपने आप से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, अपने को मांजना और धार लगानी चाहिए। भारतीय माता-पिता भी ऐसे व्यवहार को बढ़ावा देते है, जबकि यह नकारात्मक है। विद्यार्थियों में नोट्स, किताब शेयर करने की आदत विकसित करनी चाहिए, न कि उन्हें अपने पास दबाकर रखनी चाहिए। बांटने की आदत से विद्यार्थी में विकास होता है, मस्तिष्क विकास करता है। नेतृत्व करने का गुण विकसित होता है। व्यवहार और व्यक्तित्व महान बनता है, लेकिन भारतीय समाज और परिवार मुंह बांटने या देने की परंपरा नहीं मिलती है। समाज और परिवार की बात करूं तो दानवीरता के गुणों को हमने सिर्फ किताबों तक सीमित कर दिया है। इनकी हम बस मिसाल देते हैं, पर हम ऐसा व्यवहार अपने आचरण में नहीं लाते हैं। गुठली जमीन में रोपेंगे नहीं तो पेड़ नहीं होंगे। फिर फल कहां से खाएंगे? खेतों में अनाज छिटेंगे नहीं तो फसल कैसे लहलहाएगी? अपने बच्चों को हमें अगर बेहतरीन इंसान बनाना है, उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है तो हमें अपने बच्चों को देने का गुण भी सीखना होगा। प्रकृति का नियम है, लेने वाले का हाथ हमेशा नीचे और देने वाले का हाथ हमेशा ऊपर होता है। एक डरा, सहमा और अपने आप में सिमटा बच्चा दुनिया के साथ कदमताल कैसे कर सकता है? भारत को विश्व गुरु बनाना है तो विद्यार्थियों का विकास करना बहुत जरूरी है। यह जिम्मेदारी सिर्फ शिक्षक या माता पिता या परिवार या फिर समाज की अकेले नहीं है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी माता-पिता, परिवार, समाज और शिक्षकों की सामूहिक है। किसी एक के प्रयास से कुछ हासिल नहीं होने वाला, सबको मिलकर कोशिश करनी होगी और तब जाकर भारत के विश्व गुरु होने की परिकल्पना साकार होगी।

## सोशल फोरम

# बड़ा सच

चालीस से साठ की उम्र में आप कैसा जीते हैं, आपकी असल खबर इसी बात से लगती है। मेरे वे सभी मित्र जो बाईस-चौबीस की उम्र में खूब कसरत पहलवानी करते थे। पैंतालीस आते-आते ढह गए।

वे जो सरकारी नौकरी के शुरुआती सालों में ईमानदारी और चुस्त प्रशासन की बातें करते थे। देर सवेर सुस्त और भ्रष्ट अधिकारियों में ढल गए, वे जो सच्ची पत्रकारिता की बात करते थे, दलाल बन गए। छात्र राजनीति में जो सर्वहारा और क्रांति की बात करते थे बाद में सुविधा भोगी नेता बन गए, जो खूब सादगी पसंद दिखते थे। महंगी नुमाइशों से आजिज नहीं आते। आप असली आदमी किसे कहेंगे।। पच्चीस साल के उस आदर्शवादी युवा को या कि पचास साल के इस भ्रष्ट प्रौढ़ को। वह संभावना थी यह असलियत है।

सत्य की खोज जारी रही कि नहीं- यह बीस वर्ष उसका लिटमस टेस्ट है। जवानी में प्रायः सभी ईमानदार होते हैं-ऊर्जा और प्रेरणा से ओत-प्रोत, बदलाव और क्रांति की आग से धधकते। धर्म-अधर्म, पूजा-कर्मकांड, सही-गलत।। सभी को अनुभव की कसौटी पर कस कर देख लेना चाहते हैं। मगर मध्य वय वाले आते-आते अधिकतर का फीता ढीला पड़ जाता है।

यह बीस वर्ष बता देते हैं कि आपके भीतर जो कुछ भी था उसकी जड़े कितनी गहरी थीं। चालीस आते-आते सब मुलम्मा उखड़ जाता है और असली धातु सामने आ जाती है। आप जो बातें करते थे उन्हें जीते हैं कि नहीं? आपने जो पढ़ा, सुना, गुना।। उससे कैसा मनुष्य निर्मित हुआ? अगर चालीस से साठ की उम्र में आप वही जीवन जी रहे हैं, जो बाकी सब, तो आप भी वही आदमी हैं जैसे बाकी सब। आपकी कहीं पढ़ी बातें, किताबें, तर्क फिलॉसफी मिट्टी के मोल हैं अगर वह आपके जीवन में जड़ें न जमा सकीं। चालीस से साठ कसौटी है।

तमाम झंझावात और चुनौतियों से जूझने के बाद जिन जीवन मूल्यों पर आप कायम हैं, वही आपकी वास्तविक संपदा है। वही आपके ज्ञान और दर्शन का निचोड़ है, वही आप हैं। इससे इतर आप जो भी बातें करते हैं, वह मूल्यहीन हैं।

–फेसबुक वॉल से



डॉ.सलिल समाधिया
जबलपुर

## राग वसंत

# संदली हवाओं पर करती धूप बिछौना



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

वसंत की बेटियां ये तितलियां अब बहुत कम दिखतीं हैं। गुलशन की आवारगी और गुलों की बदमिजाजी ने शालीन-कुलीन तितलियों को भयभीत कर दिया है। बदतमीजी से बचती है तितलियां। प्रकृति की आनंदित आकृतियां ये तितलियां रूपगर्विता नहीं होती हैं।

गुनगुनी धूप कुहासे की नमी से भीगी लताओं की पत्तियों को बहुत दुलार से पोंछने लगी। शीत की मार से सिहरा-सिमटा बगल का बूढ़ा वृक्ष कुछ उदास कुछ प्रफुल्ल नजरों से यह देखकर उम्मीद से भर उठा। वह जाग रहा था। उसे याद नहीं कि ठीक से वह कब सोया था। वह जगा ही तो रहता है। मौसम के मिजाज और थपेड़ों से जूझता हुआ वह बूढ़ा वृक्ष नींद के आगोश में जाने के लिए जब भी तैयार हुआ कोई न कोई कारण उसे जागने के लिए विवश करता रहा। उसे सन्नाटा भी सोने नहीं दिया। आज भी सन्नाटे उसे परेशान करते हैं, मगर वह बूढ़ा वृक्ष कभी शिकायत नहीं करता। आखिर सन्नाटे जाएं भी तो जाएं कहां, लेकिन सन्नाटे जब भी वासंतिक परिवेश में जंगल-जंगल घूमते छाते हैं और फिर लौटकर जब अमड़ाइयों में आते हैं तो मंजड़ियों का मधुर संगीत ध्वनित हो उठता है। बूढ़ा वृक्ष प्रसन्नता से लहालोट हो जाता है। उसे नई पौध के उल्लास से ऊर्जा मिलती है।

मनुष्य-समाज का बूढ़ा आदमी भी अपनी नई पीढ़ियों को फूलता-फलता देखकर जिजीविषा से भर जाता है। उसके भीतर भी हरियाली के कल्ले फूटने लगते हैं। वह स्वप्निल हो जाता है और देखता है कि कैसे उसके घर-परिवेश में वासंती ऊर्जा की नवल तरंगें लहरा रही हैं। वसंत सबके लिए आता है। वसंत बिना शोर मचाए आता है मगर हां। जब वह आ जाता है तो शोर मचता है और उस शोर में वसंत भी शामिल हो जाता है, तब वसंत भी शोर मचाता है। साधु की तरह वसंत आता है और चोर-आचरण को ओढ़कर आंख-मिचौली का खेल शुरू कर देता है। वसंत कभी ऐसे ही आया था देवाधिदेव महादेव की समाधि को तोड़ने के लिए। वह आया था रति की केली-क्रियाओं में डूबता-लहराता हुआ। समाधिस्थ शिव को जगाने के लिए राग-रंग-गंध के ज्वार पर ज्वार कामदेव ने उठाए। काम की हर लहर शिव को छूकर निकलती रही। शिव अटल अविचल रहे। शिव को प्रसन्न करने और रिझाने हेतु अनेकानेक प्रयोजनों-संयोजनों से कामदेव ने काम लिए मगर सबके सब विफल रहे। शिव की स्थिति से जैसे ही महादेव विलग हुए कि कामदेव को सफलता मिल गई। महादेव की समाधि टूटी। उनका शिवत्व जाग गया। उन्होंने काम को भस्म कर दिया। काम अनंग हो गया। वसंत के साथ चुपके से आ जाता है अनंग और अंग-अंग में मरोड़ उठाने लगता है। समस्त इंद्रियों काम के वशीभूत हो जाती हैं। दृष्टि, श्रवण, स्पर्श, गंध और स्वाद सब जागृत हो जाते हैं और कसमसाने लगते हैं। वसंत की मादकता, उसकी रसमयता, उसकी चंचलता सब वेगवती हो जाती है। वसंत के उफान को संभालना सबके बस की बात नहीं है। महायोगी भगवान शंकर हों या योगेश्वर श्रीकृष्ण सबने वासंतिक प्रहार का रूपांतरण किया और उसे प्रेम में उदात्त बना दिया। प्रेम वसंत का शाश्वत अमृतत्व है। प्रेम में अंतर्भुक्त होकर अनंग अंतरंग हो जाता है, अनंत छंद बन जाता है, परम आनंद का विराट वैभव हो जाता है। शिव काम को अंतर्लीन करके प्रेम के महा ऐश्वर्य हो गए, वे अर्धनारीश्वर हो गए।

वसंत के आते ही धरती का बहुरंगा कुसुमित आंचल वातावरण में लहरने-फहरने लगता है। गंध की तरंगों पर मचलती हुई मलय बयार संदल-संदल हो उठती है। बहकी-बहकी चाल के साथ बहती हुई बयार जिधर से भी गुजरती है उधर को बौरा देती है। बौरा जाता है बौर-बौर। बौरा जाते हैं भौंरों के दल के दल। बौराया वन-उपवन गंध और गुंजारों से गूंज उठता है। बागों का नजारा देखने योग्य हो जाता है - कलियों की अठखेलियां, बौराई हर डाल।/ पात पात में झूमती, आतुर छूती गाल।।वसंत की धूल भी फूलों से होड़ लेने लगती है। छोटे- बड़े चिड़ियों के झुंड पर झुंड बवंडर बनकर उड़ने-फिरने लगते हैं। रंग-बिरंगी तितलियां भी निःशब्द फूलों की महमह करती खिली-अधखिली पंखुड़ियों पर हौले से बैठ जाती हैं। जाने कैसे परागों को पीती हैं तितलियां कि पराग उनके पंखों में फैलकर जम जाता है। छूते ही तितलियों के पंख झर जाते हैं पराग और मुलायमियत की गुदगुदी से तृप्त हो जाती हैं उंगलियां।

वसंत की बेटियां ये तितलियां अब बहुत कम दिखतीं हैं। गुलशन की आवारगी और गुलों की बदमिजाजी ने शालीन-कुलीन तितलियों को भयभीत कर दिया है। बदतमीजी से बचती है तितलियां। प्रकृति की आनंदित आकृतियां ये तितलियां रूपगर्विता नहीं होती हैं। ये तो शांत, स्निग्ध, निश्छल, ज्योत्स्ना स्नात सदा निर्मल और निर्द्वंद्व होती हैं। निर्द्वंद्व को भी छल-छंद में फंसकर विवश हो जाना पड़ता है। प्रकृति का सौंदर्य जब, जहां, जिस रूप में प्रकट और उजागर होता है वहीं उसे नष्ट करने वाले भी मंडराने लगते हैं। रंग, गंध और सौंदर्य के शत्रु भरे पड़े हैं। आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री लिखते हैं -'गंध की अनंत वेदना वसंत है।' वसंत को देखकर प्रसन्नता होती है, उसे समझकर आश्चर्य होता, उसे जीकर अद्भुत अनुभूतियां होती हैं। वसंत को आत्मसात करके आत्मा आनंदित होती हैं। कहना अत्युक्ति नहीं कि-रोम रोम पुलकित हुआ, फड़क रहे हर अंग।/ जाने किसने कर दिया, मौसम का यह रंग।।

# विज्ञान समाज का सौतेला बेटा

विज्ञान दिवस का कहीं कोई जिक्र नहीं। इसलिए क्योंकि सौतेले बेटे से काम पूरा लिया जाता है पर उसे सम्मान नहीं दिया जाता, प्यार नहीं किया जाता। प्यार तो हम भावना से करते हैं। विज्ञान तर्क करता है, भावना के आड़े आता है, असुविधा जनक प्रश्न उठाता है। हम मिथकों के आगोश में कहानियों की थपकियों के सहारे सुकून से सोना चाहते हैं, विज्ञान बेदर्द है, नशे का दुश्मन है। इसलिए हम उसे इस्तेमाल कर लेते हैं, पर श्रेय नहीं देते। कितने सुकून में हैं हम लोग वो जमाना भूलकर, जब हजारों लोग हैजे से मर जाते थे। चेचक, टीबी तो बहुत बड़ी बात है, एंटीबायोटिक के आविष्कार से पहले मामूली घाव होने पर भी लोग मर जाते थे। हम जिंदा बचे रहने के लिए कभी विज्ञान का धन्यवाद नहीं करते। कोरोना में कोई चमत्कार काम नहीं आया, कोई धर्म गुरु, धर्म स्थल काम नहीं आया। अब हम बच गए हैं तो उन्हीं बाबाओं के पास फिर पहुंच गए हैं। नए बच्चे इंजीनियरिंग डॉक्टरी की पढ़ाई करते हैं, ताकि नौकरी मिल जाए फिर अपने अंधविश्वासों की आरामगाह में लौट जाते हैं। मेरे एक मित्र की इंजीनियर बेटी ने एक दिन मुझे सुहाग चिन्हों से बीमारी दूर करने का विज्ञान समझाया। इसमें कोई नई बात नहीं है। दुनिया हमेशा से ऐसी ही थी। लोगों ने गैलीलियो से माफी मंगवाई, तर्क की बात करने वाले ब्रूनो को जिंदा जला दिया। इस घटा घोप में, पता नहीं वो कौन लोग थे जिन्होंने संविधान की धारा 51 ए में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने को नागरिकों का कर्तव्य बताया। आज जब हर ओर चमत्कारों का जय घोष है, संविधान के इस प्रावधान पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।



संजय वर्मा
इंदौर

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर हादसा, चार की मौत

## तेजी से दौड़ रही बाइक में अचानक ब्रेक लगाने से हुई दुर्घटना, शादी में शामिल होने जा रहा था परिवार

दर्दनाक सड़क हादसा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो जाने की खबर मिलते ही कस्बा में मातम पसर गया। तमाम लोग उस मनहूस घड़ी को कोसते रहे, जिस समय हादसा हुआ।

बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी रवि पुत्र लालाभइया शादी में शामिल होने के बाद बुधवार की दोपहर अपनी मां सीमा, भाई बाबू, बहन आरती को बाइक में बैठाकर गांव जा रहा था। बाबू बाइक की टंकी पर बैठा था। दोनों मां बेटी पीछे बैठी थीं। जैसे ही रवि बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किलो मीटर 35.7 के पास पहुंचा अचानक उसने बाइक का ब्रेक लगा दिया। तेज रफ्तार बाइक आनियंत्रित होकर गिर पड़ी और रेलिंग से जा टकराई। रवि और बाबू रेलिंग पार कर बाइक से उछलकर दूर जा गिरे। उनकी मौके पर मौत हो गई। मां बेटी की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बाइक में एक भी खरोंच तक नहीं आई। सिर्फ बाइक का इंडीकेटर टूटा था। तेज रफ्तार से एक ही झटके में चार जिंदगियां खत्म हो गई। दर्दनाक हादसे में परिवार उजड़ गया। घटना की जानकारी कस्बे में पहुंचे ही मातम छा गया। तमाम पड़ोसी मनहूस घड़ी को कोसते नजर आए।

**शव देख बदहवास हुआ पिताः** पिता लालाभइया गांव जाने के लिए लामा से बांदा तक टेंपो में आया। शहर कोतवाली क्षेत्र के कालू कुआं से प्राइवेट बस से कस्बा पहुंचा। बस से नीचे उतरा ही रहा था कि घटना की जानकारी मिली। परिवार उजड़ने की खबर से वह बदहवास हो गया। उसकी आखों के आंसू सूख गए। उसे क्या मालूम था कि उसकी पत्नी और बच्चो की यह आखिरी मुलाकात है। मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया।

**पांच माह पहले ही खरीदी थी बाइक :** लालाभइया भूमिहीन है। वह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। पुत्र रवि इंटर में पढ़ता था। उसके कालेज आने-जाने के लिए नवरात्र में नई बाइक खरीदी थी। लालाभइया को क्या पता था कि जो बाइक वह खरीद रहा है, उस बाइक से उसका परिवार उजड़ जाएगा।


मां सीमा।


बेटी आरती।


बाइक चालक पुत्र रवि।


दुर्घटना के बाद मौका मुआयना करती पुलिस। अमृत विचार

### यातायात नियमों की सरेआम उड़ रहीं धज्जियां

- सड़कों पर यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाई जाती हैं। पुलिस और परिवार विभाग मूकदर्शक बना रहता है। इसीलिए हादसों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। शायद ही कोई दिन गुजरता है, जब सड़क हादसा न होता हो। प्रत्येक वर्ष सैकड़ों लोग बेमौत मारे जाते है। अधिकांश लोग जानबूझकर नियमों की अनदेखी करते हैं। परिवहन विभाग और पुलिस विभाग द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान के बावजूद लोग यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। यातायात माह की भी लोग परवाह नहीं कर रहे। जागरूक करने के बावजूद जिले की सड़कों पर बिना हेलमेट के ही ज्यादातर लोग सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हैं।

### बाइक पर चार सवारी पड़ी जिंदगी पर भारी

- बाइक एक और सवारियां एक, दो नहीं बल्कि तीन से चार तक। दो सवारियों की बाइक पर तीन से चार सवारियां चल रहीं हैं, वह भी बिना हेलमेट के, जिससे जान का खतरा बढ़ रहा है। कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकीं हैं और जान भी जा चुकी है, लेकिन लोग हैं कि मानने को तैयार ही नहीं हैं। तीन से चार सवारी बाइक सवार दौड़ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि यातायात पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही हो। यातायात पुलिस व सिविल पुलिस की ओर से जिले भर में रोजाना ही बिना हेलमेट एवं दुपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी लेकर चलने पर चालान किया जा रहा है, लेकिन नियमों के उल्लंघन करने को जिले के ज्यादातर लोग अपनी शान मानते हैं, जिसका खामियाजा कई बार दुर्घटना के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

# खराब फसल देख पड़ गया दिल का दौरा, मौत

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- बैंक का कर्ज, पत्नी के बीमार होने से भी परेशान था किसान

**अमृत विचार।** ओला और बारिश से खराब फसल देखकर लौटे एक किसान को दिल का दौरा पड़ गया और मौत हो गई। घटना रेंडर थाना क्षेत्र के इंगुई गांव की है।

परिजनों के अनुसार रेंडर थाना क्षेत्र के इंगुई गांव निवासी महावीर शरण सिंह उर्फ कुलदीप 49 पुत्र ब्रजेन्द सिंह के पास 20 बीघा जमीन थी। वह खेत देखने गया जब लौटकर आया तो उसके दिल में दर्द उठा और उसकी मौत हो गई। किसान ने खेतों पर मटर, सरसों, गेहूं की फसल बोई हुई थी, अचानक बेमौसम बारिश व ओले पड़ने से मटर, सरसों की फसल खराब हो जाने से किसान काफी चिंतित था। मौत की खबर सुनते ही गांव में सन्नाटा छा गया और परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया कि किसान पर बैंक का कर्ज था, किसान समय से जमा नहीं कर पा रहा था। बताया जाता है पत्नी का दो वर्ष से ईलाज चल रहा था। किसान के एक बेटा है।


कुलदीप।

## 240 रुपये प्रति क्विंटल आलू भंडारण का किराया

**फर्रुखाबाद।** आलू भंडारण को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी वीके सिंह ने शीत गृह मालिकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि किसानों का आलू शीतगृह में वरीयता के साथ भंडारण किया जाए। उन्होंने कहा कि अभी तक शीत गृह मालिक आलू भंडारण का किराया पैकेट के हिसाब से लेते थे, लेकिन अब किसानों से आलू भंडारण का किराया पैकेट के हिसाब से ना लेकर कुंतल के हिसाब से लिया जाए। जिलाधिकारी ने शीत गृह स्वामियों की सहमति से आलू भंडारण का किराया 240 रुपया प्रति कुंतल तथा शुगर फ्री चेंबर में आलू भंडारण करने के लिए 270 रुपया प्रति कुंतल निर्धारित किया है।

# एम्बुलेंस चालकों को बताएंगे नियम

संवाददाता फतेहपुर

- जनपद स्तर पर मुख्यालय में की जाएगी कार्यशाला

**अमृत विचार।** वैसे तो सड़क पर वाहन चलाते समय प्रत्येक चालक को सड़क सुरक्षा नियमों का पूरी तरह से पालन करना चाहिए, लेकिन एम्बुलेंस चालकों के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है। कारण एम्बुलेंस चालक अधिकतर किसी न किसी गंभीर मरीज को लेकर ही सड़क पर चलते हैं। जरा सी लापरवाही मरीज और उसके तीमारदारों के लिए नई समस्या पैदा कर सकता है। एम्बुलेंस सेवा 108 व 102 के चालकों को जल्द ही कार्यशाला के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी जाएगी।

सड़क सुरक्षा जागरुकता विशेष पर आयोजित कार्यशाला जल्द ही आयोजित की जाएगी। जहां चालकों को जागरूक करते हुए सड़क पर वाहन चलाते समय क्या-क्या ख्याल रखें, इसकी जानकारी दी जाएगी। नियमों की अनदेखी उनके साथ सड़क पर चल रहे दूसरे लोगों की जान खतरे में डाल सकती है, यह जानकारी के साथ क्या एहतियात बरतनी है, किस तरह से ड्राइविंग करनी है। इस पर कार्यशाला में चर्चा की जाएगी। एंबुलेंस के प्रभारी शुभम ने बताया कि कार्यशाला की तिथि जल्द घोषित कर चालकों को जानकारी दी जाएगी।

# प्राइमरी स्कूलों में स्थापित की जाएगी स्पेस लैब

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** सब कुछ योजनाबद्ध तरीके से हुआ तो आने वाले कुछ दिनों में परिषदीय स्कूल में स्पेस लैब की स्थापना हो जाएगी। इससे वहां पढ़ने वाले मध्यमवर्गीय परिवार के नौनिहालों की वैज्ञानिक सोच विकसित होने में मदद मिलेगी। बेसिक शिक्षा विभाग इसकी स्थापना के लिए परिषदीय स्कूलों का सर्वे जल्द शुरू करेगा।

ग्रामीण इलाकों के परिषदीय स्कूल में पढ़ने वाले मध्यमवर्गीय परिवार के नौनिहालों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन सही प्लेटफॉर्म नहीं मिलने से उनकी प्रतिभाएं दबी रह जाती हैं। हालांकि परिषदीय स्कूलों में नौनिहालों के रहन-सहन व पठन पाठन में सुधार के लिए शासन प्रयास कर रहा है। इससे परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा-दीक्षा में सुधार होने लगा है। ग्रामीण इलाके के स्कूलों के बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उन्हें बेहतर प्लेटफॉर्म देने के लिए प्रशासन की ओर से एक-एक मॉडल परिषदीय विद्यालय में स्पेस लैब की स्थापना होगी।

### इसरो से जुड़ी संस्था कराएगी स्थापना

स्पेस लैब की स्थापना इसरो से जुड़ी संस्था के विशेषज्ञों की देखरेख में कराया जाएगा। इसका निर्माण ऐसी तकनीक से किया जाएगा कि परिषदीय स्कूल के नौनिहाल सरलतापूर्वक विज्ञान सम्बंधी जानकारी ले सकें और सीख सकें।

## बैंक प्रबंधक समेत तीन पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**फर्रुखाबाद।** न्यायालय के आदेश पर बैंक प्रबंधक, फील्ड ऑफीसर समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आरोप है कि बैंक प्रबंधक ने जालसाजी कर दूसरे के खाते में 7.72 लाख रुपये ट्रांसफर करवा दिए।

कायमगंज कोतवाली के मोहल्ला बगिया सोहनलाल निवासी दिव्यांग नीरज गुप्ता ने सीजेएम कोर्ट में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक उमाशंकर यादव, फील्ड ऑफीसर राघवेंद्र कुमार जाटव, मोहल्ला नोनियमगंज निवासी दलाल धीरज कौशल के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। उसका बैंक में खाता है। दलाल धीरज कौशल के माध्यम से बैंक में लोन के लिए आवेदन किया। दलाल धीरज ने बैंक के प्रबंधक व फील्ड ऑफीसर से मिलवाया।

# 600 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास

संवाददाता फतेहपुर

- मंत्री ने तीसरी बार सरकार बनवाने की अपील की
- चार पुल व 97 सड़कों का हुआ लोकार्पण व शिलान्यास

**अमृत विचार।** जिले में आगामी लोकसभा चुनाव से पहले विकास कार्यों की झड़ी लगाने के लिए यूपी सरकार के लोक निर्माण मंत्री ने 600 करोड़ के लागत से बने और शुरू हुए कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीत दिलाने की बात कही।

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर के गांधी मैदान में चार पुल व 97 सड़कों का शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम लोक निर्माण विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में रहे और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले की सांसद व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति मौजूद रहीं। कार्यक्रम का अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने की। अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और बटन दबाकर 69260.05 लाख की लागत से बने पुल और सड़कों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि फतेहपुर जिले में गाजीपुर से विजयीपुर तक 33 किलोमीटर तक की सड़क जो कि 35 साल से खराब रही है। इसकी लागत 90 करोड़ रुपए की है, जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। फतेहपुर से लखनऊ जाने के लिए समय कम लगे इसके लिए भिटौरा के बलखंड़ी घाट पर 115 करोड़ की लागत से पुल बन रह है। जिसका निर्माण कार्य अक्टूबर 2023 से चालू है। लोक निर्माण मंत्री ने मंच से अधिकारियों से कहा कि जो काम शुरू हुआ है वह जल्द से जल्द पूरा किया जाए क्योंकि वह घोषणा वाले मंत्री नहीं बल्कि घोषणा के साथ साथ काम पूरे करने वाले मंत्री हैं। उन्होंने कहा इस बार लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश की बागडोर संभालेंगे। जिले की सांसद व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि फतेहपुर जिले में जो काम दस साल में हुआ है वह काम उसके पहले कभी नहीं हुआ। केंद्र और प्रदेश सरकार की डबल इंजन की सरकार ने जितना विकास कार्य किया है उतना विकास कार्य 70 साल में नही हुआ। उन्होंने कहा कि आज चार पुल सहित टोटल 97 सड़कों का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया है। विधायक जहानाबाद राजेन्द्र पटेल, बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी, खागा विधायक कृष्णा पासवान, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, बिंदकी नगर पालिका अध्यक्ष राधा साहू, खागा नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह, रेखा सरोज, भाजपा महामंत्री पुष्पराज पटेल, महिला जिलाध्यक्ष ज्योति प्रवीण सहित अधिकारी और कार्यकर्ता रहे।


पुल व सड़कों का शिलान्यास और लोकार्पण करते लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद।

## सिस्टम में खराबी, खड़ी रही आस्था एक्सप्रेस

**कंचौसी, औरैया।** दिल्ली हावड़ा रेल रूट पर कंचौसी रेलवे स्टेशन पर बुधवार को सुबह 11 बजकर 20 मिनट पर इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल सिस्टम का एक पॉइंट में तकनीकी खराबी आ गई। इससे रेल यातायात करीब 20 मिनट तक बाधित रहा। रेलवे के एसएनटी विभाग को सूचना के बाद मौके पर पहुंचे तकनीकी कार्मिकों ने सिग्नल में आई खामियों को दुरुस्त किया। इस बीच स्टेशन पर अयोध्या केंट से सहारनपुर जा रही आस्था स्पेशल 15 मिनट तक खड़ी रही। वही पीछे आ रही मालगाड़ी आउटर पर खड़ी रही। रेल फाटक भी बंद रहा। इससे दोनों तरफ जाम लग गया। रेलवे के अनुसार स्टेशन पर सुबह करीब 11:25 बजे अचानक स्टेशन के समीप सिग्नल सिस्टम जाम हो गया।

# भड़काऊ पोस्ट डाली, डिप्टी सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म के खिलाफ भड़काऊ पोस्ट प्रसारित करने के मामले में शासन ने डिप्टी सीएमओ डा श्री निवास यादव के खिलाफ चरित्र पंजिका में प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज करने की कार्रवाई के आदेश दिए हैं। शासन ने डिप्टी सीएमओ के दोषमुक्त करने संबंधी अनुरोध को खारिज करते हुए यह आदेश जारी किया है। इस मामले को लेकर हिंदू संगठनों ने खूब बवाल मचाया था।

डिप्टी सीएमओ डा श्रीनिवास ने अपने मोबाइल नंबर से सेवा नामक एक व्हाट्स ग्रुप में हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ धार्मिक टिप्पणियां जारी की। मामले को लेकर खूब हंगामा हुआ। बाद में डीएम के आदेश पर गठित समिति ने मामले की जांच की। जांच के दौरान डिप्टी सीएमओ ने अपना मोबाइल गुम हो जाने की जानकारी दी। जांच समिति ने उनके मोबाइल गुम होने की पूरी जांच की। उनके फोन नंबर पर काल डिटेल मय लोकेशन की निकाली गई। सर्विलांस टीम ने 22 जून 2021 की डिटेल में बताया कि 25 इनकमिंग और 23 आउट गोइंग काल की गई। रात्रि पौने नौ बजे मोबाइल बंद हो गया ।ज्यादातर काल उन्हीं नंबरों पर हुई जिन पर सामान्य दिनों में होती है। चोरी करने वाला व्यक्ति उन्हीं नंबरों पर फोन क्यों करता जिन पर वे स्वयं रोज बात करते हैं। मोबाइल गुम होने की बात को जांच कमेटी ने खारिज कर दिया।

# तहसील के लिए दी थी करोड़ों की भूमि

संवाददाता,कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** नगर के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं समाजवादी नेता स्वर्गीय मूंगालाल यादव की मूर्ति व पार्क का अनावरण जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने किया। नागरिकों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य व मुलायम सिंह यादव के सहयोगी रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य मूंगालाल यादव की स्मृति में नगर पंचायत द्वारा निर्मित पार्क एवं उनकी मूर्ति का अनावरण जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कुलपहाड़ तहसील कैंपस के लिए करोड़ों रुपये की जमीन उन्होंने दान कर तहसील की स्थापना कराई। साथ ही नगर से निकले नाले में कई पुल उनके द्वारा बनवाये गए। उन्होंने नगर में शिक्षा के लिए जनतंत्र इंटर कॉलेज की स्थापना में बहुत बड़ा योगदान दिया। नगर की विकास के लिए उनके द्वारा किया गया अभूतपूर्व सहयोग हमेशा याद रहेगा इस अवसर पर श्रीप्रकाश अरजरिया, श्याम किशोर एडवोकेट, पूर्व चैयरमेन गोपी बाबू अनुरागी, पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन शिवराम राजपूत, सगीर पहलवान, शिक्षक शीतल प्रसाद, पूर्व प्रवक्ता राधेलाल यादव, फेरन सिंह एडवोकेट सहित तमाम लोगों ने उनके जीवन व कार्यशैली पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन रिजवान आलम खान ने किया। प्रतीक यादव, सन्नी यादव, मानवेंद्र सिंह, अरविंद नायक, बलबीर सिंह, अमित प्रताप सिंह राजा, रणविजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


मूर्ति पर माल्यार्पण करते नागरिक।

# 14 साल जेल काटने वालों को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जेल में उम्रकैद काट रहे बंदियों के लिए राहत भरी खबर है। ऐसे कैदी जो 14 साल से अधिक समय काट चुके हैं। रिहाई के पात्र हैं और उनके आवेदन शासन में छह माह से अधिक समय से लंबित हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जमानत कराने में मददगार बनेगा। इस तरह के 16 बंदी जिले के हैं जिसमें से चार को प्राधिकरण के प्रयास से सीजेएम स्तर से जमानत मंजूर कराई गई है। यह जानकारी प्राधिकरण सचिव/अपर जिला जज लवली जायसवाल ने प्रेस से बात करते हुए दी। उन्होंने 5,6 और 7 मार्च को विशेष लोक अदालत व नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन की जानकारी दी।

एडीजे लवली जायसवाल ने बताया कि अपील संख्या 165/16 गणेश बनाम उ०प्र० राज्य में पारित आदेश के अनुपालन में जनपद के कुल 16 सिद्धदोष उम्रकैदियों की सूची केन्द्रीय कारागार फतेहगढ एवं आदर्श कारागार लखनऊ से प्राप्त हुयी। यह वे कैदी हैं जो 14 वर्ष से अधिक समय से जेल में हैं और रिहाई के आवेदन 6 माह से ज्यादा समय से लम्बित हैं। इनमें से चार मुल्जिमों की रिहाई को लेकर सीएमएम कोर्ट में आवेदन किया गया। जहां से हाईकोर्ट की शर्तों के मुताबिक जमानत पर रिहा किये जाने का आदेश स्वीकार किया गया।

कार्यक्रम | शंख, घंटा-घड़ियाल बजा कर उतारी केन नदी की जल आरती

# केन की जलधार टूटी तो बांदा का अस्तित्व भी खत्म

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** अपने निर्मल जल से बांदा की धरती को अभिसिंचित करने वाली और मीठे जल से यहां के बाशिंदों की प्यास बुझाने वाली केन नदी की जल आरती का आयोजन हर बार की तरह इस बार भी मंगलवार को आयोजित हुआ। लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लेते हुए शंख, घंटा और घड़ियाल वादन के साथ पूर्ण श्रद्धा से आरती उतारी। लोगों को समझाया गया कि यदि केन नदी की जलधार टूटती है तो बांदा का अस्तित्व भी खत्म हो जाएगा। इस मौके पर नदी के जल को पवित्र रखने का संकल्प लिया गया।

बीते कई वर्षों से केन जल आरती की परंपरा अनवरत चली आ रही है। विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति इस कार्यक्रम को अपने प्रयासों से जारी रखते हुए भव्य बनाने के प्रयास में जुटा है। इस बार भी मंगलवार केन जल आरती का आयोजन हुआ। केन जल की आरती उतारने के लिये बड़ी संख्या में लोग केन तट पर एकत्र हुए और शंख, घंटा-घड़ियाल के साथ आरती उतारी। केन जल आरती का लगातार प्रचार-प्रसार होने से अब लोग यहां काफी संख्या में जुटने लगे हैं। यह जल आरती और जागरूकता का ही परिणाम है कि लोगों की समझ में आने लगा है कि नदी के जल को अपवित्र करने का परिणाम किसी और को नहीं हमें ही भुगतना पड़ेगा। आरती उतारने के साथ ही लोगों ने केन नदी तट पर ही संकल्प लिया कि केन की निर्मल जलधार को अविरल गति से आगे बढ़ने के लिए हम इसे साफ और स्वच्छ रखेंगे साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करेंगे। सभासद विनय प्रजापति ने इस मौके पर कहा कि समिति लगातार केन की जलधार की सुरक्षा व संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। समिति के पदाधिकारी लगातार सभी को केन के अस्तित्व और महत्व समझा कर जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। लोगों को बताया जा रहा है कि यदि केन की जलधार किसी कारण से टूटती है तो बांदा का अस्तित्व भी समाप्त हो जाएगा। सभी से केन की जलधार को पवित्र रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान कार्यक्रम में जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम, संजय लस्करी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष आलोक प्रजापति, , महेश ,धुरिया, सम्राट सिंह, वामदेवेश्वर मंदिर के पुजारी पुत्तन तिवारी, नगर अध्यक्ष कुलदीप नामदेव, नगर उपाध्यक्ष सागर गोयल, नगर उपाध्यक्ष संदीप सेन समेत अन्य पदाधिकारी व श्रद्धालु उपस्थित रहे।


केन जल की आरती उतारते बांदा के लोग। अमृत विचार

# 150 करोड़ से सुधरेगी विद्युत आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- 15 दिन में पूरा हो जाएगा पहले चरण का काम : कठेरिया

**अमृत विचार।** भाजपा सांसद डा. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि आरडीएसएस स्कीम के तहत जिले में बिजली की व्यवस्था सुधारी जा रही है। जर्जर पोल और तार बदले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 400 करोड़ की इस योजना के पहले चरण के लिए 150 करोड़ की रकम स्वीकृत हो चुकी है। पहले चरण में 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और शेष काम 15 दिन में पूरा करने के लिए उन्होंने कार्यदाई संस्था तथा विभाग को निर्देश दिए।

सांसद ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि विभाग और कार्यदायी संस्था से कहा गया है कि 15 दिनों में शेष काम भी पूरा कर लें। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अब तक 25 000 बिजली के पोल बदले गए हैं, जर्जर पोल की जगह नए पोल लगाए गए हैं। जबकि 800 किलोमीटर क्षेत्र में केवल और तार बदले गए हैं। इसके साथ-साथ ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जा रही है। नए ट्रांसफार्मर भी लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसानों के लिए नए फीडर बनाए जाने का काम तेजी से चल रहा है जिससे किसानों को बिना रुकावट बिजली दी जा सके इससे किसानों को बिजली देने में कोई बाधा नहीं आएगी। इस संबंध में 28 फीडर बनाए जा चुके हैं और 12 नये फीडर बनाए जाने पर काम चल रहा है। इससे पहले सांसद डॉक्टर रामशंकर कठेरिया ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करके इस योजना की समीक्षा की और काम जल्दी से जल्दी पूरा करने के लिए कहा। इसमें से कुछ काम का लोकार्पण अगले सप्ताह किए जाने की योजना बनाई गई है सांसद ने जिले में बिजली विभाग के तीनों खंड़ों में इस योजना के अंतर्गत कराए गए कामकाज की जानकारी ली। इस मौके पर चीफ इंजीनियर राम प्रकाश, अधीक्षण अभियंता संदीप अग्रवाल, अधिशासी अभियंता श्री प्रकाश व एसके मिश्रा मौजूद रहे।


वार्ता में सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया।



सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में प्रदर्शन के दौरान युवाओं को रोकती पुलिस। अमृत विचार

# पेपर लीक के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

## पुलिस से नोकझोंक व धक्कामुक्की, कई कांग्रेसी हुए चोटिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक, युवाओं पर अत्याचार, बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में बुधवार को प्रदेश युवक कांग्रेस ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया। बैरीकेडिंग लगाकर रोकने पर पुलिस से धक्कामुक्की में कई प्रदर्शनकारी घायल भी हो गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर शाम को रिहा कर दिया।



सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में प्रदर्शनकारी को उठाकर ले जाती पुलिस।

युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के आवाहन पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेसी मुख्यमंत्री आवास घेरने के लिए निकले। इन प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बैरीकेडिंग लगाकर मालएवेन्यू के सुन्नी वक्फ बोर्ड कार्यालय के पास रोक लिया। इस पर कांग्रेसियों की पुलिस से नोकझोंक और

- **प्रदर्शनकारियों को किया गया गिरफ्तार, शाम को रिहा**

धक्कामुक्की हो गई। इसमें कई कांग्रेसजनों को चोटें भी आई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें बसों से इको गार्डेन ले जाया गया। देर रात सभी को रिहा कर दिया गया। श्रीनिवास ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जबसे भाजपा की योगी सरकार आई है तबसे सारी भर्तियों के पेपर लीक हो रहे हैं, चाहे आरओ, एआरओ हो, लेखपाल भर्ती हो, पुलिस भर्ती हो। योगी सरकार युवाओं के साथ धोखा कर रही है। सरकार बेरोजगार युवाओं को भर्ती के नाम पर छलने का काम कर रही है। भर्ती परीक्षा के नाम पर जो युवाओं से धन ले रही है उसमें सरकार भ्रष्टाचार कर रही है।

# प्रदेश में कम हुई धान खरीद, आज होगी बंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इस बार प्रदेश में सरकारी धान खरीद को झटका लगा है। पिछले वर्षों की अपेक्षा जिलों पर धान खरीद कम हुई है। पश्चिम जिले खरीद में बेहद पीछे रहे हैं। कारण धान खरीद केंद्र खुलने के दौरान ही बाजार भाव समर्थन मूल्य से ज्यादा रहा। इसका किसानों को तो लाभ मिला बल्कि कारोबारियों ने भी फायदा उठाया। इससे धान खरीद शुरुआती दौर में ही सुस्त रही। पश्चिम जिलों में तो दिसंबर में ही केंद्रों पर सन्नाटा छा गया था। किसानों की आवक न के बराबर रही। ऐसी स्थिति में बुधवार दोपहर तक प्रदेश में 70 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 53,50,154 मीट्रिक टन (76 प्रतिशत) धान खरीदा हुई। जबकि पिछले वर्ष 70 लाख मीट्रिक टन में लक्ष्य में 65 लाख मीट्रिक टन पूर्ति हुई थी। कुल 5207 केंद्रों पर 7,97,603 किसानों ने धान बेचा। पूर्वी जिलों में जरूर खरीद देर सबेर होती रही। इस कारण आधा लक्ष्य पार कर पाए। गुरुवार को खरीद का अंतिम दिन है। लेकिन, लक्ष्य बढ़ने की उम्मीद नहीं है। अपर आयुक्त (विपणन) राजीव मिश्रा ने बताया कि इस बार किसानों को बाजार भाव ठीक मिला। लेकिन, खरीद प्रभावित हुई है।

- **70 लाख के सापेक्ष 53.50 लाख एमटी खरीद, पश्चिम जिले रहे पीछे**
- **बढ़े बाजार भाव का असर पिछले वर्ष 65 लाख एमटी हुई थी खरीद**

### इन संस्थाओं ने इतने एमटी खरीदा धान

| | |
|---|---|
| शाखा विपणन | 24,93,954 |
| भारतीय खाद्य निगम | 49,804 |
| उप्र सहकारी संघ | 11,80,222 |
| यूपी कोआपरेटिव यूनियन | 10,52,900 |
| उप्र उपभोक्ता सहकारी संघ | 4,94,241 |
| मंडी परिषद | 56,983 |
| फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी | 22,048 |
| पश्चिम उप्र में खरीद | 16,77,165 |
| पूर्वी उप्र में खरीद | 36,72,989 |
| कुल खरीद | 53,50,154 |

# गैंगरेप के आरोपियों को उम्रकैद

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में चार साल पहले हुए नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म व वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपियों को पॉक्सो कोर्ट ने दोषी करार देते हुए दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपियों पर 17 लाख 30 हजार रुपये अर्थदंड की भी सजा सुनाया है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने दोषियों को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

बताते चलें कि वर्ष 07 जुलाई 2020 को इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में नाबालिग वादिनी ने शीबू और नाजिम सहित तीन अन्य अज्ञात पर सामूहिक दुष्कर्म करने और वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोप में तहरीर देकर एससी/एसटी और सामूहिक दुष्कर्म सहित आईटी एक्ट की संगीन धाराओं में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमे की विवेचना के दौरान 6 अभियुक्तों के नाम प्रकाश में लाये। इस आरोपियों में अभियुक्त आसिफ को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान व शेष अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेजते हुए पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। प्रभावी पैरवी और वादिनी के प्रयासों के मद्देनजर अपर सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट न्यायाधीश निशा झा ने मामले की सुनवाई कर बुधवार को 5 दोषियों को सामूहिक दुष्कर्म और 2 अभियुक्तों को आईटी एक्ट (वीडियो वायरल करने) के आरोप सहित एक अभियुक्त को घटना को सुनियोजित तरीके से रचने और छेड़छाड़ के आरोप में दोषी करार देते हुए कारावास के साथ जुर्माना लगाया।





अभियुक्तों को न्यायालय से जेल ले जाती पुलिस। अमृत विचार

### इन आरोपियों को हुई सजा

नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने आरोपी शीबू, आसिफ खान, आबिद, आरिफ खान, सालिम खान को पॉक्सो एक्ट तथा 67 आईटी एक्ट के अपराध में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास सहित प्रत्येक दोषी पर को 2,40,000 रुपये (कुल 12 लाख रुपये) अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपी दानिश और नाजिम को धारा 67 ए आईटी एक्ट व 13/14 पॉक्सो एक्ट के अपराध में दोषी करार देते हुए 5 वर्ष की जेल सहित प्रत्येक को 2,20,000 रुपये (कुल 04 लाख 40 हजार रुपये) अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने घटना के अंतिम आरोपी कौशल को अपराध में दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष का कठोर कारावास सहित 90 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी।

- **वर्ष 2020 में किशोरी से दुष्कर्म कर आरोपियों ने वायरल किया था वीडियो**
- **कोर्ट ने आरोपियों पर 17 लाख 30 हजार रुपये का लगाया जुर्माना**



# अवैध संबंधों को सुरक्षा देकर अराजकता नहीं फैला सकता कानून

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक विवाहित महिला और उसके लिव-इन पार्टनर द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि कोर्ट ऐसे रिश्ते की रक्षा नहीं कर सकती है, जो कानून द्वारा समर्थित नहीं है। अगर कोर्ट ऐसे अवैध संबंधों को संरक्षण देगी तो इससे समाज में अराजकता फैल जाएगी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकलपीठ ने पिंकी और अन्य की याचिका को 2000 रुपए जुर्माने के साथ खारिज करते हुए पारित किया। महिला मुस्लिम धर्म से संबंधित है और उसका लिव-इन पार्टनर हिंदू है। महिला को अपने पति से जान का खतरा है, इसलिए उसने हाईकोर्ट के समक्ष सुरक्षा याचिका दाखिल की। महिला ने पति पर आरोप लगाया कि वह शराबी है और नियमित रूप से उसके साथ मारपीट करता है, इसलिए वह अपनी 5 साल की बच्ची के साथ अपने लिव-इन पार्टनर के साथ रहने लगी। उसने आगे तर्क दिया कि अपने जीवन की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ के समक्ष भी एक आवेदन दिया था, लेकिन उसे सुरक्षा प्रदान नहीं की गई। उसके तर्कों का खंडन करते हुए सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची ने अपने पति से तलाक की कोई डिक्री प्राप्त नहीं की है। अतः वह विपक्षी की कानूनन पत्नी है। इसके अलावा उसने अपने पति से अलग रहने का कोई स्पष्ट कारण भी नहीं बताया। वह केवल अपने आजाद और स्वतंत्र रवैये के कारण गैरकानूनी ढंग से धर्मांतरण कर अपने लिव-इन पार्टनर के साथ रह रही है। इस प्रकार उसके रिश्ते को कानून द्वारा संरक्षित नहीं किया जा सकता है।

# सरकार किसानों के साथ बातचीत के लिए तैयार

**नयी दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि सरकार प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन अभी तक कोई बैठक तय नहीं हुई है। मुंडा ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) सोसायटी की 95वीं वार्षिक आम बैठक में यह भी कहा कि इस संबंध में जल्द समाधान खोजने की जरूरत है। किसान समूहों के साथ अगले दौर की वार्ता की योजना के बारे में पूछने पर मुंडा ने कहा, ''अभी कुछ नहीं है।'' उन्होंने हालांकि कहा कि समाधान निकालने की जरूरत है और इसलिए बातचीत की जाएगी। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित अपनी मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। इससे पहले, मुंडा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान समुदाय के कल्याण के लिए जलवायु परिवर्तन और मिट्टी के कटाव की चुनौतियों से निपटने पर जोर दिया। मंत्री ने कहा कि सरकार अब देश की पोषण सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रही है। मुंडा ने यह भी कहा कि आईसीएआर ने पिछले 10 वर्षों में अधिक उपज देने वाली 2,279 किस्मों के बीज तैयार किए।

# मुस्लिम बंदी ने रामलला को समर्पित किया मेहनताना

**अयोध्या :** भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला को फतेहपुर जेल में निरुद्ध मुस्लिम बंदी जियाउल हसन ने झाड़ू लगाने के बदले मिले मेहनताने से डेढ़ महीने की कमाई को समर्पित किया है। जिसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने स्वीकार करते हुए खाते में जमा भी कर दिया है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि जियाउल हसन पुत्र सिराज हसन फतेहपुर के रामजानकी पुरम का रहने वाला है। बंदी के आग्रह पर जेल अधीक्षक ने 1075 रूपये का चेक बनवाकर कारसेवकपुरम भेजा है। यह चेक प्राण प्रतिष्ठा से पहले जनवरी में ही जारी किया गया है।

# कृषि क्षेत्र में सहयोग करेगा आस्ट्रेलिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** आस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ओएएम ने बुधवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उच्चायुक्त ने कृषि क्षेत्र में प्रदेश का सहयोग देने का आश्वासन दिया।

उच्चायुक्त ने कृषि मंत्री को बताया कि वह दो क्षेत्रों कृषि व कृषि शिक्षा के क्षेत्र में भारत के साथ कार्य करने व प्रदेश में कृषि विश्वविद्यालय की शाखा खोलने का इच्छुक है जिसमें भारतीय छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उच्चायुक्त ने कहा कि कृषि क्षेत्र में माइक्रो इरीगेशन, उत्पादन व तकनीकी हस्तानांतरण के क्षेत्र में आस्ट्रेलिया की तकनीकी टीम चर्चा के लिए लोकसभा चुनाव के बाद कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी।



आस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ओएएम ने बुधवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। अमृत विचार

उच्चायुक्त की ओर से यह भी अवगत कराया गया कि उनके देश में दुग्ध उत्पादन का औसत 20 लीटर प्रति गाय प्रतिदिन है। आस्ट्रेलिया में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में उच्च तकनीक उपलब्ध है। इसके लिए भी आस्ट्रेलिया प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने की तकनीक हस्तनांतरण करने, मल्टी फार्मिंग को बढ़ाने व उद्यान के अन्तर्गत फूल-सब्जी में सहयोग का इच्छुक है। इस दौरान आस्ट्रेलिया के उच्चायोग विदेश मंत्रालय के द्वितीय सचिव माइकल रीस, टॉम ओवर्टन क्लार्क, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### 'योग्यता निर्धारण का कार्य कोर्ट के क्षेत्राधिकार में नहीं'

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा जारी विज्ञापन पर होने वाली भर्ती प्रक्रिया पर प्रश्न चिन्ह लगाने वाली याचिका पर विचार करते हुए स्पष्ट किया कि पद के लिए योग्यता निर्धारण करना नियोक्ता के रूप में राज्य का कार्य है। योग्यता निर्धारित करना भर्ती नीति का एक मामला है। निर्धारित योग्यताओं के दायरे का विस्तार करना न्यायिक प्रक्रिया का कार्य नहीं है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की एकलपीठ ने अंजनेय शर्मा की याचिका को खारिज करते हुए पारित की। दरअसल लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा असिस्टेंट आर्किटेक्ट प्लानर के पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। याची का कहना था कि उपरोक्त पद के लिए वह पूरी तरह से योग्य है। उसके पास अपेक्षित स्नाकोत्तर डिप्लोमा है, लेकिन उसका नाम गलत तरीके से साक्षात्कार के लिए पात्र उम्मीदवारों की सूची से बाहर कर दिया गया। इन्हीं आधारों पर याची ने अंतिम रूप से साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति देने की प्रार्थना की। हालांकि कोर्ट ने उसके तर्कों को आधारहीन मानते हुए कोई राहत नहीं दी।

### पांच जिलों के लिए विमान सेवा दो मार्च से

**लखनऊ :** चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से मुरादाबाद, चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए विमान सेवाएं दो मार्च से शुरू होंगी। फ्लाईबिग एयरलाइंस ने इसका शेड्यूल बुधवार को जारी कर दिया। राज्य सरकार की पहल पर उड़ान योजना के तहत पांच शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होनी है। लखनऊ से श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़, आजमगढ़ और मुरादाबाद का सफर आधे से डेढ़ घंटे में पूरा हो जाएगा। विमान सेवा फ्लाईबिग एयरलाइंस की ओर से ये सेवाएं 19 सीटर विमान से दी जाएगी। पांच जिलों के लिए किराया क्या होगा इसकी जानकारी नहीं दी गई है। सूत्रों की मानें तो दो से ढाई हजार के बीच किराया हो सकता है।

### अगर आप विदाई देना चाहते हैं तो मैं तैयार हूं : कमलनाथ

**छिंदवाड़ा (मप्र), (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलों को खारिज करने के एक दिन बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वह अपने आप को उन पर नहीं थोपेंगे और अगर वे चाहते हैं तो वह पार्टी छोड़ देंगे। अपने गढ़ छिंदवाड़ा के हर्रई में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए कमलनाथ ने कहा कि उन्हें कई वर्षों से कार्यकर्ताओं का प्यार और विश्वास मिलता रहा है। उन्होंने कहा अगर आप कमलनाथ को विदाई देना चाहते हैं तो यह आपकी मर्जी है। मैं जाने के लिए तैयार हूं। मैं खुद को आप पर थोपना नहीं चाहता। यह आपकी मर्जी का मामला है। कमलनाथ के बेटे नुकलनाथ छिंदवाड़ा सीट से सांसद हैं। कमलनाथ ने पहले ही घोषणा की थी कि उनका बेटा नकुल दोबारा इस सीट से चुनाव लड़ेंगे। कमलनाथ ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम का मंदिर सभी का है और भाजपा को इसके निर्माण का श्रेय नहीं लेना चाहिए। क्या राम मंदिर भाजपा का है? यह मेरे समेत सभी लोगों का है। मंदिर का निर्माण जनता के पैसों से हुआ है। उच्चतम न्यायालय ने एक फैसला दिया और चूंकि वे (भाजपा) सत्ता में हैं तो उन्होंने मंदिर का निर्माण किया है। कमलनाथ ने यह भी कहा कि वह भगवान राम की पूजा करते हैं और उन्होंने छिंदवाड़ा में अपनी जमीन पर भगवान हनुमान का एक बड़ा मंदिर बनवाया है। हम धार्मिक प्रवृत्ति के लोग हैं और अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हैं।

# मंत्री वीके सिंह ने यात्रियों पर पुष्पवर्षा की

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह बुधवार को अचानक अयोध्या पहुंच गए। उन्होंने अयोध्या कैंट स्टेशन पर गाजियाबाद से आई आस्था स्पेशल ट्रेन के यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि उनका दो जगहों पर कार्यक्रम लगा था। इसलिए उनकी बेटी खुद ट्रेन से श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या पहुंची है।



केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह पुष्पवर्षा करते हुए।

वीके सिंह ने बताया कि गाजियाबाद से करीब 1500 राम भक्त अयोध्या पहुंचे हैं। भक्तों में रामलला का दर्शन करने के लिए गजब का उत्साह है। उन्होंने बताया कि मैंने ही गाजियाबाद से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अब गुरुवार को यहां से श्रद्धालुओं को रवाना भी करूंगा। राज्यसभा चुनाव में सपा की क्रॉस वोटिंग के मामले में कहा कि सभी को भाजपा की विचारधारा से लगाव है। अगर उन विधायकों ने अपने प्रत्याशियों को वोट नहीं दिया तो मान कर चलिए वह भी चाहते हैं देश का विकास हो। गठबंधन तो कई बार बने। 2019 में भी गठबंधन हुआ।

# खालिद की जमानत याचिका पर कोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब

**नयी दिल्ली, (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 2020 के उत्तर-पूर्व दिल्ली दंगे मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर पुलिस से जवाब तलब किया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी नियमित जमानत संबंधी खालिद की नयी अर्जी पर सुनवाई कर रहे थे। खालिद पर कड़े गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया है। अदालत ने कहा, दस्तावेजों के साथ जमानत अर्जी की प्रति अभियोजन पक्ष को पहले ही प्रदान की जा चुकी है। अभियोजन पक्ष को वर्तमान जमानत अर्जी का जवाब अगली तारीख पर दायर करना होगा, जिसकी अग्रिम प्रति याचिकाकर्ता (खालिद) के वकील को भेजी जाएगी।

**नवाचार** एकेटीयू के छात्र के शोध को मिली हरी झंडी, सेना द्वारा नई व्यवस्था का दो स्थानों पर किया जा रहा स्थलीय परीक्षण

# अग्निवीरों की रफ्तार तय करेगा 'विपुल का स्टार्टअप'

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** एकेटीयू के छात्र का स्टार्टअप अग्निवीरों की रफ्तार तय करने जा रहा है। इसको लेकर शोधार्थी के शोध का स्थलीय परीक्षण अंतिम दौर में है। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो नतीजे आने के बाद भर्ती हुए अग्निवीरों की रूटीन व्यवस्था मैनुअल के स्थान पर स्टार्टअप के रूप में प्रभावी हो जाएगी।



छात्र विपुल।

अग्निवीर भर्ती परीक्षा में पास हुए अग्निवीरों के प्रारब्ध में रूटीन टेस्ट कराए जाते हैं। इसमें पांच किमी दौड़, क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर रस्सी कूद सहित अन्य गतिविधियां शामिल हैं। बताते हैं कि ये व्यवस्था अब तक मैनुअल आधारित रही है। ऐसे में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से संबद्ध एमआईटी कॉलेज के छात्र विपुल के स्टार्टअप को हरी झण्डी मिल गई है।




शोधार्थी द्वारा तैयार किया गया स्टार्टअप।

### डिवाइस के सहारे अग्निवीरों का आंकलन

एकेटीयू के छात्र का दावा करते हुए कहते हैं कि बड़ी डिवाइस के रूप में बना स्टार्टअप अग्निवीरों के आंकलन में वरदात साबित हो सकता है। इस डिवाइस में प्रत्येक अग्निवीरों का डाटा सुरक्षित रखा जा सकेगा। निश्चित समय पर इसका आंकलन भी विशेषज्ञों द्वारा किए जाने की व्यवस्था शामिल की गई है।

### स्टार्टिंग यूपी योजना से पहला स्टार्टअप तैयार

नए आयाम और उद्यम स्थापित करने में केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना संजीवनी बन रही है। विपुल बताते हैं कि इंक्यूबेशन सेण्टर को योजना ने बड़ी राहत दी है। इसी का परिणाम रहा कि कई महीने सेण्टर में शोध के रूप में बिताकर भारत में पहला स्टार्टअप तैयार कर लिया है।

मेरठ निवासी शोधार्थी बताते हैं कि भारत के दो स्थानों पर उनके शोध का परीक्षण अपने अंतिम चरण में है, फिर ये व्यवस्था प्रभावी होने के लिए प्रस्तावित है।

**अग्निवीरों का डाटा एक क्लिक पर उपलब्ध :** बैटल फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट (बीपीईटी) और फिजिकल प्रोफिशिएंसी टेस्ट (पीपीटी) के माध्यम से अग्निवीरों पर नजर रखी जाती है।

मैनुअल व्यवस्था को ट्रैक पर लाने के लिए विपुल का स्टार्टअप कारगर रहेगा। शोधार्थी बताते हैं कि पेपर- पेन के स्थान पर डाटा ट्रैक पर लाया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में एक क्लिक के सहारे हर जवान के डाटा का पता चल सकेगा।

# कानपुर और बुलंदशहर में मिलेगा बंपर रोजगार, युवा होंगे लाभांवित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** कानपुर व बुलंदशहर शहर में लोगों को बंपर रोजगार मिलेगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के जरिये बड़ी संख्या में उद्यम धरातल पर उतरने जा रहे हैं। इससे रोजगार के अवसर मिलेंगे। शासन के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार 34 लाख रोजगार सृजित करने जा रही है। युवाओं को रोजगार के अवसर पूरे प्रदेश में उपलब्ध होंगे। कानपुर नगर में लगने जा रहे प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क से ही सिर्फ 2.5 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। बुलंदशहर में ओब्दु ग्रुप के जरिये डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक में किए जा रहे निवेश से भी 70 हजार लोग रोजगार से लाभान्वित होंगे। अधिकारियों ने बताया कि कानपुर नगर में मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट (यूपी) लिमिटेड के जरिये इस परियोजना की शुरुआत की जा रही है। इसमें 5850 करोड़ रुपए निवेश किए जा रहे हैं। प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क परियोजना पूरा होने के बाद कानपुर नगर में इसके माध्यम से 2.5 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेंगे। रोजगार के लिहाज से यह आंकड़ा जीबीसी 4.0 में सर्वाधिक है। उल्लेखनीय है कि कानपुर नगर में कुल 408 कंपनियां विभिन्न परियोजनाओं में 25,339 करोड़ रुपए का निवेश कर रही हैं। इसी तरह, ओब्दु ग्रुप अपनी सहायक कंपनी ओब्दु डिजिटल हेल्थ लिमिटेड प्रदेश के कई शहरों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित विलेज हेल्थ सेंटर की स्थापना कर रहा है।

- **जीबीसी 4.0 के जरिये धरातल पर उतरने जा रहे उद्यम बड़ी संख्या में मुहैया कराएंगे रोजगार के अवसर**



## एक नजर

### सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि के नैक मूल्यांकन के लिए समीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के नैक ग्रेडिंग के लिए तैयार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। राज्यपाल ने नैक के सभी सातों मापदंड पर बिंदुवार कमेटी के सदस्यों से जानकारी ली। उन्होंने प्रस्तुतिकरण में व्यापक सुधार किए जाने के निर्देश दिए। मालूम हो कि विश्वविद्यालय इससे पूर्व के अपने नैक मूल्यांकन में 'ए' श्रेणी प्राप्त कर चुका है। इसकी वैधता वर्ष 2019 में समाप्त हो चुकी है।

### वेतन विसंगति दूर करने का दिया आश्वासन

अमृत विचार, लखनऊ : नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के एसीएस डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने आश्वासन दिया कि डिप्लोमा फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट की वेतन विसंगतियों पर लोकसभा चुनाव से पूर्व निर्णय लिया जायेगा और केंद्र समान पदनाम भी परिवर्तित किया जाएगा। यह बात एसीएस ने बुधवार को मुलाकात करने आये राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र के प्रतिनिधि मंडल से राज्य कर्मचारियों की मांगों को समझने के बाद कही है।

# 80 सीटें जीतने के संकल्प के साथ है आगे बढ़ना

## योगी बोले, अति आत्मविश्वास से बचना होगा, जनता के साथ संवाद और बूथों को मजबूत बनाना होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** माहौल हमारे अनुकूल है और राम का भी आशीर्वाद हमारे साथ है। ऐसे में इस बार 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना है। साथ ही यह भी ध्यान रखना है कि हम अति आत्मविश्वास में ना रहें। हमें अपनी बूथ संरचना को और मजबूत करते हुए जनता के साथ बेहतर संवाद को और अधिक प्रगाढ़ करना है। याद रहे राजनीतिक दलों के व्यवहार और कार्यपद्धति को जनता हमेशा नोट करती है और वक्त आने पर जवाब भी देती है। पार्टी का प्रत्याशी मतलब कमल का फूल, हमें बस यही मानकर चलना है।

ये बातें बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित विकसित भारत 'मोदी की गारंटी' पेटिका अभियान की शुरुआत करने के दौरान कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित भाजपा नेताओं की मौजूदगी में योगी ने इस अभियान को शुरू किया है। इसके अंतर्गत विकसित भारत ''मोदी की गारंटी'' पेटिका को भाजपा कार्यकर्ता घर-घर लेकर जाएंगे और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगेंगे। इसके अलावा पार्टी की ओर से मिस्ड कॉल अभियान की भी शुरूआत की गई है। इसमें 9090902024 पर मिस्ड कॉल के जरिए भी पार्टी के संकल्प पत्र के लिए जनता से सुझाव आमंत्रित किये जाएंगे।



कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत प्रचार गाड़ी वाहन को झंडी दिखा कर रवाना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

**बूथ जीते तो सब जीते**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने का एक ही तरीका है, हम अपने बूथ पर ध्यान दें। बूथ जीते तो सब जीते। मुख्यमंत्री ने कहा भाजपा घोषणा पत्र नहीं, बल्कि संकल्प पत्र के साथ जनता के पास जाती है।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, डॉ. धमेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, मीना चौबे, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. पुष्कर मिश्र सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।

▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने विकसित भारत मोदी की गारंटी पेटिका अभियान की शुरुआत की

### हम अपने हर संकल्प को पूरा करते हैं: भूपेन्द्र सिंह

लखनऊ। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने यहां कहा कि हमारा कोई हिडेन एजेंडा नहीं, बल्कि हमारा हरदम ओपेन एजेंडा होता है। धारा 370 हो या राममंदिर का निर्माण, ये सभी बातें हमारे संकल्प पत्रों का हिस्सा रही हैं। हमारे सभी संकल्पों को मोदी-योगी के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है।

# 12 टेलीग्राम और तीन व्हाट्सएप चैनल पर लीक हुआ पेपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले की जांच में जुटी एसटीएफ को छानबीन और पकड़े गए लोगों से पूछताछ में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। इससे जल्दी ही असल गुनहगार तक पहुंचने की एसटीएफ टीम को उम्मीद जगी है। बोर्ड को मिले पेपर लीक के 15 सौ सबूतों और जांच-पड़ताल से अभी तक यह पता चला कि 12 टेलीग्राम और 3 व्हाट्सएप चैनल पर पेपर लीक हुआ। लिहाजा एसटीएफ टीम ने टेलीग्राम और इन व्हाट्सएप चैनलों नजर टिका दी है।

एसटीएफ को वाट्सऐप पर एक और भी ग्रुप की सूचना मिली है। पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक के नाम से ऑपरेट हो रहे इस ग्रुप को एसटीएफ ने रडार पर रखा है। इस ग्रुप से जुड़े लोगों की भी कुंडली खंगाली जा रही है।

इसी क्रम में एसटीएफ टीम कानपुर में पकड़े गए वकील से लगातार पूछताछ कर रही है। इस दौरान कई संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। वकील ने साल्व्ड पेपर उपलब्ध कराने वाले जिस युवक का नाम लिया है, वह अभी भी एसटीएफ के शिकंजे से बाहर है। टीम का मानना है कि पेपर लीक कांड में वह युवक मजबूत कड़ी साबित हो सकता है। उम्मीद है कि उस युवक से वायरल पेपर आखिर किस प्लेटफार्म से ऑरिजिनेट हुआ, इस बाबत जानकारी मिल सकेगी।

वहीं, दूसरी ओर एसटीएफ टीम को जांच के दौरान एक नया मामला, 'क्यूआर कोड' का सामने आया है। आशंका है कि इसी क्यूआर कोड के जरिए पेपर आउट हुआ है। इसी कोड के जरिए साल्व्ड पेपर विभिन्न जिलों में भेजी गई। टीम अब इस कोड के बारे में जानकारी जुटाने में जुटी। इसके लिए एसटीएफ में साइबर क्राइम के जानकारों को लगाया गया है।

# लोस चुनाव से पहले अखिलेश की किलाबंदी, गुड्डू जमाली को लिया साथ

## आजमगढ़ लोस उपचुनाव में सपा की जीत में बने थे रोड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल में किलाबंदी मजबूत करने के तहत गुड्डू जमाली को साथ ले लिया है। शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली इससे पहले बसपा के नेता थे। काफी समय से अखिलेश यादव के संपर्क में थे। बुधवार को सपा के लखनऊ मुख्यालय में अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुड्डू जमाली और उनके साथियों को पार्टी में शामिल करते हुए सभी का स्वागत किया।

गुड्डू जमाली दो बार के विधायक रहे हैं और वह सफल कारोबारी भी हैं। जमाली सपा की तरफ से इस बार विधानपरिषद भेजने पर भी उठे एक सवाल पर अखिलेश ने असहमति नहीं दिखायी। आजमगढ़ सीट पर हुए पिछले उपचुनाव में सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव की हार के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार बताए जा रहे गुड्डू जमाली ने कहा कि आज ये वक्त की जरूरत है। वह दिल की आवाज सुनकर सपा में आए हैं। मजहब के नाम पर कोई हमें नहीं बांट सकता।

**आजमगढ़ उपचुनाव में गुड्डू का दिखा था दमः** गुड्डू जमाली आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट से 2012 और 2017 में बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते थे। आजमगढ़ के लोस उप चुनाव में समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव 8 हजार वोटों से हार गए थे। भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ को 3 लाख 12 हज़ार वोट मिले थे। धर्मेंद्र यादव को 3 लाख 4 हज़ार और बसपा के शाह आलम उर्फ़ गुड्डू जमाली को 2 लाख 66 हज़ार मत मिले थे। गुड्डू जमाली के कारण मुस्लिम वोटों का बंटवारा हो गया था जिसका फायदा भाजपा को मिला। चुनाव बाद वो समाजवादी पार्टी चले आए थे, लेकिन 2022 के विसभ. चुनाव में पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया तो वे फिर मायावती के साथ चले गए। सूत्रों मुताबिक, वह फिर लोस. चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। अगर वे फिर चुनाव लड़ते तो मुस्लिम वोटर बंट जाते।


सपा में शामिल होने के दौरान बसपा नेता गुड्डू जमाली के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, शिवपाल सिंह यादव व अन्य। अमृत विचार

### गुड्डू जमाली ने कहा-हिन्दू भाइयों का बड़ा अहसान

जमाली के मुताबिक, बसपा में मैं 13 साल रहा। पार्टी प्रमुख मायावती को भाजपा के खिलाफ लड़ाई में शामिल होना चाहिए था। जब यह नहीं हुआ तो हम लोग क्या करते? गुड्डू जमाली ने कहा कि अब वह जीवन भर सपा में रहेंगे।

### बागी विधायकों पर सपा नहीं करेगी कार्रवाई

लखनऊ। राज्यसभा चुनाव में सपा के सात विधायकों की भाजपा के लिए वोट करने के बाद पार्टी की तरफ से कोई कार्रवाई करने से फिलहाल सपा प्रमुख ने इंकार किया। उन्होंने उल्टा पत्रकारों से सवाल किया कि, ऐसे विधायकों को पार्टी से निकाल कर क्या आजाद कर दिया जाए? जो करना होगा विधानसभा स्तर से होगा। वहीं, सपा विधायक अभय सिंह के बारे में उन्होंने कहा कि, एक एजेंसी है एसटीएफ, उसके भय से भी कुछ पाला बदलने को मजबूर हुए। बाकी ने पैकेज डील की है। मैं भी देखता हूं भाजपा किसे, कितना, क्या देती है। यह भी कहा कि संघ और भाजपा की गोपनीय रणनीति जो मुझे बताते थे वे तो चले गए अब कौन अंदरखाने की बताएगा?

### इस बार संविधान मंथन होगाः अखिलेश यादव

लखनऊ, इस मौके पर अखिलेश यादव ने भी भाजपा पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि एक समय में समुद्र मंथन हुआ था। आने वाले लोकसभा चुनाव में संविधान मंथन होगा। अखिलेश ने कहा कि हमें खुशी है कि हमारा पीडीए परिवार बढ़ता चला जा रहा है। हम जितना परिवार बढ़ा लेंगे उतना ही भाजपा को हराने में सक्षम होंगे।

## क्रासवोटिंग करने वाले विधायकों का राजनीतिक भविष्य अभी साफ नहीं

अमृत विचार, लखनऊः सपा के जिन सात विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में खुलेआम क्रासवोटिंग की उनके राजनीतिक भविष्य की अभी तस्वीर साफ नहीं है। चर्चा इस बात की है कि कि सातों विधायक इस्तीफा देकर या तो फिर से चुनाव के मैदान में जाएंगे या फिर सपा उनकी विधानसभा सदस्यता रद करायेगी। माना जा रहा है कि विधानसभा में इन बागी विधायकों को एक अलग गुट के रूप में मान्यता मिल सकती है और सदन में सातो के सपा से अलग बैठने की भी व्यवस्था हो सकती है। वहीं, अगर इन विधायकों ने खुद ही अपनी सदस्यता से इस्तीफा दिया तो इन सात सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होगा।

# 48 लाख युवाओं के रुपयों से भाजपा लड़ेगी लोस चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि 48 लाख युवाओं की रकम से भाजपा लोकसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस भर्ती पर्चा लीक प्रकरण से भाजपा के पास करोड़ों का फंड आया है। प्रदेश अध्यक्ष गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के विधायकों ने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। पार्टी के विधायक पूरी मजबूती के साथ गठबंधन के साथ खड़े रहे। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के विधायक का राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करना यह स्पष्ट करता है कि बसपा भाजपा की 'बी' टीम बनकर कार्य रही है। पर्चा लीक प्रकरण पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा फार्म को भरने में लगभग 400 रुपये का खर्च आता है। इसके बाद परीक्षा की तैयारी व परीक्षा देने का खर्च अभ्यर्थियों को वहन करना पड़ता है, फिर पर्चा लीक हो जाता है। यह सरकार की असफलता है।



कांग्रेस कार्यलय में प्रेस वार्ता के दौरान नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य। अमृत विचार

▸▸ पेपर लीक से मिला करोड़ों का फंडः अजय राय

### गोंडा सीएमओ कार्यालय का घूस लेने वाला बाबू निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़े गए गोंडा सीएमओ कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक धर्मेश कुमार राय को निलंबित कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर निलंबन का आदेश बुधवार को जारी कर दिया गया है। मालूम होकि गोंडा सीएमओ कार्यालय में चिकित्सा प्रतिपूर्ति दिलाने के लिए 5000 रूपए रिश्वत लेने वाले बाबू को एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा था। साथ ही आरोपी धर्मेश को गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई पीड़ित की शिकायत पर हुई थी, आरोप था कि वरिष्ठ सहायक धर्मेश राय घूस न मिलने के चलते पीड़ित को परेशान कर रहे थे। मामले को उप मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया और दोषी वरिष्ठ लिपिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।

# रजनीश दुबे बनाये गये राजस्व परिषद के अध्यक्ष

▸▸ 13 आईएएस अफसरों के तबादले

▸▸ डॉ. बलकार सिंह को प्रदेश का आवास आयुक्त बनाया गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने मंगलवार की देर रात 13 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। रजनीश दुबे को राजस्व परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है। झांसी के मंडलायुक्त आदर्श सिंह को आबकारी आयुक्त बनाया गया है। यह पद कुछ समय से खाली चल रहा था।

आईएएस डॉ. बलकार सिंह को प्रदेश का नया आवास आयुक्त बनाया गया है। अभी तक वह एमडी जल निगम ग्रामीण के पद पर तैनात थे। सचिव कृषि राजशेखर को जल निगम ग्रामीण के पद पर तैनाती दी गई है।

राजेश कुमार सिंह को प्रमुख सचिव सहकारिता बनाया गया है। वह प्रमुख सचिव कारागार भी बने रहेंगे। बीएल मीणा को प्रमुख सचिव उद्यान एवं रेशम के पद पर भेजा गया है।

रवींद्र कुमार प्रमुख सचिव पशुधन व दुग्ध विकास व विमल दुबे को मंडलायुक्त झांसी बनाया गया है। चैत्रा वी को मंडलायुक्त अलीगढ़ बनाया गया है। मनोज कुमार सिंह से उद्यान विभाग का चार्ज हटा लिया गया है। पी गुरू प्रसाद प्रमुख सचिव राजस्व बनाए गए हैं। रणवीर प्रसाद एमडी विद्युत उत्पादन निगम, राजशेखर एमडी पेयजल मिशन ग्रामीण को बनाया गया है।

### विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने वाली योजनाएं बनाई जाएं

अमृत विचार, लखनऊ : पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन बनाने के लिए पर्यटन विभाग को विशेष प्रयास करने होंगे। विदेशी पर्यटक प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा दिन रुके और भ्रमण करें, ऐसी योजनाएं बनायी जाएं। क्योंकि एक पर्यटक के आने से छह लोगों को रोजगार मिलने के साथ ही होटल, टैक्सी व स्थानीय उत्पादों की बिक्री बढ़ती है। पर्यटन मंत्री, बुधवार को गोमती नगर स्थित पर्यटन विभाग में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे।

### तीन जिलों के एसपी समेत छह आईपीएस बदले

अमृत विचार, राज्य ब्यूरो। शासन ने बुधवार को तीन जिलों के एसपी समेत छह आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। अमेठी के पुलिस कप्तान इलामारन जी. को मऊ के एसपी के पद पर भेजा गया है, जबकि एसपी तकनीकी सेवाएं अनूप कुमार सिंह को अमेठी का एसपी बनाया गया है। शासन से जारी सूची के मुताबिक मऊ के एसपी अविनाश पांडेय को पीलीभीत का एसपी बनाया गया है, जबकि पीलीभीत के एसपी अतुल शर्मा द्वितीय को आगरा कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। सीबीसीआईडी में तैनात सुनीता सिंह को 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर का सेनानायक और आगरा पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त रवि कुमार को 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर का सेनानायक बनाया गया है।

## वर्ग पहेली-357

**बाएं से दाएं**

4.1. किसी पदार्थ का गोल या चपटा टुकड़ा, कड़ी

5. पानी के किनारे रहने वाली एक सफ़ेद चिड़िया जिसकी चोंच और पैर काले होते हैं।

7. ऐसा व्यक्ति जिसमें उदात्त विचारों की क्षमता न हो, तुच्छ या नीच विचार वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**

1. जलपानगृह, कॉफ़ी शॉप, छोटा रेस्तरां।

2. धूप संबंधी, धूप में प्रयुक्त किया जाने वाला।

3. रस की धारा, ख़ुशी की धारा।

5.1. एक प्रकार का बड़ा मुगदर जो दोनों हाथों से घुमाया जाता है 2. करेल घुमाने की कसरत।

6. दूसरों को देखने में प्रवृत्त करना, प्रस्तुत करना; प्रकाश डालना, प्रदर्शित करना, खोलना, दर्शाना, प्रकट करना, सामने लाना, ज़ाहिर करना, उजागर करना, उद्घाटित करना।



## वर्ग पहेली - 356 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | | | | 2 तु | |
| गा | | 3 सु | | ल | |
| ना | | हा | | नी | |
| | 4 कु | व | ल | य | |
| 5 र | ल | ना | | | 6 खु |
| | प | | | | र |
| 7 इ | ति | हा | स | | हा |

## सुडोकू-74

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | | 6 | 1 | |
| | 1 | | | 6 | | | | 9 |
| | | | 3 | 5 | | | 2 | |
| | | 5 | | | | 3 | | 8 |
| 4 | | | 8 | | 6 | | | 2 |
| 8 | | 7 | | 9 | | 1 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 2 | | | | 3 | | | 4 | |
| | 6 | 9 | | | 4 | | 5 | |

## सुडोकू - 73 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 3 | 5 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 7 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 01 मार्च 06.21 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-चित्रा 10.22 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** – आज आपके व्यवहार से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे जिसका लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी मिलेगा। जॉब में आपको पदोन्नति मिल सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्य की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**वृष** – आज ऋण चुकाने के लिए समय उपयुक्त है। घर और व्यवसाय दोनों को पूरा समय देंगे। दर्शनशास्त्र जैसे विषयों पर आपकी रुचि बढ़ सकती है। कानूनी अड़चनें दूर होने के योग बन रहे हैं। शासन का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन** – आज ऑफिस में आपकी कार्यशैली पर सवाल खड़े हो सकते हैं। प्रिय व्यक्तियों से झगड़ा हो सकता है। मन में किसी गलती को लेकर आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न होगा। शेयर और लाटरी से जुड़े कार्यों में निवेश से हानि हो सकती है।

**कर्क** – आज उच्च शिक्षा में अड़चने आ सकती हैं। माता का विशेष स्नेह प्राप्त होगा। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। जॉब में तालमेल बिठाना पड़ेगा। वैवाहिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में आपको महत्वपूर्ण कार्य करने पड़ेंगे। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष से संबंध मधुर रहेंगे। व्यावसायिक समस्याएं दूर होंगी।

**कन्या** – आज आपको त्वरित प्रतिक्रिया देने से आपको बचना चाहिए। बेवजह के विवादों से दूर रहें। महत्वपूर्ण कार्य करते समय मन को शांत रखें। आपकी कोई कीमती वस्तु चोरी हो सकती है। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय खराब है।

**तुला** – आज आर्थिक स्थिति में बड़े बदलाव हो सकते हैं। भोग-विलास में प्रवृत्त रहेंगे। बड़े-बुजुर्गों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। आप अपने शौक वाले कार्य कर सकते हैं। अल्प मेहनत से अच्छा लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक** – आज कारोबारी यात्रा करनी पड़ेगी। जीवनसाथी के व्यवहार में रूखापन होगा। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ सकता है। ऑफिस में आपकी मेहनत को महत्व नहीं मिलेगा। एकाग्रता में कमी हो सकती है। महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं।

**धनु** – आज कारोबार में लाभ-वृद्धि के योग बन रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे जातकों के लिए समय शानदार है। नई जॉब की खोज पूरी होगी। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साह होगा। लोग आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे।

**मकर** – आज कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। नई तकनीक और स्किल सीखने के लिए दिन बहुत अच्छा है। दूसरों से अपने मन की बातें शेयर न करें। नए प्रयोग कर सकते हैं। विवाह योग्य जातकों को मनोनुकूल विवाह संबंध मिल सकते हैं।

**कुंभ** – आज व्यापार में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। निवेश के लिए समय बहुत अच्छा है। उच्च अधिकारियों के संबंध मधुर होंगे। स्थायी संपत्ति खरीद सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है

**मीन** – आज जोखिम भरे निवेश से दूर रहें। बच्चों की जिद पर अंकुश लगाकर रखें। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हो सकते हैं। ऑफिस में सहकर्मियों से विवाद हो सकता है। व्यापार में बिक्री कम होगी। कुसंगति भारी पड़ सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES: जुआरी सुबह : 11.25; धड़कन शाम : 06.44

SONY MAX: झूम बराबर झूम सुबह : 11.30; ऑल द बेस्ट रात : 07.00

SONY PIX: द डार्क नाइट सुबह : 10.42; द कॉन्ज्यूरिंग रात : 09.00

ZEE CINEMA: बैंजो सुबह : 10.30; ये साली आशिकी रात : 07.30

colors CINEPLEX: क्वीन सुबह : 09.20; कुछ कुछ होता है रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बहु अपने ससुर से-बाबू जी इलायची खत्म हो गई है आते समय बाजार से लेते आना।
ससुर- हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलायची तुम्हारी सास का नाम है।
बहु- ठीक है आगे से ध्यान रखूंगी।
अगली बार बहु- बाबू जी मां जी खत्म हो गई हैं आते समय बाजार से लेते आना...
ससुर- बेहोश

पति- तुमने तो सुबह कहा था की रात के खाने में दो ऑप्शन होंगे यहां तो एक ही सब्जी दिख रही है?
पत्नी-ऑप्शन अभी भी दो हैं
पति- वो कैसे?
पत्नी-खाना है तो खाओ नहीं तो रहने दो।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,304.88 | 21,951.15 |
| गिरावट | 790.34 | 247.20 |
| प्रतिशत में | 1.08 | 1.11 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, गुरुवार, 29 फरवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| गेहूं दड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूं फारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4200-4300 |
| उड़द हरा | 10000-10200 |
| उड़द काला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहर फूल | 14700-14800 |
| अरहर स्पेशल | 12100-12200 |
| चना दाल | 7050-7150 |
| मटर दाल | 5000-5100 |
| मसूर मलका | 6850-6900 |
| मसूर दाल | 6950-7000 |
| उड़द दाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूंग दाल | 8800-10300 |
| मूंग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं1. | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं2. | 6500 - 7500 |
| **किराना (प्रति क्वि.)** | |
| कली मिर्च | 55000-70000 |
| बड़ी इलायची | 85000-120000 |
| सोंठ | 30000-40500 |
| धनिया | 6000-13000 |
| लाल मिर्च | 28000-34000 |
| जीरा | 58000-62000 |
| अजवाइन | 20000-28000 |
| सौंफ | 20000-35000 |
| हल्दी | 13500-16500। |

# जीडीपी वृद्धि दर तीसरी तिमाही में घटकर 6.9% रहेगी: एसबीआई

मुंबई, एजेंसी

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 6.7 से 6.9 प्रतिशत रह सकती है। यह दूसरी तिमाही की 7.6 प्रतिशत वृद्धि दर के मुकाबले कम है, जिसका कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। एसबीआई रिसर्च की बुधवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का आधिकारिक आंकड़ा जारी होने से एक दिन पहले यह रिपोर्ट आई है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर उम्मीद से कहीं अधिक 7.6 प्रतिशत रही। इसके



साथ भारत दुनिया में तीव्र आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने वाला देश बना रहा। वृद्धि दर में तेजी का प्रमुख कारण सरकार के व्यय और विनिर्माण गतिविधियों में तेजी रही। एसबीआई रिसर्च का तीसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत से 6.9 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान रिजर्व बैंक के 7 प्रतिशत वृद्धि के अनुमान से कम है। इसके साथ ही एसबीआई रिसर्च ने चौथी तिमाही में वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है।

दूसरी ओर, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में लगभग 4,000 सूचीबद्ध कंपनियों के शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत से अधिक की मजबूत वृद्धि हुई है, जबकि उनका कारोबार लगभग 7 प्रतिशत बढ़ा है। इसके अलावा, बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवा और बीमा) को छोड़कर करीब 3,000 सूचीबद्ध कंपनियों ने मार्जिन में सुधार की सूचना दी है।

### कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन बड़ा कारण

एसबीआई रिसर्च ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में कम वृद्धि दर के अनुमान का सबसे बड़ा कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। मत्स्य पालन को छोड़कर समूचा कृषि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कृषि मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2023-24 में प्रमुख खरीफ फसलों का उत्पादन 14.85 करोड़ टन होने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, रबी फसलों की बुवाई का कुल रकबा पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ा बढ़ा है, लेकिन अनाजों के मामले में रकबे को लेकर चिंता है। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 6.5 प्रतिशत की कमी देखी गई है। इसके मुताबिक, अगर रबी उत्पादन से खरीफ की कमी की भरपाई नहीं होती है तो कृषि क्षेत्र के मूल्य-वर्द्धन में गिरावट देखने को मिलेगी।

## एयरटेल ने लॉन्च किया रिसाइकिल्ड पीवीसी सिमकार्ड

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने बुधवार को वर्जिन प्लास्टिक से बने सिम कार्ड्स की जगह रिसाइकल्ड प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसके लिए आईडीईएमआईए सिक्योर ट्रांजैक्शंस के साथ उसने साझेदारी की है। एयरटेल हमेशा से ही पर्यावरण के अनुकूल और जिम्मेदार सर्कुलर बिजनेस प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। एयरटेल भारतीय टेलीकॉम इंडस्ट्री में पहली टेलीकॉम कंपनी बन गई है, जिसने रिसाइकिल प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च किए हैं। इस बदलाव से एक वर्ष में 165 टन से ज्यादा प्लास्टिक का इस्तेमाल कम होगा। साथ ही, 690 टन से ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन भी कम होगा।

# अगले दशक में 2,000 अरब डॉलर पहुंच जाएगा खुदरा क्षेत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

● बीसीजी-आरएआई की रिपोर्ट में दोगुना होने का जताया अनुमान

देश का उपभोग बढ़ने के साथ अगले दशक में भारत का खुदरा क्षेत्र 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और भारतीय खुदरा संघ (आरएआई) की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, संगठित खुदरा विक्रेताओं को अपना बेहतर प्रदर्शन आगे भी बनाए रखना होगा। यह क्षेत्र वृद्धि की गति और आकार को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बदलावों से गुजर रहा है। इसमें कहा गया कि आय वृद्धि स्थिर रहने के बीच उपभोक्ता व्यक्तिगत आय को लेकर आशावादी हैं। उपभोक्ता तेजी से नए अनुभवों पर खर्च करना चाहते हैं या नए उपायों से अधिक बचत



करना चाहते हैं। बीसीजी के प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ भागीदार अभीक सिंघी ने कहा, 'अगले दशक में भारतीय खुदरा क्षेत्र का आकार दोगुना होकर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। विभिन्न श्रेणियों और प्रारूपों में ऐसे विक्रेता सफल होंगे, जिनकी नकदी स्थिति अच्छी होगी।'

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले दशक में भारत में खुदरा बिक्री 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,550-47,750 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 71,500 |
| चांदी तैयार | 71,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 708 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

## कारोबारी सुनील मित्तल को मानद नाइटहुड सम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारत और ब्रिटेन के व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने का श्रेय



दूरसंचार सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को किंग चार्ल्स तृतीय द्वारा मानद नाइटहुड, नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (केबीई) से सम्मानित किए गए हैं।

केबीई ब्रिटेन द्वारा नागरिकों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। यह विदेशी नागरिकों को मानद क्षमता में प्रदान किया जाता है। द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर की स्थापना किंग जॉर्ज पंचम द्वारा 1917 में उन लोगों को सम्मानित करने के लिए की गई थी, जिन्होंने गैर-जुझारू भूमिका में सेवा की थी और कला, विज्ञान और सार्वजनिक सेवा में योगदान को पुरस्कृत करने के लिए ऑर्डर का विस्तार किया था। गैर-ब्रिटिश नागरिकों को सर या डेम जैसे शीर्षकों का उपयोग करने के बजाय उनके नाम के बाद केबीई जोड़ने के लिए सम्मानित किया जाता है। इससे पहले रतन टाटा, रवि शंकर और जमशेद ईरानी को यह सम्मान मिल चुका है।

## बाजार में गिरावट से निवेशकों की पूंजी छह लाख करोड़ रुपये घटी

**नई दिल्ली।** बीएसई सेंसेक्स में बुधवार को बड़ी गिरावट के साथ निवेशकों की संपत्ति एक दिन में छह लाख करोड़ रुपये घट गई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 790.34 अंक यानी 1.08 प्रतिशत टूटकर 72,304.88 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,02,338.56 करोड़ रुपये घटकर 3,85,97,298.49 करोड़ रुपये पर आ गया। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तपसे ने कहा कि वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान से पहले भारी बिकवाली दबाव देखने को मिला।

# देश में अमीरों की संख्या 6% बढ़कर 13,263 हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

● नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में किया गया दावा

भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बढ़ती समृद्धि के कारण अति-उच्च नेटवर्थ वाले व्यक्तियों (यूएचएनडब्ल्यूआई) की संख्या 2028 तक बढ़कर करीब 20,000 हो जाएगी।

यूएचएनडब्ल्यूआई को ऐसे व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है, जिनकी कुल संपत्ति तीन करोड़ डॉलर या उससे अधिक है।



बुधवार को एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने 'द वेल्थ रिपोर्ट-2024' जारी करते हुए कहा कि भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 2023 में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई, जबकि इससे पिछले वर्ष यह 12,495 थी। भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या के 2028 तक बढ़कर 19,908 होने की उम्मीद है।

### अमीर भारतीयों ने 32% पूंजी आवासीय संपत्तियों में लगाई

**नई दिल्ली।** भारत के बेहद अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। नाइट फ्रैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उनके आवासीय पोर्टफोलियो का करीब 14 प्रतिशत देश के बाहर आवंटित है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में बेहद अमीर श्रेणी के एक भारतीय व्यक्ति के पास औसतन 2.57 घर हैं, जबकि 28 प्रतिशत लोगों ने अपने दूसरे घरों को किराये पर दिया हुआ था।



## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर के दो संगठनों पर सरकार ने लगाया प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'ये संगठन देश की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहे हैं।'

### बजट सत्र में भाग लेने की सोरेन की याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी, जिसमें विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी गई थी। सत्र की शुरुआत 23 फरवरी को हुई और दो मार्च तक चलेगा। सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले महीने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने शुक्रवार को हाईकोर्ट के समक्ष एक आवेदन दायर कर बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी थी। उनकी दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रखा था।

# विकल्प खुले, कड़े निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेंगे

## हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार पर मंडराए संकट के बीच कांग्रेस ने किया स्पष्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार पर मंडराए संकट के बीच बुधवार को कहा कि जनादेश को बरकरार रखने के लिए सारे विकल्प खुले हुए हैं और जरूरत पड़ने पर वह कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगी। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी लोगों के अधिकार को कुचलना और प्रदेश को 'राजनीतिक आपदा' में धकेलना चाहती है।

हिमाचल में राज्यसभा की एक सीट पर हुए मतदान में कांग्रेस के छह विधायकों द्वारा 'क्रॉस वोटिंग' किए जाने के बाद भाजपा ने सीट पर जीत हासिल की थी और उसके बाद से राज्य में राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। पार्टी महासचिव जयराम



रमेश ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पर्यवेक्षकों से बात की है और उनसे कहा है कि वे विधायकों से बात करके जल्द रिपोर्ट सौंपें। उनका कहना है कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा। कांग्रेस ने छतीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बतौर पर्यवेक्षक शिमला भेजा है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला भी शिमला में मौजूद हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पर्यवेक्षक गुरुवार शाम तक अपनी रिपोर्ट खरगे को भेज सकते हैं। उसके बाद तत्काल निर्णय लिया जाएगा।

### हम पांच साल तक सरकार चलाएंगे : मुख्यमंत्री सुक्खू

**शिमला।** राजनीतिक संकट के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को दावा किया कि वे पूरे पांच साल तक सरकार चलाएंगे। सुक्खू ने कहा, 'न तो केंद्रीय नेतृत्व ने और न ही किसी और ने मुझे इस्तीफा देने को कहा है और ऐसी कोई बात नहीं हैं।' उन्होंने कहा, 'जिस तरह का काम राज्य के भाजपा नेताओं द्वारा किया गया है, वे अपने ही लोगों पर भरोसा नहीं करते। सीआरपीएफ तैनात की गई थी। हरियाणा पुलिस तैनात की गई थी। हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया।' यह पूछे जाने पर कि क्या मैजूदा स्थित भाजपा के ऑपरेशन लोटस से उत्पन्न हुई है या अपने लोग ही इसके लिए जिम्मेदार हैं तो सुक्खू ने कहा, 'कुछ गलतियां हुई होंगी और उन गलतियों के कारण कुछ कमियां रही होंगी।'

### बागी विधायकों की सदस्यता पर लटकी तलवार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के छह बागी विधायकों की सदस्यता पर तलवार लटक गई है। दल-बदल कानून के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष याचिका दाखिल की गई है। इसमें विधायकों की सदस्यता को चुनौती दी गई है। इसमें बड़ी बात यह है कि विस अध्यक्ष ने तुरंत ही विधायकों को नोटिस जारी कर सुनवाई शुरू कर दी है। उधर, बागी विधायकों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से ये मांग उठाई है कि जवाब के लिए कम से कम सात दिन का समय दिया जाना चाहिए था, लेकिन विस अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में स्पष्ट तौर पर कहा कि आदेश तुरंत जारी कर दिए जाएंगे। दरअसल, सत्ता पक्ष ने व्हिप जारी किया हुआ था।

## शाहजहां को सीबीआई व ईडी भी कर सकती है गिरफ्तार: कोर्ट

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को निर्देश दिया कि संदेशखालि में महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के मामले के मुख्य आरोपी तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के अलावा सीबीआई और ईडी भी गिरफ्तार कर सकती है। राज्य महाधिवक्ता की अर्जी पर अदालत ने 26 फरवरी को जारी अपने आदेश को स्पष्ट किया, जिसमें पुलिस को शेख की गिरफ्तारी का आदेश दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि अदालत ने 7 फरवरी के अपने आदेश में केवल ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए एकल पीठ द्वारा सीबीआई और पश्चिम बंगाल पुलिस के एसआईटी के गठन पर रोक लगाई थी।

# मोदी ने इसरो के नए प्रक्षेपण परिसर का किया शिलान्यास

थूथुकुडी, एजेंसी

● राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की नई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर तमिलनाडु की उन्नति के लिए कोई काम नहीं करने का आरोप लगाया।

परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है और केंद्र के प्रयासों के कारण तमिलनाडु आधुनिकता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि समाचार पत्र और टीवी चैनल केंद्र के प्रयासों को



दिखाना चाहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें ऐसा करने की इजाजत तक नहीं दे रही। मोदी ने जोर देकर कहा, 'लेकिन हम विकास कार्यों से पीछे नहीं हटेंगे।'

तमिलनाडु के तूतीकोरिन में भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन जलमार्ग पोत को हरी झंडी दिखाते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों के कारण परिवहन बढ़ने से तमिलनाडु में जीवन में सुगमता आई है।

## असम: कांग्रेस नेता राणा गोस्वामी ने इस्तीफा दिया

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के दिग्गज नेता राणा गोस्वामी बुधवार को पार्टी से इस्तीफा देकर नई दिल्ली रवाना हो गए, जहां उनके भाजपा में शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, 'मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष और कांग्रेस के एक सक्रिय सदस्य के रूप में अपना इस्तीफा दे रहा हूं।'

## आत्महत्या के मामले में आप विधायक दोषी करार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक प्रकाश जारवाल को एक डॉक्टर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का दोषी ठहराया। दक्षिणी दिल्ली के दुर्गा विहार में 18 अप्रैल, 2020 को 52 वर्षीय डॉ. राजेंद्र सिंह ने आत्महत्या कर ली थी। न्यायाधीश ने देवली विधानसभा क्षेत्र के विधायक जारवाल को दोषी करार देते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष ने तार्किक संदेह से परे जाकर उनके खिलाफ मामला साबित किया। न्यायाधीश सजा को लेकर 13 मार्च को दलीलें सुनेंगे। अपने सुसाइड नोट में डॉक्टर ने अपनी खुदकुशी के लिए जारवाल को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने इस सुसाइड नोट के आधार पर जारवाल के खिलाफ रंगदारी एवं आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया था।

## अरुणाचल प्रदेश: अवैध प्रवेश के आरोप में म्यांमा के छह गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले से म्यांमा के छह लोगों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक राईक कमसी ने कहा कि यासोंग गांव से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने दावा किया कि उन्होंने जंगली मशरूम इकट्ठा करने के लिए भारत में प्रवेश किया था और वे सभी म्यांमा के पुताओं गांव के निवासी हैं। उनके कब्जे से छह किलोग्राम जंगली मशरूम और 68,000 रुपये जब्त किए गए हैं।

## राजीव गांधी की हत्या के दोषी संथन की मौत

**चेन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए संथन की दिल का दौरा पड़ने से बुधवार को मौत हो गई। संथन को सुप्रीम कोर्ट ने बाद में रिहा कर दिया था। संथन उर्फ टी. सुतेनदिराराजा (55) एक श्रीलंकाई नागरिक था और उन सात लोगों में से एक था, जिसे 1991 में चेन्नई के समीप श्रीपेरुम्बदूर में पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के जुर्म में 20 वर्ष से ज्यादा की जेल की सजा काटने के बाद 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने रिहा कर दिया था। राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल के डीन ई थेरानिरजन ने बताया कि संथन का यकृत खराब था और उसका उपचार किया जा रहा था। संथन के वकील एस. पुगाझेंथी ने कहा कि प्राधिकारियों ने पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया है और उसके शव को श्रीलंका ले जाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

# राष्ट्रीय दलों ने 3,077 करोड़ रुपये की आय घोषित की

नई दिल्ली, एजेंसी

● भाजपा की हिस्सेदारी सबसे अधिक, कांग्रेस दूसरी नंबर पर

देश के छह राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 3,077 करोड़ रुपये की अपनी कुल आय घोषित की है, जिसमें भाजपा को सबसे अधिक यानी करीब 2361 करोड़ रुपये मिले। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 76.73 प्रतिशत है।

आय के मामले में 452.375 करोड़ रुपये के साथ कांग्रेस ने दूसरा स्थान हासिल किया है। कांग्रेस की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 14.70 प्रतिशत है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा बसपा, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भी अपनी आय घोषित की है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के बीच भाजपा की आय वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 1917.12 करोड़ रुपये से 23.15 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 2360.844 करोड़ रुपये हो गई।

## झारखंड : जामताड़ा में ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**जामताड़ा।** झारखंड के जामताड़ा जिले में बुधवार शाम ट्रेन की चपेट में आकर कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। जामताड़ा अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) एम. रहमान ने बताया कि दुर्घटना जामताड़ा जिले के कलझरिया इलाके के पास उस समय हुई, जब कुछ यात्री गलत तरफ से ट्रेन से उतर गए और दूसरी लाइन पर आ रही एक लोकल ट्रेन की चपेट में आ गए।' रहमान ने कहा, 'मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।' इस बीच जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी ने बताया कि इस घटना में करीब तीन लोगों की मृत्यु हुई है और कई लोग लापता हैं।

# वर्ष 2029 तक देश में एक साथ हो सकते हैं चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

● विधि आयोग एक खंड जोड़कर कर सकता है सिफारिश

विधि आयोग संविधान में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर एक नया अध्याय जोड़ने और 2029 के मध्य तक देशभर में लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सिफारिश कर सकता है।

सूत्रों ने कहा कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला आयोग एक साथ चुनावों पर 'नया अध्याय या खंड' जोड़ने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश करेगा। आयोग अगले पांच वर्षों में 'तीन चरणों' में विधानसभाओं के कार्यकाल को एक साथ करने की भी सिफारिश करेगा,



ताकि देशभर में पहली बार एक साथ चुनाव मई-जून 2029 में 19वीं लोकसभा के चुनाव के साथ हो सकें। सूत्रों ने बताया कि संविधान के नये अध्याय में 'एक साथ चुनाव', 'एक साथ चुनावों की स्थिरता' और लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों और नगरपालिकाओं के लिए 'सामान्य मतदाता सूची' से संबंधित मुद्दे शामिल होंगे, ताकि त्रि-स्तरीय चुनाव एक साथ 'एक ही बार में' हो सकें।

जिस नए अध्याय की सिफारिश की जा रही है, उसमें विधानसभाओं की शर्तों से संबंधित संविधान के अन्य प्रावधानों को खत्म करने की अस्तित्वहीन शक्ति के प्रावधान किए जाएंगे। यदि कोई सरकार अविश्वास के कारण गिर जाती है या त्रिशंकु सदन होता है, तो आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 'एकता सरकार' के गठन की सिफारिश करेगा। यदि 'एकता सरकार' का सिद्धांत काम नहीं करता है, तो विधि आयोग सदन के शेष कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराने की सिफारिश करेगा। एक सूत्र ने बताया, 'मान लीजिए कि नए चुनावों की आवश्यकता है और सरकार के पास अब भी तीन साल हैं, तो स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव शेष कार्यकाल के लिए होना चाहिए।' विधि आयोग के अलावा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति भी एक रिपोर्ट पर काम कर रही है कि कैसे संविधान और मौजूदा कानूनी ढांचे में बदलाव करके एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं।

इस साल अप्रैल-मई में होने वाले आगामी लोकसभा चुनावों के साथ कम से कम पांच विधानसभाओं के चुनाव होने की संभावना है।

## राजग को अप्रैल में राज्यसभा में प्राप्त हो सकता है बहुमत

**नई दिल्ली।** सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को इस साल अप्रैल में राज्यसभा में बहुमत मिलने की संभावना है। मनोनीत श्रेणी के तहत छह रिक्त पद भरे जाने और नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ लेने के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत में आ सकता है। राज्यसभा सचिवालय के आंकड़ों के अनुसार भाजपा के 94 सदस्य हैं। हाल में हुए चुनाव में उसकी सीट संख्या में दो की बढ़त हुई है और अब कुल सदस्य संख्या 96 हो गई है। राजग सदस्यों की संख्या अभी 113 है। अप्रैल में सभी मनोनीत सदस्यों के शपथ लेने के बाद 245 सदस्यीय सदन में उसके सदस्यों की संख्या 123 के बहुमत के आंकड़े को छू लेगी।

पूर्व सीईओ एलेना ने महासंघ में गुटबाजी और मतभेद के लगाए थे आरोप

# हॉकी इंडिया ने आरोपों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया में गुटबाजी और आपसी मतभेदों के आरोपों को खारिज करते हुए महासंघ के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिए वे मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है। यह सही नहीं है। 13 साल बाद भारतीय हॉकी से नाता तोड़ने के बाद पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया में जिस तरह का माहौल बन गया था, उसमें काम करना मुश्किल होता जा रहा था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने कहा था कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ वह और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। इससे पहले महिला हॉकी टीम की कोच यानेके शॉपमैन ने भी महिला हॉकी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये और सम्मान की कमी का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था। भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी जिसके बाद शॉपमैन ने पद छोड़ा। टिर्की और भोलानाथ ने कहा कि हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिए गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है। हमारा लक्ष्य हॉकी और अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है।

• 13 साल बाद पूर्व सीईओ ने हॉकी इंडिया से नाता तोड़ा

# जहीर को देखकर सीखने का प्रयास करता था: जेम्स

## एंडरसन 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बनने से दो विकेट दूर

नई दिल्ली, एजेंसी



इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि उन्होंने रिवर्स स्विंग सहित गेंदबाजी के कुछ गुर भारत के तेज गेंदबाज जहीर खान से सीखे।

एंडरसन 41 साल की उम्र में भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और 700 टेस्ट विकेट लेने वाला दुनिया का पहला तेज गेंदबाज बनने से सिर्फ दो विकेट दूर हैं। उनके नाम पर एक हजार अंतर्राष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं। अभी सिर्फ महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और दिवंगत शेन वार्न के नाम पर 700 से अधिक टेस्ट विकेट हैं। एंडरसन ने कहा कि मैंने जहीर खान को खेलते हुए देखा है और उनसे सीखने का प्रयास किया है। वह किस तरह रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल करता है, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़ता है तो गेंद को कैसे छिपाता है, यहां उसके खिलाफ खेलकर मैंने यह सीखने का प्रयास किया। भारत के तेज गेंदबाजों में से एक जहीर ने अपना आखिरी टेस्ट 2014 में खेला जब एंडरसन अपने खेल के शीर्ष पर थे। मौजूदा भारतीय गेंदबाजों में एंडरसन बुमराह की क्षमता से प्रभावित हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह के मैच विजयी प्रदर्शन पर एंडरसन ने कहा कि उसके स्तर के व्यक्ति से आप ऐसे मानक की अपेक्षा करते हैं। रिवर्स स्विंग भारत में बड़ी भूमिका निभा सकती है और वह इसका फायदा उठाता है। उसके पास अच्छी गति है और वह सटीक है और उसकी गेंदबाजी में निरंतरता है। उसके पास यॉर्कर भी है और हमने देखा कि उसने ओली पोप को कैसे आउट किया। यह कोई संयोग नहीं है कि वह दुनिया में नंबर एक गेंदबाज है। इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि बुमराह, (मोहम्मद) शमी और (मोहम्मद) सिराज से बेहतर गेंदबाज नहीं हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं।

### 22 साल में 186 टेस्ट और 194 वनडे खेले

एंडरसन के अनुभव का अंदाजा इससे लग सकता है कि 2002 में जब उन्होंने टेस्ट पदार्पण किया था तो इंग्लैंड टीम में उनके मौजूदा साथी शोएब बशीर और रेहान अहमद का जन्म भी नहीं हुआ था। एंडरसन ने 22 साल में 186 टेस्ट और 194 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने कहा कि उन्हें महसूस नहीं होता कि वह 41 बरस के हैं। उन्होंने कहा कि मुझे महसूस ही नहीं होता कि मैं 41 साल और 200 दिन का हूं। मैं अब भी युवा महसूस करता हूं।



## खेल डायरी

### बोपन्ना-एबडेन, युकी-हासे की जोड़ी जीतीं, नागल हारे

दुबई टेनिस चैंपियनशिप



दुबई, एजेंसी। रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, जिन्होंने पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी और ट्यूनीशिया के सिकंदर मंसूरी को हराया। आस्ट्रेलियाई ओपन युगल खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने एक घंटा 41 मिनट में जीत दर्ज की। अब उनका सामना उरूग्वे के एरियल बहार और चेक गणराज्य के एडम पाव्लासेक से होगा। भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे ने कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो को हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई। अब उनका सामना बेल्जियम के सैंडर जाइले और जोरान विलेजेन और इंग्लैंड के जमाल मर्रे तथा न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के बीच होने वाले विजेता से होगा। भारत के एकल खिलाड़ी सुमित नागल अंतिम 32 में इटली के लोरेंजो सोनेगो से हारकर बाहर हो गए।

### रविंद्र न्यूजीलैंड टेस्ट टीम में शामिल, कोंवे बाहर

वेलिंगटन, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए रचिन रविंद्र को न्यूजीलैंड टीम में जगह दी गई है जबकि डेवोन कोंवे बाहर हैं। कोंवे को दूसरे टी-20 मैच में अंगूठे में चोट लगी थी। शुरूआती स्कैन में पता चला कि फ्रेक्चर नहीं है लेकिन बाद में कराये टेस्ट में पता लगा कि चोट गंभीर है। उनकी जगह विल यंग अब टॉम लाथम के साथ पारी का आगाज करेंगे। हेनरी निकोल्स की टीम में वापसी हुई है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि यह निराशाजनक है कि डेवोन इतने अहम मैच से पहले टीम से बाहर हैं। वह बेहतरीन खिलाड़ी है और यह श्रृंखला खेलना चाहता था। रविंद्र घुटने की चोट के कारण दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल सके लेकिन अब खेलने के लिए फिट है।

### नागपुर और मुंबई में होंगे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

नई दिल्ली, एजेंसी। रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मुंबई और तमिलनाडु का सामना मुंबई में होगा जबकि मध्यप्रदेश और विदर्भ का मैच नागपुर में खेला जाएगा। नागपुर के वीसीए स्टेडियम और मुंबई के बीकेसी मैदान पर रणजी ट्रॉफी के अंतिम चार के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। विदर्भ ने कर्नाटक को 127 रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। उसका सामना मध्यप्रदेश की टीम से होगा, जिसके कोच चंद्रकांत पंडित है, जिनके कोच रहते हुए विदर्भ ने 2017-18 और 2018-19 में रणजी का खिताब जीता था। मध्यप्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में आंध्र की टीम को चार रन से हराकर मैच जीता था। वहीं मुंबई ने बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। अब सेमीफाइनल मुंबई-तमिलनाडु, मध्यप्रदेश-विदर्भ में होगा।

### प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान अपनाना होगा : बिंद्रा



नई दिल्ली। चैंपियन निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बुधवार को कहा कि भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे की ही नही बल्कि प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान को आत्मसात करने की जरूरत है। भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा भारत खेल विज्ञान कांक्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोचों को इस डिजिटल युग में खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल विज्ञान को अपनाना होगा। हमे एथलेटिक ढांचे के हर स्तर पर खेल विज्ञान को आत्मसात करना होगा। सिर्फ अत्याधुनिक सुविधाओं से काम नहीं चलेगा बल्कि जमीनी से शीर्ष स्तर पर वैज्ञानिक मानसिकता के साथ खेलना होगा ताकि भारत को खेल की महाशक्ति बनाया जा सके। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों के विकास में खेल विज्ञान अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को उनकी ताकत समझाने, बेहतर करने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए ताकत के इस्तेमाल में मदद के लिये खेल विज्ञान की मदद ली जा रही है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि देश में हमारे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों पर खेल विज्ञान विभाग जरूर हो।

# धर्मशाला टेस्ट से भी बाहर रह सकते हैं केएल राहुल

## दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अब भी, पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेल रहे

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवां और आखिरी टेस्ट भी नहीं खेल सकेंगे क्योंकि उनकी दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अभी भी है। राहुल हैदराबाद में पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेले हैं लेकिन बीसीसीआई के मुताबिक वह राजकोट में इस महीने की शुरूआत में हुए तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। वह अपनी चोट को लेकर विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं।

भारतीय टीम श्रृंखला जीत ही चुकी है तो टीम प्रबंधन 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट के लिए उन्हें लेकर कोई जोखिम नहीं लेगा। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान हैं और मध्यक्रम में बल्लेबाजी की धुरी भी। वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपना दावा पुख्ता करने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहेंगे। आईपीएल के सूत्र ने बताया कि वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। उन्हें बल्लेबाजी करते समय दर्द महसूस हो रहा है। यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पूरी तरह फिट है क्योंकि टीम को उनकी जरूरत लंबे समय तक है।

आईपीएल में लगी इस चोट से राहुल पिछले साल 4 महीने क्रिकेट से दूर रहे। वह सितंबर में एशिया कप में लौटे और दक्षिण अफ्रीका में ड्रॉ रही टेस्ट श्रृंखला में उन्होंने शतक जमाया। राहुल के नहीं खेलने के मायने हैं कि छह पारियों में सिर्फ 63 रन बना सके रजत पाटीदार टीम में रहेंगे हालांकि उनका खेलना तय नहीं है। वहीं रांची टेस्ट में आराम दिए जाने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकों को देखकर हर मैच अहम है और धर्मशाला में बुमराह की मौजूदगी से काफी फर्क पड़ेगा। भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।

### जायसवाल रैंकिंग में 12वें, जुरेल 69वें स्थान पर



दुबई, एजेंसी। भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में 12वें और ध्रुव जुरेल 31 स्थान चढकर 69वें स्थान पर पहुंच गए है। जायसवाल टेस्ट श्रृंखला से पहले रैंकिंग में 69वें स्थान पर थे। चौथे मैच में 73 और 37 रन बनाने के बाद उनकी रैंकिंग में सुधार आया है। प्लेयर आफ द मैच जुरेल ने 90 और 39 रन बनाकर 31 पायदान की छलांग लगाई है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट रांची में नाबाद 122 रन बनाने के बाद शीर्ष 3 में लौट आए हैं। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 5 विकेट लेकर बुमराह से 21 अंक पीछे हैं। स्पिनर कुलदीप यादव 10 पायदान चढ़कर 32वें स्थान पर हैं।

# किशन-अय्यर बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी



• रणजी में खेलने के बोर्ड के निर्देशों का पालन नहीं करने पर की गई कार्रवाई

ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी में खेलने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों का पालन नहीं करने के बाद बुधवार को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को बीसीसीआई अनुबंध के शीर्ष वर्ग (ए+) में रखा गया है। 6 क्रिकेटरों को ए वर्ग में रखा गया है, जिनमें रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या हैं। सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल को बी वर्ग में और 15 खिलाड़ियों को सी वर्ग में रखा गया है जिनमें रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार हैं।

बीसीसीआई ने कहा कि वार्षिक अनुबंध के लिए श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम पर विचार नहीं किया गया। चयन समिति ने तेज गेंदबाजों आकाश दीप, विजय कुमार विशाक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा के लिए भी अनुबंध की सिफारिश की है।

### सभी खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में खेलने को दें प्राथमिकता

बीसीसीआई ने कहा कि सभी खिलाड़ी जब राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों तो वे घरेलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें। साथ ही मानदंडों से हटकर इस बार चारों वर्गों में शामिल खिलाड़ियों को वार्षिक अनुबंध के लिए मिलने वाली राशि का उल्लेख नहीं किया है। आमतौर पर ए+ वर्ग के खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष 7 करोड़, ए वर्ग को 5 करोड़, बी वर्ग को तीन करोड़ और सी वर्ग को एक करोड रुपए की राशि दी जाती है। यह राशि उनकी मैच फीस से इतर होती है।

# अंजू ने कहा, पेरिस ओलंपिक में पारुल चौधरी पर रहेंगी नजरें

नई दिल्ली, एजेंसी





भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता स्टीपलचेज धाविका पारुल चौधरी पर नजरें रहेंगी और उन्हें भाला फेंक में एक से अधिक पदक की उम्मीद है।

जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए अब तक भारत के नौ ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है। भाला फेंका में गत चैंपियन नीरज चोपड़ा और किशोर जेना ओलंपिक में जगह बना चुके हैं। पारुल ने पिछले साल हांगजोउ एशियाई खेलों की 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण और 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीता था। यह धाविका 3000 मीटर महिला स्टीपलचेज में नौ मिनट से कम का समय लेने वाली पहली भारतीय है।

# यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस का विजय रथ रोका

बेंगलुरु, एजेंसी



किरण नवगिरे के अर्धशतक और कप्तान एलिसा हीली के साथ की बड़ी साझेदारी से यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर डब्ल्यूपीएल में अपना खाता खोला। दोनों मैच में जीत दर्ज करने वाली मुंबई की टीम हेली मैथ्यूज के अर्धशतक के बावजूद पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 161 रन बना पाई। वॉरियर्स ने 16.3 ओवर में 3 विकेट पर 163 रन बनाकर जीत दर्ज की।

यूपी की किरण ने 31 गेंद पर 57 रन बनाए जिसमें 6 चौके और 4 छक्के हैं। उन्होंने हीली (29 गेंद पर 33 रन, 5 चौके) के साथ पहले विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी की। वॉरियर्स ने 3 विकेट 4 रन के अंदर गंवा दिए। ग्रेस हैरिस और दीप्ति शर्मा ने चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। हैरिस ने 17 गेंद पर 38 रन की नाबाद पारी खेली जिसमें 6 चौके और 1 छक्का है। दीप्ति ने 20 गेंद पर नाबाद 27 रन बनाए। मैथ्यूज ने 47 गेंद पर 9 चौकों और 1 छक्के से 55 रन बनाए। उन्होंने यास्तिका भाटिया (26) के साथ पहले विकेट के लिए 50 और नेट साइवर ब्रंट (19) के साथ दूसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की। अमेलिया केर ने 23, पूजा वस्त्रकर ने 18 और इसी वांग ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया। मुंबई ने बेहद धीमी शुरुआत की और पहले 4 ओवर के बाद उसका स्कोर केवल 13 रन था। भाटिया ने अंजलि सर्वानी के अगले ओवर में 3 चौकों और 1छक्के की मदद से 18 रन बटोर कर रन गति तेज की जिससे मुंबई पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 36 रन बनाने में सफल रहा।

## बॉलीवुड हलचल

# 1 मार्च को ओटीटी पर 'पूरब के भसड़बाज'




मुंबई, एजेंसी। ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर 1 मार्च को फिल्म पूरब के भसड़बाज रिलीज होगी। टैग प्रोडक्शन के बैनर तले बनी कॉमेडी फिल्म पूरब के भसड़बाज की कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की माफिया की गतिविधियों पर आधारित है। शीबा चड्ढा और धनंजय गलानी की मुख्य भूमिका वाली फ़िल्म हमारे समाज की कुछ रुढ़िवादी परम्पराओं पर व्यंग्य करती हुई हांस्य रूप में परोसी गई कहानी है। फिल्म के निर्माता अंजू भट्ट एवं चिरंजीवी भट्ट हैं। इस फ़िल्म के लेखक एवं निर्देशक अभिषेक प्रसाद हैं। छायांकन रवि बी रंजन शर्मा ने किया है, वहीं संगीत निर्देशन अभिनव आर कौशिक ने किया है। सम्पादन अजय वर्मा ने किया है। इसमें शीबा चड्ढा, धनंजय गलानी, अनिल चरणजीत, मुकेश एस. भट्ट, गरिमा श्रीवास्तव और विनीत कुमार मुख्य भूमिका में हैं।

### फिल्म तेरा क्या होगा लवली का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज




मुंबई, एजेंसी। फिल्म तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' में करण कुंद्रा, रणदीप हुड्डा और इलियाना डिक्रूज की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में रणदीप हुड्डा पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं। बलविंदर सिंह जंजुआ के निर्देशन में बनी फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# यामी की 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार



नई दिल्ली। यामी गौतम, प्रियमणि, अरुण गोविल और किरण करमरकर की फिल्म आर्टिकल 370 बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हो गई है। बजट से दोगुनी कमाई यह फिल्म कर रही है। पहले दिन की ओपनिंग के साथ वर्ल्डवाइड मूवी का कलेक्शन बजट से दोगुना है, जो रिकॉर्ड तोड़ है। वहीं कास्ट को दर्शकों का प्यार मिल रहा है, जोकि हिट है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सकनिल्क के अनुसार, आर्टिकल 370 ने पहले दिन 5.9 करोड़ की कमाई की। वहीं पहले वीकेंड पर यानी दूसरे दिन 7.4 करोड़ का रहा। जबकि संडे को तीसरे दिन कमाई 9.6 करोड़ पहुंच गई। जबकि मंडे चौथे दिन 3.25 करोड़ और पांचवे दिन 3.25 करोड़ की कमाई की है। भारत में फिल्म की कमाई 29.40 करोड़ रही। हालांकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन 36 करोड़ तक है। यह फिल्म केवल 20 करोड़ में बनी है, जबकि दूसरे वीकेंड तक यह आंकड़ा बजट से दोगुनी कमाई कर लेगा।

### पॉलिटिक्स-देशभक्ति का पावर डोज

यह फिल्म जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को रद करने की पृष्ठभूमि पर है। निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी करने के बाद एक वर्ग ने इसे 'एजेंडा-संचालित' फिल्म बताया। सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही यह फिल्म 2016 के बाद से कश्मीर घाटी में हुई घटनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म की कहानी को छह अध्यायों में बांटा गया है, जिनमें से पहला अध्याय एक आतंकवादी संगठन के युवा कमांडर बुरहान वानी की है, जो घाटी में लोकप्रिय है। उसकी हत्या के बाद घाटी में विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके बाद पीएमओ अधिकारी (प्रियमणि) हरकत में आए। कहानी फिर उस समय तक पहुंचती है जब केंद्र सरकार संविधान सभा से अपना समर्थन वापस ले लेती है, जिससे राज्य में राष्ट्रपति शासन लग जाता है। क्षेत्र में स्थिति ज्यादा नहीं बदली और साल 2019 में पुलवामा आतंकी हमला हुआ, जिसके बाद केंद्र सरकार हरकत में आई और क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने का फैसला किया।

# द साबरमती रिपोर्ट लेकर लौटे विक्रांत



नई दिल्ली। साल 2023 के अक्टूबर में रिलीज हुई विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ के बजट में 70 करोड़ की कमाई हासिल की, जिसने एक रिकॉर्ड तो कायम किया ही। दर्शकों के दिलों में लीड एक्टर विक्रांत मेस्सी को भी पॉपुलर एक्टरों की सूचि में शामिल कर दिया। वहीं अब 12वीं फेल के बाद विक्रांत मेस्सी नई फिल्म द साबरमती रिपोर्ट लेकर आ गए हैं, जिसकी पहली झलक और रिलीज डेट का खुलासा एक्टर ने कर दिया है। विक्रांत मेस्सी ने इंस्टाग्राम पर 27 फरवरी की रात को एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, आज 22 साल पहले गोधरा ट्रेन अग्निकांड में जान गंवाने वाले 59 निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि। द साबरमती रिपोर्ट पेश है 3 मई 2024 में सिनेमाघरों में। इस पोस्ट के बाद फैंस ने उनको नए प्रोजेक्ट को लेकर बधाई दी है। फिल्म की बात करें तो 'द साबरमती रिपोर्ट' 22 साल पहले 22 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में होगी, जोकि 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। शेयर किए गए वीडियो में विक्रांत मेस्सी को एक पत्रकार के किरदार में देखा जा सकता है, जो गोधरा घटना के बारे में रिपोर्ट करते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं क्लिप में वह दावा करते दिख रहे हैं कि यह दुर्घटना नहीं है।

### बड़े मियां छोटे मियां का गाना मस्त मलंग झूम रिलीज



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का नया गाना 'मस्त मलंग झूम' रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। फिल्म के टाइटल ट्रैक के बाद अब इसका दूसरा गाना मस्त मलंग झूम रिलीज हुआ है, जो एक पेपी सॉन्ग है। इस गाने में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। मस्त मलंग झूम को अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और निकिता गांधी ने गाया है। वहीं, गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं, जबकि विशाल मिश्रा ने मस्त मलंग झूम को कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। इसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ हैं। फिल्म ईद के मौके पर रिलीज की जाएगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

